
RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 3 अंक 339
फरीदाबाद, बुधवार, 20 जनवरी, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



सात उपाय जो दे सकते हैं एंग्जाइटी से राहत

पेज- 12

गुरुग्राम की तर्ज पर विकसित होगा फरीदाबाद

# आईएमटी समेत 1000 एकड़ एरिया को ग्रोथ देगा डब्ल्यूटीसी प्रोजेक्ट

सुधीर बैसला। नई दिल्ली

**गुरुग्राम** की तर्ज पर अब फरीदाबाद को भी विकास के पंख लगेंगे। जिस वर्ल्ड ट्रेड टॉवर को 11/9/2001 के विश्वस्तरीय आतंकी हमले (त्रासदी) के नाम से जाना जाता है, वहीं कंपनी हरियाणा में चंडीगढ़ और नोएडा (यूपी) में सफल होकर फरीदाबाद में एंट्री कर चुकी है।

वर्ल्ड ट्रेड सेंटर एसोसिएशन ने बल्लभगढ़ में 'ग्रोथ डिस्ट्रिक्स फरीदाबाद' के नाम से इंडस्ट्रियल मॉडल टाउन (आईएमटी) के पास 300 एकड़ की टाउनशिप विकसित करने का निर्णय लिया है। नतीजतन आईएमटी के आसपास करीब एक हजार एकड़ जमीन की कीमतों में जबर्दस्त उछाल आएगा। ये टाउनशिप मास्टर प्लान 2031 में प्रस्तावित सेक्टर-111 से 114 में विकसित होगी। डब्ल्यूटीसी ने यहां अभी 110 एकड़ जमीन खरीदी है, बाकि की खरीद फरोख्त जारी है। आगामी मास्टर प्लान के अनुसार डब्ल्यूटीसी के प्रोजेक्ट के बीचों-बीच मेट्रो कॉरीडोर नोएडा को कनेक्ट करेगा। दूसरी सबसे बड़ी खासियत यह है कि कुंडली-गाजियाबाद-पलवल एक्सप्रेस-वे (केजीपी) को 12 लेन में विकसित हो रहे फरीदाबाद बाईपास से 79 मीटर चौड़ी सड़क बनाकर जोड़ा जाएगा। यह सड़क भी डब्ल्यूटीसी के प्रोजेक्ट को टच कर रही है।

डब्ल्यूटीसी कंपनी के वाइस प्रेजीडेंट अजय शर्मा ने पायनियर को बताया कि डब्ल्यूटीसी खुद कहीं नहीं जाता, बल्कि उसे सरकार लेकर आती है। फरीदाबाद में डब्ल्यूटीसी के आने की वजह सरकार और कंपनी के साथ हुए कई तरह के विकास समझौते शामिल हैं। इसमें प्रमुख रूप से सड़क, सीवरेज, ड्रेनेज, लाइट, मेट्रो रेल कनेक्टिविटी और दूसरी मूलभूत सुविधाएं शामिल हैं, जिसे सरकार को वर्ष 2024 तक पूरा करना है। अहम बात यह है कि केजीपी को बाईपास से कनेक्ट किया जाएगा और बाईपास कैली गांव के पास पहले से एनएच-2 से कनेक्ट है। दूसरी बात ये कि आईएमटी में कंपनी का प्लान है कि वर्ल्ड ट्रेड टॉवर लाया जाए, जो डब्ल्यूटीसी नोएडा और चंडीगढ़, गुजरात जैसा होगा। कंपनी के चैनल पार्टनर विकेश भारतीय ने बताया कि सेक्टर-111 से 114 को छूते हुए मेट्रो कॉरीडोर निकलेगा, जो आईजीआई एयरपोर्ट को जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ कनेक्ट करेगा।



- केंद्र और राज्य सरकार के साथ करार के आधार पर रियल एस्टेट में एंट्री
- डब्ल्यूटीसी ने दूसरी रियल एस्टेट कंपनियों की चमक फीकी की

### इस तरह जानिए कैसी होगी कनेक्टिविटी

मास्टर प्लान 2031 में केजीपी रोड को गांव मौजपुर के पास एक रोड से जोड़ा गया है। यह रोड गांव अटाली, दयालपुर, दयालपुर खेड़ा, बुखारपुर, मच्छगर, सोतई, चंदावली और आईएमटी के सेक्टरों से होता हुआ आगरा नहर को क्रॉस कर सेक्टर 65 के पास सीधा बाईपास रोड से जुड़ेगा। बाईपास रोड यहां से मलेरना रेलवे ओवरब्रिज से होता हुआ सेक्टर-59 के पास नेशनल हाईवे से कनेक्ट हो रहा है। ऐसा होने से नेशनल हाईवे से केजीपी रोड की सीधी कनेक्टिविटी हो जाएगी। प्लान के मुताबिक, रोड की चौड़ाई 79 मीटर होगी और इसके दोनों तरफ 30 मीटर चौड़ी ग्रीन बेल्ट डेवलप की जाएगी। रोड की लंबाई लगभग 14 किमी होगी। यह रोड फरीदाबाद में सेक्टर 112-61, 141-62, 140-65, 111-66, 118-116, 119-115, 120-114 और सेक्टर 121-113 के बीच से होकर गुजरेगा। डब्ल्यूटीसी का प्रोजेक्ट 111-114 में विकसित हो रहा है।

### 116% की ग्रोथ का अंदाजा

डब्ल्यूटीसी के आने से सेक्टर-111 से 114 के आसपास की प्रॉपर्टी के दाम आसमान को छू जाएंगे। कंपनी यहां पर एश्योर्ड रिटर्न और बाय बैक पॉलिसी के साथ निवेशकों को रिझा रही है। निवेश के समय दिया जाने वाला मूलधन और एश्योर्ड रिटर्न के रूप में दिए जाने वाले ब्याज के पीडीसी चेक निवेश करते समय ही दिया जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि डब्ल्यूटीसी में निवेश करके कोई भी निवेशक करीब 116 प्रतिशत का ग्रोथ हासिल कर सकेगा। कंपनी की इस स्ट्रेटेजी के कारण दूसरी दिग्गज रियल एस्टेट कंपनियां, मसलन ओमेक्स, बीपीटीपी, गोदरेज की सांस फूली हुई है।

# कोर्ट ने आरोग्य सेतु एप की जानकारी मांगने वाली याचिका पर मांगा जवाब

एजेंसी। नई दिल्ली

**सूचना** का अधिकार अधिनियम के तहत आरोग्य सेतु मोबाइल एप की जानकारी मांगने वाली याचिका को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा उसके विभिन्न विभागों के सीपीआईओ से जवाब तलब किया है। अदालत ने माना कि आरोग्य सेतु एप का मुद्दा जन महत्व का है।

कोर्ट शिकायत सुने बगैर मंत्रालय के अधिकारियों के खिलाफ जारी कारण बताओ नोटिस का निपटारा करने के केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर भी सुनवाई कर रही थी। कोर्ट का स्पष्ट रूप से यह मानना है कि सीआईसी ने आरटीआई कार्यकर्ता का पक्ष सुने बगैर ही 24 नवंबर, 2020 का आदेश पारित किया है। कार्यकर्ता ने आरटीआई के जरिए विभिन्न एजेंसियों से आरोग्य सेतु एप का डेटा मांगा था, लेकिन उसे कोई उत्तर नहीं मिला। इस पर कार्यकर्ता ने इसे सीआईसी में चुनौती दी थी। सरकार ने कोविड-19 महामारी के मद्देनजर दो अप्रैल, 2020 को आरोग्य सेतु एप लांच किया था। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह ने मंत्रालय, मंत्रालय के केंद्रीय जन सूचना अधिकारियों, राष्ट्रीय ई-शासन संभाग, इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग, ई-सरकार और राष्ट्रीय सूचना केंद्र को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 24 फरवरी को होनी है।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 49,398 | ▲ 834 |
| निफ्टी | 14,521 | ▲ 239 |
| सोना | 48,480 | ▲ 198 /10 gm |
| चांदी | 65,340 | ▲ 1008 /kg |

आज का राशिफल 20 जनवरी

>> पढ़े पेज-10

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 20.08°C
न्यूनतम 09.02°C

## क्विक न्यूज

### सरकार ने व्हाट्सएप के सीईओ से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने व्हाट्सएप से कहा है कि वह अपनी गोपनीयता शर्तों में किए गए बदलावों को वापस ले, क्योंकि कोई भी एकतरफा बदलाव उचित और स्वीकार्य नहीं है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने व्हाट्सएप के सीईओ विल कैथार्ट को कड़े शब्दों में लिख गए पत्र में कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर व्हाट्सएप का सबसे बड़ा उपयोगकर्ता है और उसकी सेवाओं के लिए सबसे बड़ा बाजार है।

### आधी रात को सशस्त्र बदमाशों ने डाली डकैती

**सिरसा।** सिरसा में सोमवार रात के बाद डकैतों ने एक घर को निशाना बना डाला। बताया जाता है कि यहां घर में घुसे 8 बदमाशों ने एक युवक और परिवार की तीन औरतों को डंडों से पीट-पीटकर घायल कर दिया। इस वारदात में बदमाश घर से लाखों रुपये की नकदी और ज्वैलरी लूट ली गई। इसके बाद भागते वक्त गोली भी चलाई, एक गोली पड़ोसी युवक के पैर में लगी है। सूचना के बाद पुलिस ने मामले की पड़ताल और इसे अंजाम देने वालों की तलाश शुरू कर दी है। यह घटना जिले के कस्बा कालांवाली के वार्ड-3 निवासी प्रवीण पत्नी महावीर के यहां हुई। उसने बताया कि रात करीब डेढ़ बजे वह, उसका पति, ससुर रामकिशन, सास पालो देवी, ननदें कांता और किरण अपने-अपने कमरों में सो रहे थे, तभी बदमाशों ने हमला कर दिया।

कांग्रेस ने जारी की बुकलेट 'खेती का खून', कॉन्फ्रेंस में राहुल बोले

# मैं मोदी से नहीं डरता, गुलाम बनने पर मानोगे मेरी बात

एजेंसी। नई दिल्ली

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने तीन केंद्रीय कृषि कानूनों को लेकर मंगलवार को एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और दावा किया कि कृषि क्षेत्र पर तीन-चार पूंजीपतियों का एकाधिकार हो जाएगा, जिसकी कीमत मध्यम वर्ग और युवाओं को चुकानी होगी। मैं युवाओं से कहना चाहता हूं कि आपकी आजादी छीनी जा रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि मुट्ठीभर लोगों का देश की अर्थव्यवस्था पर कब्जा हो रहा है। ये सभी लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दोस्त हैं।

वायनाड से सांसद ने कहा कि नए कृषि कानूनों को इस तरह से बनाया गया है कि ये देश के कृषि क्षेत्र को बर्बाद कर देंगे। उन्होंने युवाओं से किसानों का समर्थन करने की अपील की। राहुल गांधी ने कहा, आज देश के सामने एक त्रासदी आ गई है, सरकार देश की समस्या नजरअंदाज करना चाहती है और गलत सूचना दे रही है। मैं अकेले किसानों के बारे में बोलने वाला नहीं हूं। किसानों का संकट इस त्रासदी का एक हिस्सा मात्र है। यह युवाओं के लिए महत्वपूर्ण है। यह वर्तमान के बारे में नहीं बल्कि आपके भविष्य के बारे में है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की कोशिशों के बावजूद किसान थकने वाले नहीं हैं क्योंकि वे प्रधानमंत्री से ज्यादा समझदार हैं।



### चुनिंदा लोगों को पहुंचाया जा रहा है फायदा

राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की शुरुआत में कृषि कानूनों पर 'खेती का खून तीन काले कानून' नाम से बुकलेट जारी की। खेती में एकाधिकार का सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि आज तक कृषि क्षेत्र का फायदा किसानों और मजदूरों को मिलता था। एक ढांचा था जिसमें मंडिया, आवश्यक वस्तु अधिनियम व अन्य कानून शामिल थे। नए कृषि कानून से तीन-चार लोगों के हाथों में देश की पूरी खेती का ढांचा चला जाएगा। देश को सिर्फ कुछ लोग चला रहे हैं। चुनिंदा लोगों को फायदा पहुंचाया जा रहा है।

कांग्रेस नेता ने दावा किया, हवाई अड्डों, बुनियादी ढांचे, दूरसंचार, रिटेल और दूसरे क्षेत्र में हम देख रहे हैं कि बड़े पैमाने पर एकाधिकार स्थापित हो गया है। तीन-चार पूंजीपतियों का एकाधिकार है। ये तीन-चार लोग ही प्रधानमंत्री के करीबी हैं और उनकी मदद करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कृषि क्षेत्र अब तक एकाधिकार से अछूता था, लेकिन अब इसे भी निशाना बनाया जा रहा है। ये तीनों कानूनों इसीलिए लाए गए हैं।

### 'खेती का खून' वाले बयान पर जावड़ेकर का पलटवार

किसान आंदोलन को लेकर अब सियासी वार-पलटवार तेज हो गए हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को 'खेती का खून' शीर्षक से बुकलेट जारी कर केंद्र सरकार को घेरा। इस पर केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने पलटवार करते हुए कहा, 'आप खेती के खून' की बात कर रहे हो, लेकिन 1984 के सिख नरसंहार का क्या? जावड़ेकर ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी से यह भी पूछा, 1984 में दिल्ली में 3000 सिख जिंदा जलाए गए थे, क्या वह जनसंहार नहीं था? कांग्रेस राज में लाखों किसानों ने खुदकुशी की, क्या तब उनके शरीर में खून नहीं था?



### आंदोलन की आड़ में राजनीति कर रहे चढ़ूनी: संजय शर्मा

**चंडीगढ़।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता और पंचकूला के प्रभारी डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि देश में चल रहे किसान आंदोलन की आड़ में गुरनाम सिंह चढ़ूनी कांग्रेस के साथ मिलकर अपनी राजनीति चमकाने में लगे हैं। चढ़ूनी किसान आंदोलन के सहारे सांसद या विधायक बनने के सपने देख रहे है। मंगलवार को भाजपा ने प्रदेश प्रवक्ता और पंचकूला के प्रभारी संजय के नेतृत्व में चंडीगढ़ में विधानसभा-हाईकोर्ट चौक पर गुरनाम सिंह चढ़ूनी और कांग्रेस का पुतला फूककर विरोध प्रदर्शन किया।

### भाजपा प्रभारी हरियाणा प्रवास पर तय करेंगे संगठन की रणनीति

**चंडीगढ़।** एक ओर जहां हरियाणा में किसान आंदोलन पूरे चरम पर है और प्रदेश के मंत्रियों को किसानों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर भाजपा प्रभारी विनोद तावड़े संगठन के विस्तार एवं नेताओं को फील्ड में उतारने के लिए तीन दिवसीय दौरे पर मंगलवार को चंडीगढ़ पहुंचे। भाजपा कार्यालय की ओर से तावड़े के कार्यक्रम की अधिकारिक जानकारी तो अभी जारी नहीं की गई है अलबत्ता मंगलवार को चंडीगढ़ पहुंचने के बाद उन्होंने सबसे पहले भाजपा अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ के साथ बैठक की।

### आबकारी एवं कराधान विभाग को बनाया जाएगा आधुनिक: दुष्यंत

**चंडीगढ़।** उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि प्रदेश के आबकारी एवं कराधान विभाग को नए वित्त वर्ष से पहले एडवांस तकनीक से सुसज्जित किया जाएगा, ताकि हरियाणा का यह मॉड्यूल देशभर में अव्वल व अनुकरणीय बन सके। इसके अलावा, उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। वे मंगलवार को पंचकूला में हरियाणा के आबकारी एवं कराधान विभाग द्वारा 'जीएसटी के रजिस्ट्रेशन, रिफंड तथा इंवेस्टिगेशन' के मुद्दों पर आयोजित सेमीनार में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

गुजरात के कोसांबा में बड़ा हादसा

# डंपर ने फुटपाथ पर सो रहे 20 लोगों को रौंदा, 15 की मौत

एजेंसी। सूरत

**गुजरात** में सोमवार-मंगलवार की मध्यरात्रि को बड़ा हादसा हुआ। सूरत से 60 किमी दूर कोसांबा इलाके में डंपर ने 20 लोगों को कुचल दिया। इनमें से 15 की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सभी मजदूर थे और राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के रहने वाले थे। हादसा बीती रात किम-मांडवी रोड पर पालोडगाम के पास हुआ। फुटपाथ पर सो रहे लोगों पर डंपर चढ़ गया। 12 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 8 को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। सूरत के सरकारी अस्पताल में इलाज के दौरान 3 और घायलों ने दम तोड़ दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मृतकों के परिवारों को 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50 हजार की मदद का ऐलान किया है।

हादसे में बांसवाड़ा के भगतपुरा गांव के 5 लोगों की मौत हो गई। ये सभी एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। वहीं, गराडखोर गांव के एक परिवार के 3 लोगों की मौत हो गई। बाकी मृतकों में डोलपुरा, माल और भीमपुरा गांव के लोग शामिल हैं। हादसे में मारे गए 15 लोगों में 10 की पहचान हो गई है। इनके नाम सफेसा फ्यूसय, शोभना, राकेश, दिलीप ठाकरा, नरेश बालू, विकेश महिदा, मुकेश महिदा, लीला मुकेश, मनीषा और चढ़ा बाल थे। हादसे में 2 साल की बच्ची और एक साल के बच्चे की भी मौत हो गई। वहीं 6 महीने की एक बच्ची की जान बच गई। वह मां-पिता के साथ सो रही थी। हादसे के बाद लाशों के ढेर के बीच बच्ची के रोने की आवाज सुनकर पुलिस ने उसे रेस्क्यू किया और तुरंत अस्पताल पहुंचाया। बच्ची के मां-पिता की मौत हो गई।

मृतकों में शामिल राकेश रूपचंद हादसे वाली जगह से थोड़ी दूरी पर एक दुकान में काम करते थे। वे हर दिन दुकान के पास एक केबिन में सोते थे, लेकिन सोमवार को केबिन में सोने के बजाय मजदूरों के साथ फुटपाथ पर ही सो गए और डंपर की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। डंपर की टक्कर से 4-5 दुकानों के शेड भी टूट गए। पुलिस ने बताया कि डंपर गन्ना लदे ट्रैक्टर से टकरा गया। इसके बाद डंपर के ड्राइवर ने कंट्रोल खो दिया और डंपर फुटपाथ पर चढ़ गया। पुलिस ने डंपर के ड्राइवर और क्लीनर को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना के वक्त मौके पर मौजूद एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया, मैं हादसे वाली जगह से थोड़ी दूर स्थित फुटपाथ पर सो रहा था। डंपर ने एक गुमटी को टक्कर मारी। तेज आवाज से मेरी नींद खुल गई। मैंने देखा एक डंपर थोड़ी दूर पर ही सो रहे लोगों पर चढ़ गया। इनमें कई लोगों की मौत हो चुकी थी। जो घायल थे उनके शरीर से खून बह रहा था। चारों तरफ चीख-पुकार मची थी। पुलिस घायलों को अस्पताल ले आई। अस्पताल में भर्ती 6 लोगों की हालत गंभीर है।



राजस्थान के निवासी थे दर्दनाक हादसे में मरने वाले सभी

### पत्रकार को संवेदनशील जानकारी देना आपराधिक कृत्य

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रिपब्लिक टीवी के प्रधान संपादक अर्नब गोस्वामी के कथित व्हाट्सएप चैट को लेकर मंगलवार को कहा कि किसी पत्रकार को देश की सुरक्षा से जुड़ी संवेदनशील जानकारी प्रदान करना एक आपराधिक कृत्य है और इस मामले की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा, एक पत्रकार को रक्षा की संवेदनशील जानकारी बालाकोट (एयर स्ट्राइक) से पहले दी जा रही है, जो गलत है।

## ट्रैफिक नियम बार-बार तोड़े तो ज्यादा प्रीमियम देना होगा

**नई दिल्ली।** अगर आप बार-बार ट्रैफिक नियम तोड़ते हैं, तो अब यह आपकी जेब पर भारी पड़ सकता है। ऐसा करने पर ज्यादा मोटर इंश्योरेंस प्रीमियम देना पड़ सकता है।

दरअसल, इरडा की ओर से गठित एक वर्किंग कमेटी ने यातायात उल्लंघन प्रीमियम लगाने की सिफारिश की है। अभी मोटर इंश्योरेंस के प्रीमियम में ओन डैमेज इंश्योरेंस, थर्ड पार्टी इंश्योरेंस, एडिशनल थर्ड पार्टी इंश्योरेंस और कंपलसरी पर्सनल एक्सीडेंट प्रीमियम को शामिल किया जाता है। वर्किंग कमेटी ने अब मोटर इंश्योरेंस में यातायात उल्लंघन प्रीमियम शामिल करने के लिए पांचवां सेक्शन जोड़ने की सिफारिश की है। वर्किंग कमेटी की सिफारिशों के मुताबिक, शराब पीकर गाड़ी चलाने से लेकर गलत जगह पर पार्किंग करने जैसे अलग-अलग उल्लंघन के आधार पर यातायात उल्लंघन प्रीमियम तय किया जाएगा।



विस्तृत खबरें पेज-11

**भारत ने रचा इतिहास, गाबा पर खत्म की आस्ट्रेलियाई बादशाहत: ब्रिसबेन।** अपने दो युवा बल्लेबाजों शुभमन गिल और ऋषभ पंत की आकर्षक अर्धशतकीय पारियों के दम पर भारत ने चौथे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में तीन विकेट से ऐतिहासिक जीत दर्ज करके श्रृंखला अपने नाम करने के साथ आस्ट्रेलिया की गाबा में 32 वर्षों से चली आ रही बादशाहत भी खत्म कर दी। भारत ने एडीलेड में पहला टेस्ट मैच गंवाने के बाद शानदार वापसी की और आस्ट्रेलिया को उसकी सरजमीं पर लगातार दूसरी बार श्रृंखला में 2-1 से हराकर बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी अपने पास बरकरार रखी।

फैडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल वैलफेयर एसोसिएशन की मांग

# 2003 से पहले चल रहे स्कूलों की सूची जारी करे सरकार

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**फैडरेशन** ऑफ प्राइवेट स्कूल वैलफेयर एसोसिएशन ने हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश में डेढ़ दशक से चल रहे स्कूलों की सूची जारी नहीं किए जाने पर आपत्ति जताते हुए कहा है कि इस मामले में हजारों विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री को हस्तक्षेप करना चाहिए और सरकार को बिना किसी देरी के 2003 से पहले चल रहे स्कूलों की सूची जारी करनी चाहिए।

फैडरेशन के प्रधान कुलभूषण शर्मा ने मंगलवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि हरियाणा में 2003 से पहले चल रहे स्कूलों की मान्यता व सबद्धता को लेकर सरकार के पास केस विचाराधीन है। इसे पिछले करीब दो साल से लटकाया जा रहा है।

फैडरेशन के प्रधान ने कहा कि हजारों विद्यार्थियों का भविष्य इससे जुड़ा हुआ है। इसलिए इस सूची को बिना किसी देरी के जारी किया जाए। फैडरेशन अध्यक्ष, प्रवक्ता निशा शर्मा और पिंकी शर्मा ने कहा कि प्रदेश में इस समय छह सौ से अधिक ऐसे स्कूल हैं, जिन्हें एग्जिस्टिंग स्कूलों की श्रेणी में शामिल नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि अफसरशाही इन स्कूलों की फाइलों को लटका रही है।



### मिडिल स्कूलों को भी तुरंत खोला जाए

फैडरेशन नेताओं ने प्रदेश में चल रहे मिडिल स्कूलों को तुरंत खोलने की मांग करते हुए कहा कि हरियाणा में पिछले साल मार्च माह से प्राइमरी व मिडिल स्कूल बंद पड़े हुए हैं। जिससे इनमें पढ़ने वाले 14 वर्ष तक के विद्यार्थियों के शिक्षा के अधिकार का हनन हो रहा है। उन्होंने कहा कि बजट स्कूलों के विद्यार्थी ऐसे हैं जिनके पास लैपटॉप व स्मार्ट फोन आदि नहीं है। स्कूल बंद होने के कारण उनका सर्वाधिक नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने बिना किसी देरी के प्राइमरी व मिडल स्कूल नहीं खोले तो प्रदेश के तीस फीसदी स्कूल बंद हो जाएंगे और उनमें नौकरी करने वाले शिक्षक बेरोजगार हो जाएंगे। इस मामले में मुख्यमंत्री मनोहर लाल को तुरंत हस्तक्षेप करके अधिकारियों को निर्देश जारी करने चाहिए।

Good Morning!
# फरीदाबाद पायनियर
हरियाणा, बुधवार, 20 जनवरी 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

-राइट विजन-

## किसी भ्रम में पड़कर न बरतें कोरोना से बचाव के नियमों के प्रति लापरवाही : सैनी

*मरीजों की संख्या कम होने और वैक्सीन आने की सूचना से अनेक लोगों ने सरकार द्वारा जारी कोविड-19 गाइडलाइंस के प्रति लापरवाही बरतनी शुरू कर दी है। जोकि काफी खतरनाक साबित हो सकती है। क्योंकि वैक्सीन को आम लोगों तक पहुंचने में काफी समय लगेगा। वहीं दूसरी तरफ कोरोना का नया स्ट्रेन भी आ चुका है। नियमों के प्रति लापरवाही बरतकर हम अपने साथ दूसरों की जान को भी खतरे में डाल सकते हैं। यह कहना है खेल विभाग के सेवानिवृत्त डिप्टी डायरेक्टर एवं जिमनास्टिक कोच अशोक सैनी का। श्री सैनी के अनेक शिष्य देश का नाम रोशन कर चुके हैं।* ***पेश है पायनियर के वरिष्ठ संवाददाता राजेश दास और अशोक सैनी की बातचीत के अंश :-***

● **सवाल : जिमनास्टिक के प्रति आपकी रुचि कैसे बनी।**

**जवाब :** रोहतक में जिमास्टिक कोच सरवीर सिंह के पास मेरे कई दोस्त सीखने जाते थे। जिन्हें देखकर मैं भी जाने लगा। कुछ समय बाद मुझे पुरस्कार मिलने लगे तो परिवार को काफी खुशी मिली। मेरे बड़े भाई ओमप्रकाश ने मुझे जिमानास्टिक में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

● **सवाल : उस दौरान आपने कौन-कौन से मुकाम हासिल किए।**

**जवाब :** मैंने हरियाणा में एक साथ आठ गोल्ड मेडल हासिल किए थे। नेशनल में प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया था। ऑल इंडिया यूनिर्वसिटी स्तर पर मैंने गोल्ड मेडल हासिल किए थे। एशियन गेम्स के कैंप में चोट लगने की वजह से नहीं जा पाया था। जिसके बाद मैं जिमनास्टिक कोच का डिप्लोमा करने चला गया।

● **सवाल : आपने करियर की शुरुआत कैसे की।**

**जवाब :** वर्ष 1983 में मैंने हरियाणा खेल विभाग, जींद में जूनियर कोच के पद पर ज्वॉइन किया था। वर्ष 1984 में मेरा तबादला भिवानी में हो गया। वर्ष 1994 में फरीदाबाद आ गया। वर्ष 2014 में मुझे जिला खेल अधिकारी पलवल में तैनात किया गया। इस दौरान मैं मेवात और गुरुग्राम का भी खेल अधिकारी रहा। वर्ष 2017 में मुझे उप निदेशक खेल पदोन्नत कर खेल मुख्यालय चंडीगढ़ भेज दिया गया। उसी साल में 30 सितंबर को सेवानिवृत्त हो गया।

● **सवाल : आपके शिष्य किस मुकाम पर पहुंच चुके हैं।**

**जवाब :** कपिल शर्मा, जगदीश शर्मा, परमा शर्मा, जिले सिंह, राहुल सूर्यवंशी, जिलेसिंह समेत दर्जनों खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन कर चुके हैं। इनमें से कुछ कोच के रूप में तो कुछ सेना में सेवाएं दे रहे हैं। वहीं करीब दर्जनभर खिलाड़ी बॉलीवुड में स्टंट ट्रेनर कर काम कर रहे हैं। जिले सिंह टाइगर श्राफ को ट्रेनिंग दे चुके हैं।

● **सवाल : क्या आपकी मदद से कोई जरूरतमंद खिलाड़ी मुकाम हासिल कर पाया है।**

**जवाब :** वैसे तो अनेक खिलाड़ी हैं, लेकिन फरीदाबाद के एसी नगर का निवासी कृष्ण पटेल से मेरा काफी लगाव रहा है। कृष्ण के पिता मजदूर थे। मैं कृष्ण की स्कूल और कॉलेज की फीस भरने के साथ उसे जिमनास्टिक का प्रशिक्षण भी देता था। वर्तमान में कृष्ण पटेल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिमनास्टिक एवं डांस ट्रेनर का काम कर रहा है।

● **सवाल : आप युवाओं को क्या संदेश देना चाहते हैं।**

**जवाब :** जिमास्टिक मदर गेम है। कम उम्र में जिमनास्टिक जरूर करनी चाहिए। इसके बाद अन्य खेलों की ओर रुख करना चाहिए। वर्तमान में जिमनास्टिक में रोजगार की ढेरों सम्भावनाएं भी हैं।

● **सवाल : आपके कार्यकाल में जिमनास्टिक में जिले की क्या स्थिति थी।**

**जवाब :** मेरे आने से पहले यहां जिमनास्टिक नहीं थी। मैंने कड़ी मशक्कत के बाद करीब 100 से ज्यादा खिलाड़ी तैयार किए थे। जो प्रदेश, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर चुके हैं।

● **सवाल : वर्तमान स्थिति में हम कोरोना से कैसे जीत सकते हैं।**

**जवाब :** हमें मास्क सोशल, डिस्टेंसिंग और स्वच्छता का नियमित रूप से पालन करना होगा।



### जीवन परिचय

| | |
|---|---|
| **नाम** | : अशोक सैनी |
| **जन्मदिन** | : 13 सितंबर 1959 |
| **पिता** | : बनवारी लाल |
| **माता** | : विशन देवी |
| **पत्नी** | : इंदू सैनी |
| **परिवार** | : बेटे साहिल व ईवान |
| **स्कूल** | : 10वीं - जय हाई स्कूल, रोहतक |
| **उच्चशिक्षा** | : बीए, डिप्लोमा इन फिजिकल एजुकेशन, डिप्लोमा इन जिमनास्टिक कोच |
| **रूचि** | : समाजसेवा |

### शहर का तापमान

- अधिकतम 27.05 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 07.02 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज

- पुलिस द्वारा नेत्र जांच शिविर का आयोजन: सुबह 10 बजे
- गुरुगोबिंद सिंह जयंती को लेकर गुरुद्वारों में प्रभात फेरी: सुबह 5 बजे
- रविन्द्र फागना अकादमी में क्रिकेट मैच आयोजित: सुबह 9 बजे
- सेक्टर-12 में किसाना आंदोलन को लेकर धरना: सुबह 10 बजे
- सेक्टर-12 में पीटीआई टीचरों का धरन: सुबह 11 बजे

### निवेश गुरु

**वैश्विक** स्तर पर देखें तो कई तरह के इनोवेशन हो रहे हैं या नई तकनीक आ रही है जो कि हमारे दैनिक जीवन पर असर डालती हैं। इन सबका निवेश के लिहाज से भी महत्व होता है। अभी की बात करें तो भारतीय शेयर बाजार में बहुत कम इनोवेटर लिस्टेड हैं। भारत भले ही 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हो, लेकिन यहां का मार्केट कैप करीब 2.1 लाख करोड़ डॉलर ही है। जबकि बाकी दुनिया का मार्केट कैप 90 लाख करोड़ डॉलर के करीब है। ऐसे में अगर आप भारत से बाहर ग्लोबल बाजारों में निवेश नहीं करते हैं तो इसका मतलब यह है कि आप उस अवसर को नजरअंदाज कर रहे हैं जो करीब 43 गुना ज्यादा है।

### यूटीलिटी न्यूज

#### नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आज

**फरीदाबाद।** पुलिस, सेंटर फॉर साइट आई हॉस्पिटल की सहायता से निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें हरियाणा पुलिस के कर्मचारियों के साथ-साथ आमजन भी अपने आंखों की जांच करवा सकेंगे। इस आयोजन में मुख्य अतिथि पुलिस उपायुक्त मुख्यालय डॉ अर्पित जैन व स्ढ्ढ डॉक्टर श्रवण कुमार मौजूद होंगे। यह शिविर 20 जनवरी 2021 को सुबह 10 बजे से दोपहर 1.30 तक फरीदाबाद पुलिस लाइन में आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में आंखों की निशुल्क जांच की जाएगी और आंखों की बीमारियों से बचाव के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा। पुलिस उपायुक्त डॉ अर्पित जैन ने कहा कि प्रदूषण आंखों की बीमारियों का मुख्य कारण है जिससे आंखों में कई तरह की बीमारियां पैदा हो जाती हैं। इसलिए हरियाणा पुलिस के कर्मचारी व आमजन इसमें बढ़-चढ़कर भाग ले ताकि आपकी आंखों को बीमारियों से बचाया जा सके।

### क्विक न्यूज

#### छवि शर्मा रही बेस्ट आंगनबाड़ी वर्कर

**फरीदाबाद।** बेस्ट आंगनबाड़ी वर्कर प्रतियोगिता का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से कराया गया। फरीदाबाद शहरी महिला एवं बाल विकास अधिकारी मीरा बिब्बन की देखरेख में ब्लॉक स्तर पर प्रतियोगिता हुई, जिसमें आंगनबाड़ी वर्कर छवि शर्मा पहले स्थान पर रही। गुड्डी दूसरे और पूनम तीसरे स्थान पर रही। 15 जनवरी को जिला स्तर प्रतियोगिता सुपरवाइजर सुनीता दहिया की देखरेख में हुई। इसमें बसेलवा सर्कल की छवि शर्मा दूसरे स्थान पर रही। छवि शर्मा विभागीय कार्यों को मेहनत व लगन से समय पर पूरा करके देती हैं। उनका एक ही ध्येय होता है कि जो भी विभाग की ओर से जिम्मेदारी सौंपी जाए।

## कंगाल नगर निगम : अधिकारियों की पदोन्नति और नियुक्ति पर विवाद

### प्रमोशन घोटाले के मामले की एक मार्च को लोक आयुक्त में होगी सुनवाई

**राजेश दास।** फरीदाबाद




**एक** तरफ फरीदाबाद नगर निगम में एक के बाद एक करोड़ों रुपये के घोटाले उजागर हो रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ स्थानीय निकाय विभाग द्वारा यहां तैनात अधिकारियों को कायदे कानून ताक पर रख कर प्रमोशन पर प्रमोशन दी जा रही है। निगम के कई अधिकारियों ने सरकार की अनुमति के बिना डिस्टेंस से डिग्री हासिल की है। डिस्टेंस की डिग्री को सुप्रीम कोर्ट पहले ही अमान्य घोषित कर चुका है। जिसके बाद यह अधिकारी एएमआईसीई लुधियाना की सदस्यता लेकर उसे डिग्री बताकर प्रमोशन ले रहे हैं। पिछले दिनों सरकार ने नगर निगम को पत्र भेज कर इन अधिकारियों का रिकॉर्ड मांगा था। जिसमें इन्हें दी गई प्रमोशन के आधार का ब्योरा मांगा गया था, लेकिन करीब पांच महीने का समय गुजर जाने के बाद निगम अधिकारियों ने रिकॉर्ड भेजने की जरूरत महसूस नहीं की। अधिकारियों के प्रमोशन की जांच लोकायुक्त में और घोटालों की जांच निगम और विजिलेंस में लंबित है। दूसरी तरफ कुछ अधिकारी प्रमोशन पर प्रमोशन ले रहे हैं। वहीं कई अधिकारी सेवानिवृत्त भी हो चुके हैं। एक तरफ निगम कंगाली का रोना रोता है, वहीं दूसरी तरफ नियमित जेई तैनात करने के बावजूद अनुबंध के जेई आज भी निगम में कार्यरत हैं।

#### सरकार के आदेश ताक पर

प्रदेश सरकार के शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अतिरिक्त सचिव एसएन रॉय ने प्रमोशन ले चुके ऐसे निगम अधिकारियों का ब्योरा मांगा है, जिन्होंने डीम्ड यूनिवर्सिटी से डिग्री हासिल की है। विभाग ने निगम से डीम्ड यूनिवर्सिटी से डिग्री हासिल करने वाले अधिकारियों के नाम, जिस यूनिवर्सिटी डिग्री ली है, उसका नाम, यूनिवर्सिटी में एनरोलमेंट कराने की तारीख, एनरोलमेंट से पहले अनुमति देने वाले ऑथोरिटी का नाम और फाइनल परीक्षा पास करने की तारीख के बारे में पूछा है। शहरी स्थानीय निकाय द्वारा भेजा गया यह पत्र नगर निगम अधिकारियों को 28 अगस्त को मिल चुका है। विभाग ने निगम अधिकारियों को यह पूरा ब्योरा तीन सितंबर तक भेजने के आदेश दिए थे।

सूत्रों का दावा है कि निगम अधिकारियों ने सरकार के आदेशों की परवाह न करते हुए अभी तक रिकॉर्ड भेजने की कोई जरूरत महसूस नहीं की। यदि निगम ने प्रमोशन लेने वाले अधिकारियों का ब्योरा सरकार के पास भेज दिया तो अब प्रमोशन में हुए भ्रष्टाचार का राज पूरी तरह खुल जाएगा। इसी तरह निगम ने इससे संबंधित एक आरटीआई का जवाब देने से भी इनकार कर दिया है।

#### प्रमोशन पर सवालिया निशान

**नगर निगम** अधिकारियों के प्रमोशन और सरकार की कार्यशैली पर कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। वर्षों से कायदे कानून को ताक पर रखकर निगम अधिकारियों को चंडीगढ़ में बैठे अधिकारियों द्वारा लगातार प्रमोशन पर प्रमोशन दी जा रही है। नियमों के विरुद्ध प्रमोशन लेने वाले कई अधिकारी तो सेवानिवृत्त भी हो चुके हैं। जबकि अनेक अधिकारी प्रमोशन लेकर उच्च पदों पर विराजमान हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि सरकार के पास इन अधिकारियों का रिकॉर्ड ही मौजूद नहीं था, तो सरकार ने किस आधार पर इन्हें प्रमोशन दिया। जबकि निगम के करीब 70 प्रतिशत अधिकारियों का प्रमोशन पहले ही हो चुकी है। प्रमोशन हासिल करने वाले ज्यादातर निगम अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लग चुके हैं। कई मामलों में तो जांच तक लंबित पड़ी हुई है। जबकि नियमों के मुताबिक भ्रष्टाचार का आरोप लगने के बाद जांच में क्लीन चिट मिलने से पहले अधिकारी को प्रमोशन नहीं दी जा सकती है, लेकिन चंडीगढ़ में बैठे आला अधिकारी निगम अधिकारियों को प्रमोशन पर प्रमोशन देकर भ्रष्टाचार को लगातार बढ़ावा दे रहे हैं।

#### जांच में होगा साफ



**आरटीआई** कार्यकर्ता विष्णु गोयल ने बताया कि नगर निगम के भ्रष्ट अधिकारियों को नियमों के विरुद्ध प्रमोशन पर प्रमोशन देने की शिकायत उन्होंने सीएम विंडो और अन्य कई विभागों से की थी, लेकिन पिछले दिनों लंबे समय के बाद लोक आयुक्त ने शिकायत पर संज्ञान लेते हुए निगम से जवाब मांगा था। मामले की एक मार्च को लोकायुक्त में सुनवाई होनी है। यदि निष्पक्ष जांच हुई तो प्रमोशन घोटाला भी उजागर हो सकता है।

#### जांच लोक आयुक्त में लंबित

**नगर** निगम के अधिकारियों को लगातार नियमों को ताक पर रखकर प्रमोशन दी जा रही है। पिछले दिनों एक अधिकारी का मामला उजागर होने पर उसे एक्सईएन से रिवर्ट कर वापस एसडीओ बना दिया था, लेकिन कुछ समय बाद आला अधिकारियों ने फिर नाटकीय तरीके से उस अधिकारी को प्रमोट कर एसडीओ से एक्सईएन बना दिया। यदि प्रमोशन सही हुई थी तो उसे रिवर्ट क्यों किया गया और यदि रिवर्ट ठीक किया था तो उसे फिर एक्सईएन क्यों बनाया गया। नगर निगम में प्रमोशन पर लगातार हो रहे घोटालों को ध्यान में रखते हुए आरटीआई कार्यकर्ता विष्णु गोयल ने लोकायुक्त केस नंबर 527/2019 के तहत शिकायत दर्ज कराई थी। लोकायुक्त द्वारा इस मामले की जांच की जा रही है। लोकायुक्त में मामले की सुनवाई एक मार्च 2021 को होनी है। निगम अधिकारियों को गलत तरीके से प्रमोशन दिए जाने की वजह से लगातार घोटाले सामने आ रहे हैं। हाल ही में उजागर हुए 200 करोड़ के घोटाले ने शहर के लोगों को सोचने के लिए मजबूर कर दिया। इसके अलावा भी अन्य कई बड़े घोटालों की जांच अभी लंबित पड़ी हुई है।



## युवा सप्ताह में दी बच्चों को चित्रकला प्रतिभा निखार के लिए सामग्री



**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय युवा सप्ताह के दौरान शहर की समाजसेवी संस्थाएं जिसमें जज्बा फाउंडेशन, संभारये फाउंडेशन और सोनू नव चेतना फाउंडेशन के सहयोग से शहर के अलग-अलग स्थानों पर स्थित बाल अनाथ आश्रम में बच्चों की चित्र प्रतिभा निखार की दिशा में लगभग 150 बच्चों को पेंसिल, रबर, शॉपरं, 2 तरह के कलर, ड्रॉइंग शीट अदि दी गई।

जज्बा फाउंडेशन अध्यक्ष हिमांशु भट्ट ने बताया प्रदेश में लगभग पूरे सप्ताह से युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद के जन्मोत्सव के अवसर अलग-अलग दिन भिन्न-भिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है और आखिरी दिन हमने तिकोना पार्क स्थित बाल आश्रम व सेक्टर 15 स्थित कन्या गीता आश्रम में बच्चों को उनकी चित्र प्रतिभा निखार को ये जरूरी संसाधन देने का कार्य किया है। हिमांशु ने बताया कि युवा प्रगतिशील, प्रतिभावान और रचनात्मक कार्यों के धनी होते हैं। संभारये फाउंडेशन के अध्यक्ष अभिषेक देशवाल ने बताया कि इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को ये बताना है कि जिस तरह से स्वामी विवेकानंद ने अपने जीवन में सफलता हासिल की।

## एथलेटिक्स खिलाड़ियों ने प्रदेश में किया जिले का नाम रोशन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**राज्य** एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 17 जनवरी तक करनाल के कर्ण स्टेडियम में किया गया। जिला एथलेटिक संघ फरीदाबाद के कार्यकारी अध्यक्ष और मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि तीन स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य पदक सहित कुल 12 पदक जीतकर एथलीट खिलाड़ियों ने फरीदाबाद जिले का नाम रोशन किया।

प्रतियोगिता के आखिरी दिन गौरव अत्री ने 1500 मीटर दौड़ में 4 मिनट 2 सेकेंड का समय देकर स्वर्ण पदक जीता। सौरव दहनिया ने 16 साल आयु वर्ग में 100 मीटर दौड़ में 11 सेकेंड 99 माइक्रोन का समय देकर रजत पदक अपने नाम किया। दीपक खुटैला ने ट्रिपल जंप में 13 मीटर 70 सैंटीमीटर की कूद लगाकर रजत पदक जीता। प्रिंस नागर ने 10000 मीटर दौड़ में 31 मिनट 5 सेकेंड का समय देकर स्वर्ण पदक जीता। जिले के सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान, संयुक्त सचिव कुलदीप अहलावत, मुख्य चयनकर्ता यशपाल चोपड़ा, आयु जांच अधिकारी राजीव खत्री ने और प्रतियोगिता निदेशक जितेंद्र बांगर आने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करने का आशीर्वाद दिया।

सत्यवीर धनखड़ के द्वारा संघ जिला कार्यालय मच्छगर में पदक विजेता खिलाड़ियों के लिए मान सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फील्ड आर्चरी संघ हरियाणा के अध्यक्ष जगदेव अत्री मोहना रहे। सभी खिलाड़ियों, जिला टीम कोच साजिद हुसैन और टीम मैनेजर धनराज मास्टर को किट बैग प्रदान किए गए और सभी को चाय पार्टी दी गई। जिला संघ सचिव एडवोकेट ओमवीर सिंह ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को भविष्य में आने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करने का आशीर्वाद प्रदान किया।

## संक्षिप्त समाचार

### किसानों के समर्थन में 21 को होगी ऐतिहासिक रैली



**फरीदाबाद।** महिला नेत्री जगजीत कौर पन्नू के नेतृत्व में एनआईटी 86 विधानसभा क्षेत्र के निवासी लगातार आंदोलन कर रहे किसानों के समर्थन आगे आ रहे हैं। इस दौरान कई रैली आयोजित की जा चुकी हैं। वहीं यह लोग लगातार पलवल में धरना देकर बैठे किसानों का हौसला बढ़ रहे हैं। 21 जनवरी को सैकड़ों लोग जगजीत कौर पन्नू के नेतृत्व में जवाहर कॉलोनी से पलवल के लिए रवाना होंगे। महिला नेत्री जगजीत कौर पन्नू ने कहा कि देश के अन्नदाता किसान केंद्र सरकार के तीन कृषि कानून को रद्द करने की मांग को लेकर कड़ाके सर्दी में लगातार धरना देकर बैठे हुए हैं, लेकिन सरकार उनकी सुनने के लिए तैयार नहीं है। ऐसे में अब लोग किसानों के समर्थन में आगे आ रहे हैं। पन्नू ने कहा कि रविवार को सैकड़ों युवा बाइक रैली निकाल कर पलवल पहुंचे थे। सोमवार को पलवल में धरनास्थल पर महिला किसानों के लिए महिला दिवस मनाया था। 21 जनवरी को जवाहर कालोनी से सैंकड़ों लोग किसानों के समर्थन में रैली के रूप में पलवल पहुंचेंगे।

### दा क्रिकेट गुरुकुल ने 180 रन से जीता मैच




**फरीदाबाद।** पांचवें रविंद्र फागना अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट में दा क्रिकेट गुरुकुल ने स्पोर्ट्स लैंड क्रिकेट अकादमी टीम को 180 रन से हराया। यह मुकाबला रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी स्थित मैदान पर खेला गया। बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया यह मैच 40-40 ओवर का था। स्पोर्ट्स लैंड क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। दा क्रिकेट गुरुकुल टीम ने 40 ओवर में 09 विकेट पर 209 रन बनाए। लक्ष्य नागर ने 49 रन, लोकेश बेनीवाल ने 36 रन और रितिक यादव ने 25 रन बनाए। स्पोर्ट्स लैंड क्रिकेट गेंदबाज हर्ष यादव, दक्ष और अर्नव ने 02-02 विकेट, सुखमीत सिंह और वेश ने 01-01 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए स्पोर्ट्स लैंड क्रिकेट अकादमी टीम को 13.01 ओवर में 10 विकेट पर 29 रन ही बना सकी। आयुष ने 06 रन, हसीम ने 04 रन और दक्ष ने 2 रन बनाए। दा क्रिकेट गुरुकुल अकादमी की ओर से गेन्दबाजी करते हुए मोहित खटाना ने 05 विकेट, अमनदीप डागर ऑर मोहित भाटी ने 02-02 विकेट, और अनुज भारद्वाज ने एक विकेट लिए। निक्की (एंपायर) के ने मैन ऑफ दा मैच का पुरस्कार मोहित खटाना को दिया। मोहित खटाना ने चार ओवर में एक ओवर मिडल निकलाकर चार रन देकर पांच विकेट लिए।

### शिक्षक संघ ने रितु चौधरी को सौंपा ज्ञापन



**फरीदाबाद।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को अपनी तीन प्रमुख मांगों को लेकर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रितु चौधरी से मिला। अधिकारी ने तीनों मांगों को जल्द ही पूरा कराने का आश्वासन दिया। जिला प्रधान विजय मुदगिल ने कहा कि 2017 में लगे अध्यापक जिनका कार्यकाल जिले में दो वर्ष तक संतोषजनक सेवा पूर्ण रहा है, उन्हें स्थाई किया जाए। दूसरा अंतर जिला स्थानांतर हुए अध्यापक जिन्होंने पुन: जिले में कार्य ग्रहण कर लिया था, उनका वेतन न निकलने से उनके सामने आर्थिक संकट पैदा हो गया है। घर का खर्चा चलना मुश्किल हो गया है। उनका वेतन जल्दी से जल्दी निकाला जाए। तीसरी मांग जिन अध्यापकों की एलटीसी नहीं निकली है, उनका बजट जारी किया जाए। इस पर मौलिक अधिकारी ने पहली मांग को 26 जनवरी तक पूरा कराने के लिए कहा। दूसरी मांग के लिए साथ साथ पत्र जारी करवा दिया और तीसरी मांग को इसी महीने में पूरा करने का आश्वासन दिया। मौके पर शिक्षक संघ के संरक्षक संजीत डबास, महासचिव सुनील पाराशर, बल्लभगढ़ के उपप्रधान जयवीर भाटी, जिला प्रवक्ता संदीप दीक्षित, सचिव संदीप कौशिक, राय सिंह वर्मा, प्रवेश और कुलदीप समेत अन्य अध्यापक मौजूद थे।

### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 12.01.2021 को कंचन पत्नी श्री मनोज निवासी फ्लैट न. 123 EWS' KU सोसायटी सैक्टर-77 फरीदाबाद से बिना बताये अपनी मर्जी से कही चली गई है जिसका हुलिया रंग गौरा, गोल चेहरा, बाल का रंग काला, सफेद रंक की टी-शर्ट, हरे रंग की चुन्नी पैरो मे चप्पल, कद लगभग 4 फिट 4 इंच जिसकी उम्र करीब 23 साल है मुकद्दमा न. 7, दिनांक 12.01.2021 धारा 346 आईपीसी पीएस बीपीटीपी फरीदाबाद। अगर इस बारे किसी को भी पता चले तो थाना बीपीटीपी को सूचित करें।

**एसएचओ पीएस बीपीटीपी फरीदाबाद - 9582200694**
**पीएस बीपीटीपी फरीदाबाद - 01292981122, एएसआई बलराम**

## हस्त मुद्रा योग, ज्योतिष एवं आध्यात्म

**तनावग्रस्त रहने से उत्पन्न हो सकने वाली जानलेवा घातक बीमारियों को रोकने के बारे में!**



अगर हम लगातार तनाव में रहें तो हमारे शरीर का ऑक्सीजन स्तर निरन्तर कम हो - शरीर में अनेक घातक रोगों को उत्पन्न करने वाले सैल्स को पनपने का अवसर प्राप्त हो जाता है!

श्री राम जय राम जय जय राम मंत्र संग ज्ञान हस्त मुद्रा में तर्जनी अंगुलियां जो वायु तत्व यानि ऑक्सीजन स्तर को बढ़ाने में सहायक हैं उन का अग्नि तत्व के प्रतीक अंगूठों - के संग - सतत अभ्यास से शरीर के सभी अंगों को ऑक्सीजन प्रयाप्त मात्रा में मिलने लग - तनाव से भी छुटकारा मिलता है!

श्री नरनानुसार, षट्चक्र के om लं नम: om वं नम: om रं नम: om यं नम: om हं नम: बीजमंत्र जप से रोग उत्पन्न करने वाले घातक सैल्स जल कर शन: शन: शरीर से बाहर होने लगते हैं!

**प्रस्तुति : शिक्षाविद् डीसी चौधरी**

**नोट :-** विषय संबंधित अन्य जानकारी हासिल करने के लिए आप अपनी समस्या ई-मेल आईडी : pioneerhry@gmail.com पर भेजें।

पायनियर
हरियाणा, बुधवार 20 जनवरी, 2021



# बर्ड फ्लू : पक्षियों के शव मिलने से शहरवासियों में दहशत

## अधिकारी बोले : पांच से अधिक पक्षियों के शव मिले तो करें कॉल

कविता। फरीदाबाद





**देश** के अन्य हिस्सों के साथ दिल्ली में भी बर्ड फ्लू के मामले सामने आ रहे हैं। शहर में मिल रहे मृत पक्षियों के शव देखकर लोग हैरान-परेशान होकर नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग और मृत पशुओं को उठाने वाले विभागों में फोन कर रहे हैं, लेकिन सब जगह से निराशा हाथ लगने पर वह स्वयं ही मरे हुए पक्षियों के शवों को गड्ढे में दबाने को मजबूर हैं।

### तीन जगह मिले हैं शव

**जिले** में अब तक चार जगह मरे हुए 10 पक्षियों के शव मिल चुके हैं। गत सात जनवरी को 4-5 चौक पर दो बगुले और एक चील का शव मिला। वहीं एनएच 4-5 चौक स्थित मीट मार्केट के पास 10 जनवरी को पांच बगुले मरे हुए मिले थे। 15 जनवरी को ददसिया गांव में एक कौवे का शव मिला था। मंगलवार (19 जनवरी) को एक कबूतर का शव सेक्टर-16 में मिला था। जिससे आसपास के लोगों में डर का माहौल पैदा हो गया। लोगों ने एमडीएम से लेकर पशु पालन व जिला स्वास्थ्य विभाग सभी को फोन किया, लेकिन किसी ने भी ने मृत पक्षी के शव का क्या करना है, इसकी जानकारी नहीं दी। जिस पर लोगों ने पक्षियों के शवों को स्वयं ही गड्ढों में दबा दिया।

### करें शिकायत

**इस** विषय में जब वन्य प्राणी संरक्षक विभाग के अधिकारी चरण सिंह ने बताया कि शहरवासियों को एक पक्षी मिलने से परेशान नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बर्ड फ्लू की आशंका तब होती है। जब एक स्थान पर 5 से अधिक पक्षियों के शव एक साथ मिलें। उन्होंने बताया कि लोगों में डर का माहौल बना हुआ है। हालांकि उन्होंने शहर में बर्ड फ्लू जैसी किसी भी प्रकार की बीमारी फैलने की बात से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि मरे हुए पशु पक्षियों को लेकर नियमित रूप से सैंपलिंग अभियान चलाया जाएगा।

### सर्दी से मौत

**चरण** सिंह ने बताया कि पक्षियों के मरने की वजह ठंड भी हो सकती है। इन दिनों ठंड की वजह से पक्षी काफी मरते हैं। बर्ड फ्लू का खतरा अभी जिले में नहीं है। क्षेत्र में ठंड व अन्य किसी कारण से यदि मुर्गियों के बीमार होने व मरने का मामला सामने आता है तो इसकी सूचना पशु चिकित्सक को देनी चाहिए।

# खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए कार्य कर रही सरकार : किरन रिजिजू

## मानव रचना शिक्षण संस्थान में केंद्रीय मंत्री ने अल्टीमेट खो-खो प्रशिक्षण शिविर का किया शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**केंद्रीय** खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) किरण रिजिजू ने कहा कि खेलों को आगे बढ़ाने के लिए हमें खिलाड़ियों को बेहतर माहौल व सुविधाएं देनी होंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार खेलों को को आगे बढ़ाने के लिए लगातार यह कार्य कर रही है। केंद्रीय खेल राज्य मंत्री मंगलवार को मानव रचना शिक्षण संस्थान में 25 मीटर और 50 मीटर शूटिंग रेंज का उद्घाटन और विश्वस्तरीय अल्टीमेट खो-खो प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

केंद्रीय खेल राज्य मंत्री ने कहा कि मैं जिस समय रेडियो के माध्यम से खेलों को सुनता था उस समय बहुत ही गर्व होता था कि हमारे देश के खिलाड़ी व देश के लिए मेडल लेकर आ रहे हैं। वहीं जब मुझे खेल मंत्री बनाया गया तो मैंने भी जी-जान से खेल को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा प्रयास किया।

उन्होंने मानव रचना शिक्षण संस्थान का बधाई देते हुए कहा कि संस्थान द्वारा इस तरह से और इतने बड़े स्तर पर वैज्ञानिक तरीकों से अल्टीमेट खो-खो लीग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है और मुझे पूरा विश्वास है कि इसमें से कई खिलाड़ी निखर कर सामने आएंगे और देश विदेशों में अपना डंका बजाएंगे और देश का नाम विदेशों में गर्व से ऊंचा करेंगे। उन्होंने कहा कि हमेशा से ही मानव रचना शिक्षण संस्थान में खेल को बढ़ावा दिया जाता है, और यही वहज है कि कई छात्रों ने खेल के मैदान में अपना परचम लहराया है और मानव रचना शिक्षण संस्थान का सर गर्व से ऊंचा किया है जिसका उदाहरण आज मानव रचना शिक्षण संस्थान में अल्टीमेट खो-खो प्रशिक्षण शिविर उद्घाटन समारोह में नजर आया, इस मौके पर केंद्रीय खेल मंत्री किरण रिजिजू ने मशाल जलाकर अल्टीमेट खो-खो प्रशिक्षण लीग को हरी झंडी दिखाया।

### मानव रचना में 25 मीटर और 50 मीटर शूटिंग रेंज का उद्घाटन किया

**केंद्रीय** खेल मंत्री किरेन रिजिजू ने मानव रचना में 25 मीटर और 50 मीटर शूटिंग रेंज का उद्घाटन किया और खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। शूटिंग रेंज की खास बात यह है कि यह रेंज इलेक्ट्रॉनिक और मैनुअल दोनों ही तरह से बनाया गया है, जिसमें 10 लेन हैं। इलेक्ट्रॉनिक टारगेट और 0.22 हथियारों से लैस, यह रेंज सभी के लिए खुला है। अल्टीमेट खो-खो प्रशिक्षण शिविर की बात करें तो इसमें कुल 73 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह में खो-खो महासंघ के महासचिव सुधांशु मित्तल, मानव रचना शिक्षण संस्था के उपाध्यक्ष अमित भल्ला, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना, ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले एकमात्र पहलवान सुशील कुमार, भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी उपस्थित रहे। खो-खो प्रदर्शनी मैच में केंद्रीय खेल मंत्री किरण रिजिजू और पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना की टीमों के बीच खो-खो मैच का आयोजन किया गया।

# बीजेपी कार्यकर्ताओं ने फूंका कांग्रेस पार्टी का पुतला



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर 12** स्थित लघु सचिवालय पर भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन किया। जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने भारत सरकार द्वारा बनाए गए तीनों कृषि कानूनों के समर्थन में कानूनों में किए गए प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी।

कांग्रेस द्वारा किए जा रहे दुष्प्रचार एवं गुरनाम सिंह चढ़ूनी पर मीडिया में एवं किसान नेताओं द्वारा ही लगाए गए आरोपों पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि कुछ किसान नेता कांग्रेस के इशारे पर किसानों को भड़काने का काम कर रहे हैं। सरकार द्वारा बनाए गए तीनों कृषि कानून किसानों के हित में है। भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार किसान गरीब और मजदूरों को समर्पित होकर अंत्योदय की भावना के साथ काम कर रही हैं। इन कानूनों से अन्नदाता किसानों भाइयों को सशक्त किया जाएगा और उनकी आय को दोगुना किया जाएगा। जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल व आरएन सिंह, बिजेंद्र नेहरा, हरेंद्र भड़ाना, संजीव भाटी, पुनीता झा, मुकेश अग्रवाल, हरीश खटाना, प्रवीण चौधरी, सुरेंद्र शर्मा, रिंकू सैनी, राजकुमार वोहरा, राजन मुथरेजा, पंकज रामपाल, रविंद्र त्यागी, ओमप्रकाश रक्षवाल, प्रकाश वीर नागर, सचिन ठाकुर, पंकज सिंघला, विवेक मिश्रा, राज मदान, प्रिया सहगल, एडवोकेट प्रकाश वीर नागर, एडवोकेट संतराम शर्मा, प्रदीप शांडिल्य, एडवोकेट उमा सिंह, वंदना सिंह, मनीष छोकर आदि मौजूद रहे।

# शरणार्थियों को आरएसएस दे रहा सद्भावना का संदेश



**फरीदाबाद।** पाकिस्तान से आए शरणार्थियों को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सर्वधर्म सामाजिक सद्भाव का संदेश देने में जुटा है। संघ विगत एक सप्ताह से एकता एवं सद्भावना मिलन कार्यक्रम चलाए हुए है। सामाजिक कार्यक्रम के अंतर्गत जरूरतमंद को कंबल, बिस्तर, गद्दे, कपड़े, मास्क-सैनिटाइजर और आयुष काढ़ा वितरित और बच्चों को आकर्षक उपहार भेंट किए गए।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पाकिस्तान से आए शरणार्थियों की नंगला स्थित कॉलोनी में सामाजिक सद्भाव मिलन का आयोजन किया गया। संयोजक अरुण वालिया ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ फरीदाबाद पश्चिम के संघचालक संजय के सानिध्य में सफल आयोजन किया गया। जिसमें सभी शरणार्थियों को कंबल बिस्तर, गद्दे, कपड़े, मास्क-सैनिटाइजर और आयुष काढ़ा वितरित किए गए। बच्चों को आकर्षक उपहार भेंट स्वरूप दिए गए। मिलन का मुख्य उद्देश्य सर्वधर्म सामाजिक सदभाव का संदेश और इन शरणार्थियों को अपनेपन का एहसास दिलाना था संघ चालक संजय, राष्ट्रीय सिख संगत के फरीदाबाद (एनसीआर) और संयोजक अरुण वालिया, भाविप की निधि जैन आदि मौजूद रहे।

## जेसी बोस छात्रों को देगा ब्याज मुक्त लोन

**फरीदाबाद।** वित्तीय कठिनाई के कारण फीस देने की असमर्थ विद्यार्थियों के लिए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने एक बार पुनः अनूठी पहल की है। इस सत्र से विवि ने ऐसे विद्यार्थियों के लिए ब्याज मुक्त सुलभ लोन की सुविधा शुरू की है और जरूरतमंद विद्यार्थियों से 25 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किए हैं। उल्लेखनीय है कि लॉकडाउन के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद विद्यार्थियों की शत प्रतिशत फीस की प्रतिपूर्ति करने की नीति जारी की गई थी, जिसके अंतर्गत 153 विद्यार्थियों ने वित्तीय लाभ उठाया। अब विवि ने नीति के अंतर्गत दायरे का विस्तार करने का निर्णय लिया है। कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने बताया कि कोरोना महामारी के मद्देनजर विद्यार्थियों को वित्तीय राहत देने के लिए इस नीति की शुरुआत की गई थी, और इसके सफल कार्यान्वयन के बाद महसूस किया कि इस नीति का दायरा बढ़ाया जाये ताकि नियमित रूप से जरूरतमंद मेधावी विद्यार्थियों की मदद हो सके। अब विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को ब्याज मुक्त सुलभ लोन की व्यवस्था की गई है ताकि वे अपनी फीस का भुगतान कर सकें।

# थैलासीमिया ग्रस्त बच्चों की कराई एमआरआई जांच



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**फाउंडेशन** अगेंस्ट थैलासीमिया फरीदाबाद, पाहुजा ट्रस्ट फॉर ब्लड डिसऑर्डर व नेशनल थैलासीमिया वेलफेयर एसोसिएशन दिल्ली के सहयोग से 45 थैलासीमिया ग्रस्त बच्चों के निःशुल्क ब्लड टेस्ट व एमआरआई (टीटूस्टार) यह सब टेस्ट दिल्ली की प्रतिष्ठित एमआरआई टीटूस्टार सेंटर पर कराए गए।

यह टेस्ट काफी महंगा होता है जो बच्चों के लिए करवाना मुश्किल था। इस टेस्ट से पता चल जाता है की बच्चे के शरीर में कितना आयरन कौन कौन से अंग में जमा हो गया है। बच्चों को लगतार रक्त चढ़ाने से शरीर में आयरन की मात्रा बढ़ जाती है। जैसा की नाम से ही आयरन है तो ठोस ही होगा। अगर यह बच्चों के हृदय लिवर किडनी पर जमा हो जाये तो ये नाजुक अंग ठीक से काम नहीं कर पाते। जैसा की फाउंडेशन अगेंस्ट थैलासीमिया पिछले छब्बीस सालों से बच्चों की निःशुल्क सेवा में समर्पित है। फाउंडेशन अगेन्सट थैलासीमिया के सस्थापक महा सचिव रविंद्र डुडेजा ने बताया कि अगर अगर कुछ बच्चे अकाल मृत्यु को प्राप्त हुए हैं तो उसमे ज्यादा दोष उनके अभिभावकों व बच्चों का ही रहा है। हरीश रतरा, जेके भाटिया, पंकज चौधरी, अमरजीत सिंह अरोडा, नवनीत चावला, कृतिका डुडेजा, अंजलि अरोडा, अंजलि नागपाल, आरती रतरा, सिम्मी कुमार, जगदीश पंत, चांदनी रतरा, कमल अरोडा, राखी, अमन, शिवांगी शर्मा उपस्तिथ थे।

## सोशल मीडिया पर वायरल झूठी खबरें खतरा : रचना

**फरीदाबाद।** सोशल मीडिया (फेसबुक और व्हाट्सएप) में आए दिन वायरल हो रही झूठी खबरें पत्रकारिता और समाज के लिए आज चुनौती बन चुकी है। पिछले कुछ सालों में सोशल मीडिया पर फैली झूठी खबरों की वजह से देश में कई जगहों पर दंगे भी हुए हैं। जब तक खबरों की सही प्रकार से मूल्यांकन नहीं किया जाएगा तब तक इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगाना संभव नहीं है।

यह बात डीएवी शताब्दी कॉलेज के जनसंचार विभाग अध्यक्ष एवं गूगल द्वारा सर्टिफाइड फैक्ट चैकर रचना कसाना ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (प्रचार विभाग) द्वारा ऑनलाइन कार्यशाला के दौरान व्यक्त किए। रचना कसाना ने कहा कि लोगों की सोच में बदलाव लाने के लिए आज सोशल मीडिया को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल होने वाली झुटी फोटोस वीडियो की सत्यता की जांच किए बिना हम आगे फॉरवर्ड कर देते हैं। जिसके कारण अनेक बार समाज का वातावरण दूषित हो चुका है।

# सोलर एनर्जी सिस्टम स्मार्ट क्लास का किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**पुलिस** आयुक्त ओपी सिंह ने स्थानीय ग्राम पाली स्थित दो स्कूलों में लगवाए गए सोलर एनर्जी सिस्टम स्मार्ट क्लास और सीसीटीवी निगरानी सिस्टम सहित अन्य कई विकास कार्यों का मुख्य अतिथि के रूप में पधार कर उद्घाटन किया।

कार्यक्रम आयोजक श्याम वीर भड़ाना ने मुख्य अतिथि पुलिस आयुक्त ओपी सिंह को फूल माला पहनाकर करके उनका स्वागत किया। पुलिस आयुक्त के साथ पुलिस उपायुक्त डॉ. अर्पित जैन भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। सिंह ने दोनों स्कूलों में पीपल का पौधा लगाकर पौधारोपण किया व क्लासरूम का दौरा किया। गर्ल्स स्कूल की छात्राओं ने पुलिस आयुक्त के स्वागत में करते हैं स्वागत आपका गीत गाया।

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाली के प्रांगण में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए सिंह ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बच्चों को पूरी लगन व गंभीरता के साथ सफलता हासिल करके अपने सामान्य ज्ञान को भी मजबूत बनाना चाहिए तभी कामयाबी उनके चरण चूमेगी।

उन्होंने कहा कि बच्चों की जिस क्षेत्र में रुचि है उसी में और मेहनत करके सर्वश्रेष्ठ बनें। उन्होंने बच्चों को अपने क्षेत्र में सिद्धि प्राप्त करके अपनी वैल्यू क्रिएट करने और प्रॉब्लम सॉल्वर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बच्चे अपने आपको किसी से कम न आंके। हर इंसान किसी न किसी क्षेत्र में श्रेष्ठ होता है। इसलिए अपने आप पर विश्वास रखें और हुनर की पहचान करके उसमे और निखार लाएं। पुलिस आयुक्त ने पढ़ाई के साथ-साथ समाज से सरोकार रखकर रिलेशन मैनेजमेंट बनाने पर जोर दिया और कहा कि अपने परिवार और साथियों से बातचीत करके किसी भी समस्या का हल निकाला जा सकता है।

शिक्षकों को भी बच्चों में सवाल पूछने की प्रवृति को बढ़ाने के बारे में कहा गया जिससे उनमें दूसरे लोगों का नजरिया जानने में मदद मिल सके और उनमे ज्ञान का विस्तार हो सके। उन्होंने के लोगों की भी तारीफ करते हुए कहा कि गांव के लोग शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए में विशेष योगदान दे रहे हैं और इसी के तहत स्कूल में सुविधाएं प्रदान किए हैं। उन्होंने गांव की प्रतिभाशाली मेडलिस्ट खिलाड़ी कुमारी किरण व खिलाड़ी लक्ष्य को भी सम्मानित किया। समारोह में उपस्थित छात्र राजू ने भगत सिंह की कविता गाकर समा बांध दिया जिससे खुश होकर पुलिस आयुक्त ने उसे प्रशंसा पत्र देकर समान्नित किया।

ग्राम पाली के प्रमुख लोगों में शामिल गर्ल्स स्कूल प्राचार्य मंदीप कौर, बॉयज स्कूल की प्राचार्य दीप्ति यादव, नंदराम भड़ाना, टेकराम, सूबेदार दुलीचंद, नंबरदार राजवीर दयानंद, जसवीर चेयरमैन, राजवीर भड़ाना, नरेश, गेपिल कंपनी के प्रतिनिधि विवेक आदि अन्य लोगों ने भी मुख्य अतिथि ओपी सिंह को फूल मालाएं व पुष्पगुच्छ भेंट करके उनका स्वागत किया। एसीपी बड़खल सुखबीर सिंह, डबुआ थाना प्रभारी संदीप कुमार, पाली चौकी प्रभारी ओमप्रकाश, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली के प्रभारी डॉ. राजेश सहित कई अन्य अधिकारियों सहित बड़ी तादाद में गांव के गणमान्य उपस्थित थे।

# कोरोना: 19 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 46081




**फरीदाबाद।** जिले में जहां एक तरफ कोरोना के मरीजों की संख्या लगातार सामने आ रही है। वहीं दूसरी तरफ लोग नियमों के प्रति लापरवाही बरत रहे हैं। मंगलवार को 19 मरीज सामने आए हैं। जिससे कोविड-19 का आंकड़ा जिले में 46081 पर पहुंच गया। अभी 1687 मरीजों की जांच रिपोर्ट आनी बाकी है। दूसरी तरफ जिले में राहत की बात यह रही कि 16 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले में कोविड-19 का रिकवरी रेट 98.5 प्रतिशत रहा।

### यहां से पॉजिटिव

**19 पॉजिटिव** में सेक्टर-3 (2), लक्कड़पुर (1), सेक्टर-15 (2), सेक्टर-14 (2), एनएच-5 (2), सेक्टर-17 (2), सेक्टर-16 (3), बड़खल (2), सेक्टर-56 (1), श्याम कॉलोनी (1) और अन्य एरियों से 2 मरीज शामिल हैं।

### ये हैं आंकड़े

| | |
|---|---|
| जिले में कुल जांच | 488662 |
| अब तक पॉजिटिव | 46081 |
| अब तक नेगेटिव | 440894 |
| रिपोर्ट आनी शेष | 1687 |
| ऑक्सीजन पर हैं | 8 |
| वेंटिलेटर पर हैं | 2 |
| अब तक मौत | 411 |
| अब तक ठीक | 45373 |

## संक्षिप्त समाचार

### कोरोना वैक्सीन लगवा सुरक्षित महसूस कर रहे स्वास्थ्य कर्मी



**फरीदाबाद।** कोरोना वैक्सीनेशन के तीसरे दिन 18 केन्द्रों पर वैक्सीन लगाई गई। जिसमें 1480 के टॉरगेट पर 1251 स्वास्थ्य कर्मियों को ही वैक्सीन लगाई गई। वैक्सीन लगवाने वाले कर्मचारियों ने कहा कि वह कोरोना का टीका लगवाकर खुद को बेहद सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। बीके अस्पताल में 110 के लक्ष्य में 106 कर्मचारियों को वैक्सीन लगाई गई। जिसमें कुछ स्वास्थ्य कर्मी ऐसे भी थे, जिनके मोबाइल पर संदेश नहीं आया, लेकिन उनकी एंट्री के बाद उन्हें वैक्सीन लगाई गई। अल्फलाह मेडिकल कॉलेज में 60 में से 42 को, खेड़ी कला में 80 में से 62, एसीएम नगर में 80 में 46, कौराली में 50 में से 43, तिगांव में 30 में से 9, पार्क हॉस्पीटल में 80 में से 76, क्यूआरजी 100 में से 87, एसएसबी 90 में से 70, मेट्रो हॉस्पीटल 100 में से 84, फोर्टिज अस्पताल 120 में से 109, सर्वोदय सेक्टर-19 अस्पताल में 100 में से 90, सेक्टर-8 सर्वोदय में 80 में से 68, एशियन अस्पताल में 160 में से 150, ईएसआई सेक्टर-8 में 80 में से 61और पीपीसी एनएच-3 में 12, सुप्रीम अस्पताल में 60 में 50 और प्रतापगढ यूपीएचसी में 100 में से 86 लोगों को वैक्सीन लगाई गई। वैक्सीन लगवाने वाले डॉ. मनीश दयाल, डॉ. राकेश, डॉ. जयपाल, डॉ. गजेन्द्र अधाना, आयुषमान भारत योजना से निपुन त्यागी, स्वास्थ्य विभाग में तैनात सुषमा, नीलम के अलावा महिपाल आदी ने पायनियर को बताया कि वैक्सीन लगवाकर वह स्वयं को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

### दुनिया में कोरोना सबसे पहले भारत में हारा : नागर



**फरीदाबाद।** तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर का नहरपार स्थित अजय नगर में स्वागत हुआ। स्थानीय आरडब्ल्यूए ने विधायक को फूलमालाओं से लाद दिया और ढोल नगाड़ों के साथ अभिनंदन किया। विधायक राजेश नागर ने कहा कि आज भारत और हरियाणा में भाजपा की सरकारों हर घर विकास का रंग पहुंचाने में लगी हुई हैं। कोरोना महामारी पूरी दुनिया में सबसे पहले भारत में हारी है। यह बात रिकॉर्ड पर आ चुकी है। हमने सबसे ज्यादा किफायती और परखी हुई वैक्सीन बनाई है। जिसे दुनिया के अन्य देश भी हमसे मांग रहे हैं। विधायक ने कहा कि यह मोदी के कुशल नेतृत्व और भविष्य को भांपने की क्षमता के कारण ही संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीनेशन कार्यक्रम भारत में चल रहा है। जिसे बड़े संयोजित तरीके से चलाया जा रहा है। पूरे कोरोना काल में भारत में महामारी के दौर में भी कालाबाजारी नहीं हुई, यह भाजपा सरकारों की कुशलता को दिखाता है। आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष धर्मेंद्र सहित विनोद, नगेंद्र तिवारी, अजीत कुमार, सुभाष सक्सेना, रामकुमार, आरएच शर्मा, अनिल मिश्रा, सुभाष शर्मा, रामप्रसाद ठाकुर, सहीराम, लक्ष्मी महतो, सुरेंद्र गुप्ता, सुनील ठाकुर, रामचंद्र मिश्रा, कुलदीप गुप्ता, विरेंद्र, रामबीर सरदार, अजब चंदीला आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### पोषण के लिए किया जागरूक




**फरीदाबाद।** सही पोषण देश रोशन के नारे के साथ बृज मंडल की टीमों ने एनआईटी, फतेहपुर चंदेला, इंदिरा कॉलोनी और गांधी कॉलोनी में नुक्कड़ नाटकों के जरिए पोषण जागरुकता अभियान चलाया। टीमों ने लोगों को पोषण के सूत्र बताए और पोषक आहार लेने की शपथ भी दिलाई गई। साफ सफाई को अपनाने के लिए भी जागरूक किया। गोद भराई और अन्न प्राशन की रस्मों के बारे में भी बताया गया। आंगनबाड़ी सुपरवाइजर स्मिता धीमान के साथ नीलम सिंह, तरुणा, पूनम, नीना, इंदु वधवा ने जागरुकता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई।

### शहीद की मूर्ति का किया अनावरण



**फरीदाबाद।** शहीदों की चिताओं पर हर वर्ष लगेंगे मेले, बस एक यहीं निशा बाकी होगा, की बात को चरितार्थ करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री चौधरी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि देश में भाजपा सरकार जय जवान, जय किसान की नीति को क्रियान्वित करने का काम कर रही है। कृष्णपाल गुर्जर मंगलवार को तिगांव की अधाना पट्टी में शहीद विरेन्द्र सिंह के मूर्ति के अनावरण अवसर पर उपस्थित जन समूह को सम्बोधित कर रहे थे। केंद्रीय राज्य मंत्री ने तिगांव में 40 लाख रुपये की धनराशि की लागत से सामुदायिक भवन और 10 लाख रुपये की धनराशि की लागत से बनाई गई चौपाल का लोकार्पण भी किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार हर वर्ग के हित में अनेक जनहितैषी कार्य करके एक मिसाल कायम कर रही है। कृष्णपाल गुर्जर ने शहीद विरेन्द्र सिंह पत्नी उमेश देवी और स्वतंत्रता सेनानी सुखपाल की धर्मपत्नी जग्गा देवी को सम्मानित भी किया। मौके पर चौधरी रुपसिंह नागर, बीजेपी महिला जिला अध्यक्ष राजबाला सरदाना, वाईस चेयरमैन जगदीश अधाना, रिंकू सरपंच, पप्पू सरपंच, देवेंद्र सरपंच बदरौला, राकेश शर्मा सरपंच मंझावली, अशोक सरपंच मधावली, सन्जु चपराना, दुष्यंत नागर और डीपी नागर आदि मौजूद थे।

### गुरु गोबिंद सिंह जयंति आज

**फरीदाबाद।** नववर्ष 2021 में सिखों के 10वें गुरु गोबिंद सिंह की जयंती आज शहर में श्रद्धा और धूमधाम से मनाई जाएगी। हिन्दी कैलेंडर के अनुसार, पौष मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को गोबिंद सिंह जी का जन्म पटना साहिब में हुआ। धर्म की रक्षा के लिए अपने पूरे परिवार का बलिदान कर देने वाले गुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। गुरु गोबिंद सिंह जी सिख समुदाय के अंतिम गुरु हैं, उनके बाद से गुरु ग्रंथ साहिब ही स्थाई गुरु हो गए। प्रकाश पर्व के इस पावन अवसर पर आज शहर के गुरुद्वारों में अरदास की जाएगी। भजन, कीर्तन होगा है। इस दिन सिख समुदाय के लोग प्रभात फेरी निकालते हैं और गुरुद्वारों में मत्था टेकते हैं। नगर किर्तन निकाल कर गुरुद्वारों को सजाया जाता है।

# चढ़ूनी का पुतला फूंका, कांग्रेस के खिलाफ गरजे भाजपाई

## किसान नेता चढ़ूनी के कांग्रेस से मिले होने के लगाए आरोप

## सिविल लाइन में अग्रवाल धर्मशाला चौक पर किया विरोध प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम में किसान नेता चढ़ूनी का पुतला फूंकते भाजपाई।

**मंगलवार** को जिला भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से यहां किसान नेता चढ़ूनी का पुतला फूंककर उनके कांग्रेस से मिले होने पर खूब नारेबाजी की। पुतले पर कांग्रेस के नेताओं के भी फोटो लगाकर भाजपाइयों ने विरोध जताया। पुतला फूंकने के प्रदर्शन के दौरान करीब पौने घंटे तक यहां जाम लगा रहा।

भाजपा की जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ के नेतृत्व में मंगलवार दोपहर बाद यहां सिविल लाइन स्थित अग्रवाल धर्मशाला चौक पर भाजपा के कार्यकर्ता एकत्रित हुए। हाथों में झंडे, किसान नेता चढ़ूनी का पुतला लेकर कार्यकर्ताओं ने यहां जमकर नारेबाजी की। पुतला बेशक चढ़ूनी का था, लेकिन उस पर कांग्रेस नेताओं के फोटो भी लगाए गए थे। सभी फोटो पर काले तेल से कालिख पोती। यहां पहुंची जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने कहा कि किसान नेता चढ़ूनी से संपर्क उजागर होने के साथ कांग्रेस का असली चेहरा उजागर हो गया है। जो कांग्रेस किसानों का समर्थन होने की बात कहती रही है, वह आज किसान आंदोलन का हिस्सा साबित हुई है।

ना केवल हिस्सा बल्कि कांग्रेस की शय पर यह आंदोलन चल रहा है। गार्गी कक्कड़ ने कहा कि देश के किसानों को बरगलाने का काम कांग्रेस कर रही है। यह पूरा आंदोलन कांग्रेस संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने मंसूबों में कभी कामयाब नहीं हो पाएगी। इस मौके पर गुरुग्राम विधानसभा निगरानी कमेटी के चेयरमैन सुमेर तंवर, महिला नेत्री सुमन दहिया, जिला महामंत्री महेश यादव कार्टरपूरी, जिला महामंत्री मनीश गाडौली, यादराम जोया, राजेश अरोड़ा, अजीत यादव, अनील यादव सरपंच, हरबीर अधाना, मनोज शर्मा, सोनाली मित्रा, ज्योति डैम्बला, दिनेश राघव, सोनिया यादव, हर्षवर्धन मित्तल, ओम प्रकाश जांगड़ा, सुरेन्द्र गहलोत, जितेंद्र चौहान, नीरज यादव, रामबीर भाटी, ऊषा प्रियदर्शी, सुंदरी खत्री, कृष्ण स्वामी, रंजीत सिंह, विरेंद्र यादव, देवेंद्र यादव, कृष्ण यादव, दौलत राम, विरेंद्र जांघु सरपंच, अरूणी शुक्ला, अभय सिंह चौहान, पार्षदों में कुलदीप यादव, रविंद्र यादव, अनुप सिंह, कपिल दुआ, दिनेश सैनी, महेश दायमा, सुनील घोड़ारोप, राकेश यादव, राकेश यादव, बेगराज यादव, अभिषेक गुलाटी, सर्वप्रिय त्यागी पिंटू, ओमप्रकाश ठाकरान, सतपाल राघव, शिव डागर, सुनील यादव, गौरव चुग, मनोज राघव, मुकेश बिस्सर, नितिन शांडिल्य, श्रवण कुमार आहुजा, प्रियवर्त कटारिया आदि मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक के आवास पर एसबीआई ने लगाया कैंप



जेवर विधानसभा के गांव दयानतपुर में एसबीआई की ओर से लगाए गए शिविर में मौजूद बैंक अधिकारी और अतिथि।

**ग्रेटर नोएडा।** गांव दयानतपुर में मंगलवार को जेवर विधानसभा के पूर्व विधायक ठाकुर छत्तर सिंह के आवास पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ओर से शिविर लगाया गया।

शिविर में पुराने लोन धारकों को भारी छूट दी गई। इस योजना का नाम ऋण समाधान योजना है, जिसमें पुराने कर्ज से मुक्ति पाने का सुनहरा मौका दिया जा रहा है। अतिथि के रूप में मौजूद रहे भाजपा युवा नेता मंजीत सिंह ठाकुर ने बैंक अधिकारियों के हवाले से बताया कि बैंक की ओर से यह योजना योजना 31 जनवरी तक रहेगी। साथ ही बैंक अधिकारियों ने

## पुराने लोन धारकों को दी गई भारी छूट

इस कैम्प में लोगों को इस योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कैम्प में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया जेवर के मुख्य प्रबंधक रमेश भूमिज, प्रबंधक वरुण गौड़, धीरज कुमार और खालिद अख्तर मौजूद थे। कैम्प में गांव के कुछ गणमान्य लोग भी मौजूद रहे, जिनमें बीजेपी नेता सुरेश चंद शर्मा, ठाकुर करनेश सिंह, मोहित ठाकुर, राजेंद्र सिंह, शेर सिंह, प्रमोद सिंह, यतीश कुमार और पंकज सिंह शामिल हैं।

## सेक्टर-43 में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया

**गुरुग्राम।** केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा किए जाने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में नंबर-1 रैंकिंग पाने के लिए नगर निगम गुरुग्राम जोरों से तैयारियां कर रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को संयुक्त आयुक्त हरीओम अत्री, पूर्व सरपंच अनिल यादव, वरिष्ठ सफाई निरीक्षक मनोज कुमार व आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों ने सेक्टर-43 विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छ गुरुग्राम का संदेश दिया। कार्यक्रम में स्वच्छता सैनिकों ने क्षेत्र की सफाई की तथा यह संदेश दिया कि स्वच्छता बनाए रखने में नागरिक अपना भरपूर सहयोग दें। संयुक्त आयुक्त हरीओम अत्री ने कहा कि स्वच्छता का कार्य एक पुनीत कार्य है।

# संक्षिप्त समाचार

## गुरुग्राम: कोरोना जांच आरटीपीसीआर टेस्ट के दाम हुए कम



**गुरुग्राम।** प्रदेश सरकार की हिदायत के अनुसार जिला में कोरोना के आरटीपीसीआर टेस्ट के रेट कम किए गए हैं। सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव ने मंगलवार को जिला के सभी निजी अस्पतालों तथा प्राईवेट लैबोरेट्रीज को लिखित रूप में आदेश जारी करते हुए चेतावनी दी है कि इन आदेशों की अवहेलना करने पर भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के तहत कार्यवाही की जाएगी। सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव के मुताबिक अब निर्धारित किए गए नए रेटों के अनुसार कोरोना के आरटीपीसीआर टेस्ट लैब, अस्पताल या कलेक्शन सेंटर पर जाकर करवाने पर व्यक्ति से 499 रुपये प्रति टेस्ट का शुल्क लिया जाएगा। यदि सेंपल मरीज के घर पर जाकर लिया जाता है तो उस परिस्थिति में 699 रुपये प्रति टेस्ट के हिसाब से चार्ज किए जाएंगे। सिविल सर्जन ने कहा कि कोरोना होने का संदेह होने पर टेस्ट जरूर करवाएं और सभी टेस्टों में सबसे भरोसेमंद टेस्ट आरटीपीसीआर टेस्ट माना जाता है। अब सरकार ने इसके अधिकतम रेट संशोधित कर दिए हैं, उससे अधिक कोई भी अस्पताल या लैब संचालक चार्ज नहीं कर सकता। कोरोना के अन्य प्रकार के टेस्टों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि इस महामारी से संबंधित 4 अन्य टेस्ट भी होते हैं जिनके रेट भी सरकार ने निर्धारित कर रखें हैं। उन्होंने बताया कि सीबीएनएएटी टेस्ट के रेट 2400 रूपए प्रति टेस्ट, ट्रूनेट टेस्ट के 1250 रुपये, रेपिड एंटीजन टेस्ट 500 रुपये तथा आईजीजी आधारित एलिसा टेस्ट 250 रुपये में करवाए जा सकते हैं।

## आरटीए विभाग ने चलाया सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम



**गुरुग्राम।** क्षेत्रीय यातायात प्राधिकरण द्वारा मंगलवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान लोगों को सड़क सुरक्षा संबंधी उपायों के बारे में आवश्यक जानकारी दी गई। यह अभियान 17 फरवरी तक चलाया जाएगा। जागरूकता कार्यक्रम में क्षेत्रीय यातायात प्राधिकरण की सचिव धारणा यादव ने गलेरिया मार्केट में सैर करने के लिए आने वाले लोगों को सड़क सुरक्षा सबंधी उपायों के बारे में बताया। उन्होंने साइकिल व मोटर साइकिल पर चलने वाले लोगों को रिफ्लेक्टिव जैकेट वितरित की। इस जैकेट के पहनने से वाहन चालको को दूर से पता चल जाएगा जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी होगी। धुंध व अंधेरे में ये जैकेट दूर से चमकती हैं, जिससे वाहन चालको को देखने में आसानी होती है। सड़क दुर्घटनाओं में बचाव करने में ये रिफ्लेक्टिव जैकेट मददगार हैं। इन जैकेटों पर बी सेफ-बी सीन लिखा हुआ है, जिन्हें हर मौसम में प्रयोग किया जा सकता है।

## जीएल शर्मा की माता के निधन पर नेताओं ने जताया शोक



**गुरुग्राम।** हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता जीएल शर्मा की माता जी के निधन पर आरएसएस और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने शोक जताते हुए शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी। दिनभर उनके राजावास निवास पर शोक जताने वालों का तांता लगा रहा। बता दें कि जीएल शर्मा की माता चमेली देवी का शनिवार सांय देहांत हो गया था। वो 88 साल की थी। मंगलवार को आरएसएस के पवन जिंदल, हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह, कोसली के विधायक लक्ष्मण यादव, हरियाणा भाजपा के प्रवक्ता जवाहर यादव, पूर्व एमएलए जाकिर हुसैन, तेजपाल तंवर, हरियाणा भाजपा कार्यालय प्रभारी गुलशन भाटिया, पुन्हाना से इकबाल जैलदार, जजपा के प्रदेश प्रवक्ता दलबीर धनखड़, कांग्रेस के प्रवक्ता राजेश यादव, इनेलो के वरिष्ठ नेता किशोर यादव, वरिष्ठ पत्रकार यादराम बंसल, जिला बार एसोसिएशन के प्रधान प्रदीप दायमा, नूह भाजपा के जिला महामंत्री राजकुमार गर्ग, गुरुग्राम भाजपा अर्जुन मंडल के पूर्व अध्यक्ष महेश वशिष्ठ, सोमदत्त वशिष्ठ, ओंकार खुराना रेवाड़ी जिला परिषद के पार्षद सन्नी यादव, युवा भाजपा नेता वरुण श्योराण, प्रवीण भगत वजीराबाद, कालू पलड़ा, राकेश बादशाहपुर, मुकेश जेलदार, जयकिशन शर्मा सिलोखरा, डॉक्टर कृष्ण शर्मा, एडवोकेट विक्रम, सहित कई नेताओं ने श्रीमती चमेली देवी को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# छह तालाबों का जीर्णोद्धार नौ पर चल रहा है काम

**गुरुग्राम।** गुरुजल सोसायटी द्वारा जिला में अब तक 6 तालाबों का जीर्णोद्धार किया जा चुका है। साथ ही 9 गांवों में तालाबों के जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है। जिन 6 तालाबों का जीर्णोद्धार किया जा चुका है, उनमें गांव मौजाबाद, खेंटावास, हरचंदपुर, इकबालपुर, भौड़ाकलां और दौला शामिल हैं। मंगलवार को गुरुजल सोसायटी की पहली बैठक में दी गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त डा. यश गर्ग ने की।

बैठक में गुरुजल सोसायटी के सदस्य सचिव जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सारवान ने गुरूजल सोसायटी के तहत जिला में अब तक किए गए कार्यों व भविष्य की योजनाओं के बारे में रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक में बताया गया कि इस परियोजना के तहत जिला के गांव खेड़ला व दमदमा में बायोडायवर्सिटी पार्क अर्थात् जैव विविधता प्रबंधन को लेकर एक योजना बनाई गई है। यह पार्क 420 एकड़ के क्षेत्र में विकसित किए जाने की योजना है। इसे विकसित करने को लेकर जमीन का सर्वे किया जा रहा है। इसके अलावा इसमें लगाए जाने वाले पौधों तथा नर्सरी स्थापित करने को लेकर भी प्लान तैयार किया जा रहा है।



बैठक लेते जिला उपायुक्त डॉ. यश गर्ग।

## सोहना में आज शाम ठप रहेगी पेयजल सप्लाई

**सोहना।** बुधवार शाम को सोहना शहरी क्षेत्र और रायपुर गांव में पेयजल सप्लाई ठप रहेगी। उपभोक्ताओं को गुरुवार सुबह पेयजल की आपूर्ति होगी। बुधवार को गुरुग्राम-सोहना के बीच गांव अलीपुर के निकट बन रहा बोम्बे हाइवे मार्ग के बीच में आ रही पेयजल सप्लाई लाइन में परिवर्तन किया जाएगा। जनस्वास्थ्य विभाग के जेई रामकुमार ने बताया कि यह कार्य सुबह 10 बजे से शुरु किया जाएगा। जो देर रात तक पूरा होने की संभावना है। यहां पर बिछाई गई नई लाइन को पानी सप्लाई से जोड़ा जाएगा। जिसके कारण 35 हजार की आबादी वाले सोहना शहर समेत रायपुर के ग्रामीणों को बुधवार की शाम को होने वाली पेयजल सप्लाई नहीं होगी।

# बादशाहपुर टैठड़ श्मशान घाट का मामला ग्रीवेंश कमेटी में रखेंगे ग्रामीण

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**ग्राम** पंचायत बाईखेड़ा के गांव बादशाहपुर टैठड़ के ग्रामीण श्मशान घाट के बंद रास्ते के मामले को ग्रीवेंश कमेटी में लेकर जाएंगे। ग्रामीणों ने श्मशान घाट के रास्ते पर हो रहे अवैध कब्जे के सबूत जुटा लिए हैं।

मालूम रहे कि ग्राम पंचायत बाईखेड़ा के गांव बदशाहपुर टैठड़ के ग्रामीण पिछले 50 साल से श्मशान घाट के रास्ते पर हो रहे अवैध कब्जे को मुक्त कराने की लड़ाई लड़ रहे हैं। ग्रामीण हाई कोर्ट से भी कब्जाधारी फार्म हाउस मालिक के खिलाफ केस जीत चुके हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि श्मशान घाट के रास्ते पर कब्जा करने वाले फार्म हाउस मालिक अपनी राजनीति पहुंच और पैसों के दम पर रास्ता छोड़ने का तैयार नहीं हो रहा है।

लेकिन अब ग्रामीण इस मामले को जिला स्तर पर होने वाली ग्रीवेंश कमेटी की बैठक में लेकर जाएंगे। ताकि उन्हें न्याय मिल सके और श्मशान घाट के रास्ते से कब्जा का सफाया किया जा सके।

### पंचायत दे चुकी है नोटिस

**बाईखेड़ा** सरपंच श्याम सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत बाईखेड़ा की तरफ से रास्ते पर अवैध कब्जा करने वाले फार्म हाउस मालिक को वर्ष 2020 में दो बार नोटिस जारी किए गए थे। पंचायत विभाग ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को भी लिखित में शिकायत दर्ज कराई है।

### सीएम ट्वीटर पर शिकायत दर्ज कराई

**गांव** निवासी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि उन्होंने रास्ते के अवैध कब्जे की शिकायत ट्वीटर के माध्यम से प्रदेश मुख्यमंत्री को दर्ज कराई है। बहुत ही जल्द मामले को ग्रीवेंश कमेटी में रखा जाएगा।

# ठोस कचरा प्रबंधन नियम की अवहेलना पर निगम ने काटे 11 चालान



गुरुग्राम में बल्क वेस्ट जेनरेटरों का निरीक्षण करते निगम अधिकारी।

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

## बल्क वेस्ट जेनरेटरों पर नगर निगम गुरुग्राम की कार्रवाई जारी

**जनवरी** माह में नगर निगम गुरुग्राम की टीमों ने 33 बल्क वेस्ट जेनरेटरों के परिसरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 11 बल्क वेस्ट जेनरेटर ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 की अवहेलना करते पाए गए, जिसके लिए नगर निगम द्वारा प्रत्येक पर 25 हजार रुपये का जुर्माना किया गया।

बता दें कि ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 के तहत प्रतिदिन 50 किलोग्राम या इससे अधिक कचरा उत्पादन करने वालों को बल्क वेस्ट जेनरेटर की श्रेणी में रखा गया है। नियम के तहत बल्क वेस्ट जेनरेटर को उसके यहां उत्पन्न होने वाले कचरे का निस्तारण स्वयं के स्तर पर करना अनिवार्य है। नियमों की अवहेलना पाए जाने पर नगर निगम द्वारा जुर्माना किया जाता है। इसी कड़ी में यहां सेक्टर-37 स्थित आईएलडी ग्रीन, सेक्टर-37सी स्थित इंपेरिया एस्फेरा, पार्क व्यू अपार्टमेंट, हीवो अपार्टमेंट, विजय रतन विहार, सूर्या विहार सेक्टर-21, पारस अस्पताल, पीडब्ल्यूओ अपार्टमेंट, राज विलास, तुलीप ओरेंज, तुलीप वॉयलेट, रेजिडेंसी ग्रीन आदि पर जुर्माना किया गया है।निरीक्षण के दौरान 10 बल्क वेस्ट जेनरेटरों के यहां ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 की पालना सुनिश्चित पाई गई। साथ ही उनके परिसरों में कंपोस्टिंग प्लांट चालू हालत में पाए गए। इनमें एम्मार पाम गार्ड सेक्टर-83, सेक्टर-83, क्राऊन प्लाजा होटल सेक्टर-29, लेमन ट्री होटल सेक्टर-29, गार्डन एस्टेट, सुशांत एस्टेट सेक्टर-52, तरूण सोसायटी, तत्वम विलास सेक्टर-48, पावरग्रिड सोसायटी सेक्टर-46 तथा विस्टा विला सेक्टर-46 शामिल हैं। नगर निगम के संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) धीरज कुमार के अनुसार नियमों की अवहेलना पाए जाने पर नगर निगम द्वारा चालान किए जा रहे हैं।

## खेड़ला में किसानों के कीमती यंत्र चोरी

**सोहना।** खेड़ला के जंगल में एक ही रात में चोर आधा दर्जन से भी अधिक ट्यबवेलों पर लगी बिजली केवल समेत कृषि उपयोग सामान चोरी कर ले गए। पीड़ित किसानों ने सयुक्त रूप से सोहना सदर थाना में चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। सोहना के गांव खेड़ला में 7-8 जनवरी की रात को अज्ञात चोरी आधा दर्जन से भी अधिक ट्यूबवेलों पर लगी बिजली की केवल और कृषि यंत्रों को चोरी कर ले गए। गांव निवासी कंवर पाल पुत्र अमरसिंह ने पुलिस को बताया कि एक ही रात में चोर उसके ट्यबवेल के साथ-साथ बालूसिंह, बेदकरण और अन्य 3-4 किसानों का कीमती सामान चोरी हो गया था।

# मरकेम-इमाजे ने अपने भिवाड़ी संयंत्र में काम शुरू किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

## प्रोडक्ट आइडेंटिफिकेशन और ट्रेसेबिलिटी जरूरतों के लिए कंपनी ने भारत में 80 करोड़ का निवेश

**अमेरिकी** कंपनी डोवर कॉरपोरेशन की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी मरकेम-इमाजे ने रीको इंस्ट्रीयल एरिया, भिवाड़ी, राजस्थान में अपने पहले कारखाने में काम शुरू करने का एलान किया है। मरकेम-इमाजे प्रोडक्ट आइडेंटिफिकेशन और ट्रेसेबिलिटी सॉल्यूशन प्रदाता कंपनी है और कोडिंग इंडस्ट्री में वैश्विक स्तर पर अग्रणी कंपनी है।

यह नया कारखाना भारत में कंपनी का मुख्यालय भी होगा और यहां से घरेलू मांग को पूरा किया जाएगा। कंपनी कारखाने में और भारतीय परिचालन के लिए 80 करोड़ रुपये का निवेश किया है। यह नया कारखाना 5.5 एकड़ में फैला और भारत में अपने ग्राहकों को बेस्ट-इन-क्लास सेवा देने के मरकेम-इमाजे के लॉन्ग टर्म विजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कंपनी ने कोडर एवं इंक प्रोडक्टशन, कमर्शियल ऑपरेशन, आफ्टरमार्केट सपोर्ट तथा बैक ऑफिस फंक्शन के लिए उत्तर भारत के इस औद्योगिक क्षेत्र का चयन किया है।

मरकेम-इमाजे के प्रेसिडेंट एवं सीईओ विंसेंट वांडरपोल ने कहा, 'कोडिंग इंडस्ट्री में दुनिया में अग्रणी कंपनी होने और डोवर कॉरपोरेशन की अनुषंगी के तौर पर हमारा नया कारखाना एवं हमारे संसाधन यह सुनिश्चित करेंगे कि मैन्यूफेक्चरर्स और ऑरिजिनल इक्विपमेंट मैन्यूफैक्चरर्स को सर्वाधिक प्रभावी एवं इनोवेटिव कोडिंग टेक्नोलॉजी एवं सर्विस उपलब्ध हो। उन्होंने कहा, 'हम भारत में 1987 से सक्रिय हैं और यहां कारोबार में उल्लेखनीय प्रगति देखी है और इस दिशा में योगदान के लिए तत्पर हैं। मेरा मानना है कि यहां सर्वश्रेष्ठ दिनों का आना अभी बाकी है। भारत में हमारे लिए और हमारे ग्राहकों के लिए विकास के बहुत अवसर हैं। हमारा नया कारखाना भारत एवं इसके पड़ोसी देशों में विश्वस्तरीय प्रिंटिंग एवं कोडिंग सॉल्यूशन देने की दिशा में हमारे प्रयासों का एक और परिणाम है। इक्विपमेंट एवं कंज्यूमेबल मैन्यूफैक्चरिंग को ब्रांड प्रोटेक्शन के सेल्स एक्सपर्ट के साथ मिलाने और बेहतरीन कंसल्टिंग एवं इंटीग्रेशन सर्विस से हम इस पूरे क्षेत्र में बेहतर समाधान देने में सक्षम हो सकेंगे।'

मरकेम-इमाजे के भारतीय परिचालन के मैनेजिंग डायरेक्टर राजशेखर वेंकट ने कहा, 'फूड एंड बेवरेज, फार्मास्युटिकल, ऑटोमोटिव समेत विविध सेग्मेंट में बैच कोडिंग एवं वैरिएबल डाटा प्रिंटिंग मशीनों की आपूर्ति करते हुए हम जालसाजी को मुश्किल बनाते हैं और सेफ्टी एवं ट्रेसेबिलिटी सुनिश्चित करते हैं। टेक्नोलॉजी के मामले में हमारे विस्तृत पोर्टफोलियो की मदद से हम किसी भी सतह पर कोडिंग कर सकते हैं और इस तरह से प्रिंट करते हैं जिसे मिटाना मुश्किल या असंभव है।

## ओवरलोड वाहनों और अवैध यात्री वाहनों से वसूला 6.12 करोड़ जुर्माना

**गुरुग्राम।** स्थानीय क्षेत्रीय यातायात प्राधिकरण (आरटीए) सचिव कार्यालय की सख्ती के बाद पिछले तीन महीनों में 1218 ओवरलोड वाहनों तथा अवैध यात्री वाहनों पर 6 करोड़ 12 लाख का जुर्माना करके सरकारी खजाने में जमा कराया है।

आरटीए सचिव धारणा यादव ने बताया कि पिछले तीन महीनों के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई करने के कारण ओवरलोड वाहनों से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है। उन्होंने बताया कि लोगों को सड़क सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक करने को लेकर अभियान शुरू किया है जोकि 17 फरवरी तक चलेगा। लोगों को सड़क सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक करने के लिए जिला में भीड़ वाले स्थानों जैसे बस स्टैंड, रेस्ट हाउस, अस्पताल, पर्किंग स्थलों, विभिन्न चैराहों तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर प्रचार सामग्री लगाई है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सड़क सुरक्षा को लेकर स्वयं भी जागरूक रहें और अन्य लोगों को भी प्रेरित करें।

# 16 विकास कार्य स्वीकृति, 13 के टेंडर अलॉटमेंट को मंजूरी

## विकास कार्यों में गुणवत्ता और निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करवाने के मेयर ने दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम नगर निगम की वित्त एवं संविदा कमेटी की बैठक लेती मेयर मधु आजाद।

**मंगलवार** को नगर निगम गुरुग्राम की वित्त एवं संविदा कमेटी की बैठक में 16 विकास कार्यों को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई। साथ ही 13 विकास कार्यों के टेंडर अलॉटमेंट को मंजूरी दी गई।

बैठक में जिन 16 विकास कार्यों को प्रशासकीय स्वीकृति मिली, उनमें वार्ड-33 के गांव चक्करपुर में पेयजल आपूर्ति के लिए बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण करने के लिए 2 करोड़ रुपये, वार्ड-14 में पंचमुखी हनुमान मंदिर से सूर्या विहार चौक तक आरसीसी ड्रेन निर्माण के लिए 2 करोड़ 29 लाख रुपये, पेस सिटी-1 सेक्टर-37 में पेयजल आपूर्ति के लिए 1 करोड़ 11 लाख रुपये, गांव सरहौल में सीवर लाईन कार्य के लिए 2 करोड़ 35 लाख रुपये, सेक्टर-10ए में स्ट्रॉम वाटर ड्रेनेज के लिए 2 करोड़ 45 लाख रुपये, सेक्टर-47 सुशांत लोक सी ब्लॉक में सड़क, सीवर एवं पेयजल आपूर्ति के लिए 1 करोड़ 48 लाख रुपये तथा शक्ति पार्क में विभिन्न सड़कों के निर्माण के लिए 1 करोड़ 58 लाख रुपये के एस्टीमेट शामिल हैं।

इसके अलावा पालम विहार में स्ट्रॉम वाटर ड्रेनेज व्यवस्था के लिए 1 करोड़ 69 लाख रुपये, कादीपुर गांव स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में नए कमरों के निर्माण के लिए 1 करोड़ 3 लाख रुपये, सैक्टर-43 में सड़कों की रि-कारपेटिंग के लिए 2 करोड़ 31 लाख रुपये, सेक्टर-21 व 22 बी में 14 पार्कों के रेनोवेशन के लिए 2 करोड़ 45 लाख रुपये, सेक्टर-52 में सर्विस रोड के पुर्ननिर्माण के लिए 1 करोड़ 93 लाख रुपये, सेक्टर-52 में प्रस्तावित सामुदायिक केन्द्र के लिए 2 करोड़ 48 लाख रुपये, वार्ड-23 के विभिन्न पार्कों में बच्चो के खेलने के लिए उपकरण, ओपन जिम, डस्टबिन तथा बैंच आदि के लिए 1 करोड़ 49 लाख रुपये, एएसएफ चौक ग्वाल पहाड़ी में पार्क विकसित करने के लिए 1 करोड़ 1 लाख रुपये तथा सेक्टर-9 में विभिन्न सड़कों के निर्माण के लिए 1 करोड़ 9 लाख रुपये के एस्टीमेटों को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई।

### इन 13 कार्यों के टेंडर अलॉटमेंट को मिली मंजूरी

**बैठक** में 13 विकास कार्यों के टेंडर अलॉटमेंट को भी मंजूरी प्रदान की गई। इनमें गांव झाड़सा में प्रजापति धर्मशाला के पुनर्निर्माण के लिए 2 करोड़ 13 लाख रुपये, वार्ड-35 में सड़कों के निर्माण के लिए 1 करोड़ 72 लाख रुपये, सेक्टर-4 में स्ट्रॉम वाटर ड्रेनेज के लिए 1 करोड़ 50 लाख रुपये तथा 1 करोड़ 53 लाख रुपये, अर्जुन नगर में मल्टीपर्पज हॉल के लिए 2 करोड़ 49 लाख रुपये, हरसरू गांव के नजदीक टेंचलैस तकनीक से सीवर लाईन निर्माण के लिए 1 करोड़ 47 लाख रुपये, गांव टीकरी में ओल्ड एज होम के पुनर्निर्माण के लिए 1 करोड़ 68 लाख रुपये, गांव नाथूपुर में बूस्टिंग स्टेशन एवं अंडरग्राऊंड टैंक निर्माण के लिए 1 करोड़ 84 लाख रुपये, सेक्टर-52 में शेष बची सड़कों की मरम्मत के लिए 1 करोड़ 49 लाख रुपये, जोन-2 क्षेत्र में बेहतर एवं शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए 2 करोड़ 41 लाख रुपये तथा जैकबपुरा स्थित रविदास भवन के पुनर्निर्माण के लिए 1 करोड़ 92 लाख रुपये के टेंडर अलॉटमेंट शामिल हैं।

## वितीय एवं डिजिटल साक्षरता बैंकिंग के प्रति जागरूक किया


ग्रामीणों को जागरूक करते बैंक अधिकारी।

**पलवल।** सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक की शाखा मीरपुर कोराली ने विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर वित्तीय साक्षरता व डिजिटल बैंकिंग की जानकारी दी। सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक पलवल क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक सतीश कुमार, आकाश शाखा प्रबंधक मीरपुर कोराली उपस्थित थे। सतीश कुमार ने बताया कि आज की तकनीकी बैंकिंग के परिपेक्ष्य में वितीय साक्षरता और डिजिटल बैंकिंग की जानकारी ग्रामीण जनों के लिए बहुत अहम है। उन्होंने बैंक की विभिन्न जमा योजनाओं, बीएसबीडी, बचत, आवर्ती, सावधि, म्हारी लाडो आदि योजनाओं की जानकारी दी।

सतीश कुमार ने आमजन को प्रधानमंत्री सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, मोबाइल बैंकिंग, रुपये कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, यूपीआई, भीम एप, डाटा सुरक्षा व गोपनीयता की जानकारी दी। सतीश कुमार ने ग्राहकों को बैंक की ऋण योजनाओं और एक मुश्त समझौता योजना की जानकारी भी दी। आमजन से बैंक की विभिन्न ग्राहक मैत्री योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। शाखा प्रबंधक आकाश ने भी लोगों को वितीय साक्षरता व बैंक की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

## देखरेख के अभाव में जर्जर हो रहा पटवार घर

### पटवारियों के नहीं बैठने से किसानों की समस्याओं का नहीं हो रहा समाधान


झिरका में रखरखाव के अभाव में खण्डर बना पटवार भवन।

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका

**तीन** दशक पूर्व किसानों की जमीनी समस्याओं को निपटारा किए जाने के लिए, बनाए गए पटवार घर में पटवारी नहीं बैठने से पटवार भवन जर्जर हो कर गिरने लगा है। यही नहीं बल्कि पटवार घर अवैध अतिक्रमण का शिकार भी हो चुका है।

सरकार की नीति व विभागों के मार्गदर्शन पर हमेशा सवाल उठते रहे हैं। पटवार घर जैसे अनेक भवन रख-रखाव के अभाव में जर्जर हो चुके हैं। जबकि सरकार के खजाने से जनता की गाढ़े खून-पसीने की कमाई से लोगों की जन सुविधा के लिए करोड़ों रुपये की राशि खर्च कर सरकारी भूमि में इन भवनों का निर्माण कराया गया है। दिल्ली-अलवर मार्ग पर नगर पालिका की बेशकीमती भूमि पर पटवार घर का निर्माण 1992 में किया गया था। उस समय राजस्व विभाग की ओर से सरकार को बताया गया था कि एक भवन के नीचे सभी पटवारियों के बैठने से किसानों की भूमि सम्बन्धित समस्याओं का निराकरण में तेजी आएगी।

ताहिर, जेकम, रामलाल, चरण सिंह, फखरू आदि किसानों ने कहा कि पटवार घर में पटवारी नहीं बैठने से जहां किसान परेशान हैं वहीं रखरखाव के अभाव में पटवार भवन जर्जर हो कर दीवार गिरने लगी हैं। किसानों ने कहा कि जो भवन प्रयोग नहीं आ रहा हो उसे बनवाने पर सरकार के खजाने से राशि खर्च कराने की क्या आवश्यकता थी।

किसानों ने कहा कि यह अकेले फिरोजपुर झिरका स्थिति पटवार भवन की बात नहीं है हर गांव में सरकार के खजाने से चौपाल, कॉपरेटिव सहकारी समिति के खाद गोदाम, स्कूल भवन आदि बनाए गए, लेकिन आज सारे भवन बेकार पड़े हुए है। जिससे सरकारी भूमि व भवनों पर खर्च की गई राशि दोनों बेकार हो चुके हैं। लोगों ने सरकार से भविष्य में किसी भी योजना के अंतर्गत भवन निर्माण करने से पहले लोगों के हितों को ध्यान में रख कर भवन निर्माण करने की मांग की।

## संक्षिप्त समाचार

### कॉलेज में शिक्षक विनिमय कार्यक्रम का आयोजन



**पलवल।** मंगलवार को जीजीडीएसडी कॉलेज, पलवल एवं डीएवी शताब्दी कॉलेज फरीदाबाद के रसायन विभाग द्वारा शिक्षक विनिमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभाग के लगभग 70 विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को एक अलग परिवेश से परिचित कराना था। कार्यक्रम में जीजीडीएसडी कॉलेज पलवल के प्राध्यापक डॉ. रमन सैनी को डीएवी कॉलेज के विद्यार्थियों को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया। डीएवी कॉलेज की प्राध्यापिका सुजाता ने जीजीडीएसडी कॉलेज, पलवल के विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए आमंत्रण भेजा। ये कार्यक्रम ऑनलाइन प्रणाली के जरिए पूरा किया। कार्यक्रम का मुख्य केंद्र बिंदु विद्यार्थियों के वैज्ञानिक स्तर का विकास करना था। इस दौरान जीजीडीएसडी कॉलेज,पलवल के प्राध्यापक रमन ने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच एवं उससे जुड़े तथ्य बताए। उन्होंने अपने व्यक्तव्य में व्यवहार में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने पर भी जोर दिया। प्रोफेसर सुजाता ने जीजीडीएसडी कॉलेज, पलवल के विद्यार्थियों को दैनिक कार्यों में रसायन शास्त्र का महत्व समझाया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. वनिता सपरा ने इंटरनेट संचार के माध्यम से किया। जीजीडीएसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जीके सपरा ने बताया कि रसायन विभाग द्वारा उठाया गया ये कदम बड़ा ही प्रशंसनीय है व ऐसे कार्यक्रम शैक्षिक जीवन की वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। उन्होंने विभागाध्यक्ष डॉ. अंजू को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में विभाग के सभी प्राध्यापक डॉ. रूचि शर्मा, डॉ. वनिता सपरा एवं सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### तावडू में व्यापारी की हत्या से हड़कंप



**तावडू।** मंगलवार को शहर की नई अनाज मंडी में एक व्यापारी की हत्या होने से हड़कंप मच गया। हादसे की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई। वीरेंद्र सिंह निवासी तावडू ने बताया कि नगर की नई अनाज मंडी में आढ़त नंबर 60 पर उनके पिता किशन दत्त गुप्ता (80) अकेले ही रहते थे। बीती रात्रि पड़ोसी व्यापारी के माध्यम से उनके गोदाम का दरवाजा खुला होने की सूचना उन्हें मिली। जिसके बाद उनका पुत्र अनाज मंडी में गोदाम पर पहुंचा तो पिता किशन दत्त गुप्ता वहां से गायब थे। खोजबीन के बावजूद देर रात तक उनका कोई सुराग नहीं मिला। उन्होंने बताया कि मंगलवार तीन बजे के करीब गोदाम के अंदर वह रो रहे प्लास्टिक कट्टों के बीच में खून से लथपथ उन का शव मिला। उन्होंने पुलिस को सूचित किया। घटना की सूचना मिलते ही शहर थाना प्रभारी ओमबीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके पर जांच की। व्यापारी किशन दत्त की गला घोंट कर बेदर्दी से हत्या की गई थी। गोदाम का फर्श भी खून से लथपथ था। मामले में हत्यारों का अभी कोई सुराग पुलिस के हाथ नहीं लगा है। नगर में व्यापारी की हत्या से अन्य व्यापारियों में भय व गुस्से का माहौल है। शहर थाना प्रभारी ओमवीर सिंह ने बताया कि मंगलवार तीन बजे के करीब नई अनाज मंडी की आढ़त नंबर 60 के गोदाम में एक शव मिलने की सूचना उन्हें मिली थी। मृतक की पहचान व्यापारी किशन दत्त निवासी तावडू के रूप में हुई है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। जल्दी ही इस हत्या की गुत्थी को सुलझा लिया जाएगा।

## नूंह में भाजपाइयों ने गुरनाम सिंह चढ़ूनी का पुतला फूंका

### किसान नेता और कांग्रेस नेताओं की आंदोलन में मिलीभगत

दीपक कुमार। नूंह


नूंह के अड़बर चौक पर पुतला फुंकते भाजपा नेता और कार्यकर्ता।

**जिला** नूंह मुख्यालय पर मंगलवार को भाजपा नेताओं ने कांग्रेस व किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी का पुतला फूंककर रोष प्रकट किया। किसान नेता और कांग्रेस नेताओं की आंदोलन में मिलीभगत के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नूंह में किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी और कांग्रेस पार्टी का पुतला फूंक प्रदर्शन किया।

मंगलवार सुबह सभी भाजपा नेता और कार्यकर्ता नूंह भाजपा कार्यालय पर एकत्रित हुए। इसके बाद भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय से पुराने डीसी निवास के सामने से होते हुए गोशाला रोड से नूंह के अड़बर चौक पर पहुंचे और इकट्ठे होकर विरोध प्रदर्शन कर पुतला फूंका। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल व भाजपा ने कहा कि कांग्रेस और गुरनाम सिंह की साठगांठ उजागर हो गई है। कांग्रेस और गुरनाम सिंह अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए भोले-भाले किसानों का इस्तेमाल करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

किसान संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा गुरनाम सिंह से किनारा कर लेना बताता है कि कैसे गुरनाम सिंह किसानों का इस्तेमाल करके साठगांठ का खेल खेल रहे थे। इस मौके पर भाजपा नेत्री नोक्षम चौधरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ताहिरा अजमत, जिला मीडिया प्रभारी मनीष जैन, भाजपा नेता जाहिद हुसैन बाई, ताहिर हुसैन एडवोकेट, बीरपाल कालियाका, एससी सेल के जिला अध्यक्ष गंगादान डागर, दलबीर छपेड़ा, एससी सेल के पूर्व जिला अध्यक्ष योगेश तंवर, ताहिरा बेगम, भानीराम मंगला, पिंटू मास्टर उजीना, पूर्वमंडलाध्यक्ष डॉ सुरेश बघेल, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद आर्य, जगन पार्षद, श्रीपाल शर्मा, रहीश अलालपुर व रमेश मानुवास आदि मौजूद रहे।

## रंजिश के चलते दो व्यक्तियों में झगड़ा, दिल्ली-अलवर मार्ग पर लगा जाम

**फिरोजपुर-झिरका।** सिंघ्रावट गांव के दो लोगों के बीच रंजिश को लेकर नई सब्जी मंडी के पास झगड़ा हो गया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि अम्बेडकर चौक से लघु सचिवालय जाने वाली सड़क पर जाम लग गया। वहां लोगों के बीच-बचाव से झगड़ा सुलझाने के बाद बड़ी मुश्किल से सड़क पर लगा जाम खुलवाया गया। सिंघ्रावट गांव के दो परिवारों के बीच काफी दिनों से झगड़ा चल रहा है। मंगलवार को दोनों परिवारों के मुखिया नई सब्जी मंडी में आमने सामने हो गए। दोनों के बीच रंजिश को लेकर झगड़ा शुरू हो गया। झगड़ा बढ़ने पर भीड़ एकत्रित होने से अम्बेडकर चौक से लघुसचिवालय की ओर जाने वाले दिल्ली-अलवर मार्ग पर वाहनों का जाम लग गया। वाहनों के जाम लगने से दोनों ओर काफी भीड़ लग गई, आधे घंटे लगे जाम के बाद मौजूद लोगों ने दोनों व्यक्तियों के समर्थकों को समझाकर झगड़े का अंत किया गया, उसके बाद सड़क पर लगे जाम में फंसे वाहनों को दोनों ओर चलता किया गया।



## बच्चों ने केसीएन वर्ल्ड स्कूल का भ्रमण किया


केसीएम स्कूल का भ्रमण करते हुए विद्यार्थी

**पलवल।** हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद पंचकूला के आदेशानुसार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंडकोला के नौवीं से 12वीं के छात्र-छात्राओं को मिलन पार्टनरशिप कार्यक्रम के तहत केसीएम वर्ल्ड स्कूल में ले जाया गया। प्रधानाचार्य जितेंद्र यादव व अन्य स्टाफ सदस्यों के साथ सभी बच्चे सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए, मास्क पहनकर इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण व शहरी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं का आपसी वैचारिक मिलन है। जिसमें उन्हें आपस में एक-दूसरे के विचार शेयर करने, अपनी-अपनी रुचि व शौक बताने व अन्य गतिविधियों में भाग लेने का मौका मिलता है। मंडकोला के विद्यार्थियों ने केसीएम वर्ल्ड स्कूल में विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर अनिल भारद्वाज, प्राचार्या पारुल भारद्वाज, करियर काउंसलर नरेंद्र कुंडू, एडमिन डायरेक्टर डीडी भारद्वाज व अपने विद्यालय के आचार्य जितेंद्र यादव और अन्य अध्यापकों के साथ केसीएम वर्ल्ड स्कूल की कंप्यूटर लैब, फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी लैब का भ्रमण किया। सभी लैब प्रभारियों ने लैब संबंधी संक्षिप्त जानकारी विद्यार्थियों को दी। लाइब्रेरी इंचार्ज मंजू तंवर ने लाइब्रेरी का भ्रमण कराते हुए विद्यार्थियों को अपनी पुस्तकों को सुंदर व सुरक्षित ढंग से रखने के गुर भी समझाए। इसके पश्चात दोनों विद्यालयों के छात्र-छात्राओं का आपस में इंटरेक्शन कार्यक्रम हुआ। मंडकोला के छात्र-छात्राओं ने रागिनी, एकल नृत्य, हरियाणवी व पंजाबी नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी। प्रधानाचार्य जितेंद्र यादव ने समस्त केसीएम वर्ल्ड स्कूल के स्टाफ का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपप्रधानाचार्य विजयवीर, प्रवक्ता राजबाला, सत्यदेव, वेदप्रकाश, कविता रानी और रेखा चौधरी ने सहयोग दिया।

## राशन डिपो के नये लाइसेंस आवेदन अब पोर्टल से होंगे स्वीकार

**नूंह।** उपायुक्त धीरेन्द्र खड़गटा ने बताया कि खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा केन्द्रीय सेवाओं और राशन डिपो के नये लाईसेंस जारी करने इत्यादि से संबंधित सेवाओं को सरल पोर्टल पर ऑनलाइन कर दिया गया है। इसके लिए पब्लिक डोमेन पर राशन डिपुओं से संबंधित सेवाओं के ऑनलाइन आवेदन हेतु सरल पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यू डब्ल्यू डॉट सरलहरियाणा डॉट जीओवी डॉट आईएन से जोड़ा गया है, जिससे उपभोक्ताओं के समय व धन की बचत होगी। उन्होंने नागरिकों से आग्रह करते हुए कहा कि सरकार द्वारा लागू की गई जनकल्याणकारी नीतियों व दी जा रही सेवाओं का ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाएं।

## बसों की कमी, जान जोखिम में डाल रहे यात्री

### निजी वाहनों में यात्रा करने पर मजबूर यात्री

पायनियर समाचार सेवा-फिरोजपुर झिरका।

**रोडवेज** बसों की कमी और संचालन की नीति ठीक नहीं होने से आए दिन यात्रियों को जान जोखिम में डाल कर निजी वाहनों में यात्रा करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण विभाग की संचालन नीति है बसों के मुकाबले यात्रियों की संख्या ज्यादा है और दिन में बसें सड़कों पर कम ही फेरे लगाती हैं। परिवहन विभाग की मनमानी से आए दिन सरकारी खजाने को लाखों रुपये राजस्व का चूना लगाया जा रहा है।

फिरोजपुर झिरका के तीनों ओर राजस्थान सटा हुआ है। इसके अलावा स्थानीय लोगों का दिल्ली-गुड़गांव जाने के मुकाबले हर कार्य के लिए अलवर आना-जाना लगा रहता है। यात्रियों के अनुसार हर आधे घंटे में एक बस की सवारी अलवर आती-जाती है।

इसके अलावा झिरका से बढ़कली नूंह, पहाड़ी, तिजारा आदि जाने के लिए यात्रियों के मुकाबले बसों की संख्या बहुत कम है। इसके अलावा सरकारी बसों की संचालन टाइमिंग बहुत खराब है एक के पीछे एक बस खाली दौड़ती रहती है। जब यात्रियों के जाने का समय होता है उस समय सरकारी बसों का दूर दूर तक पता नहीं होता, मजबूरी में लोगों को निजी थ्रीव्हीलर, मार्शल, निजी बसों में अपनी जान जोखिम में डाल कर यात्रा करनी पड़ती है। इसके अलावा परिवहन विभाग की लापरवाही के कारण प्रति दिन लाखों रुपये के राजस्व का सरकारी खजाने को नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसके लिए आज तक किसी भी विभाग की जिम्मेदारी फिक्स नहीं की गई है। इसके अलावा पुलिस की ओर से भी मोटरसाइकिल का तो चालान कर इंपाउंड किया जाता है लेकिन सड़कों पर दौड़ रहे अवैध यात्री वाहनों का चालान करने से पुलिस भी कतराती है।


बसों के अभाव में निजी वाहनों में जान जोखिम में डाल कर यात्रा करते यात्री।

### सरकारी बसों में बैठने की आदत डालें लोग : मूलचंद्र शर्मा

**प्रदेश** के परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा ने कहा कि जल्दी ही 400 नई बसों को परिवहन विभाग को सौंप दी जाएंगी, उसके बाद बसों की संख्या बढ़ा कर नूंह जिले में यात्रियों को निजी वाहनों से छुटकारा दिलाया जाएगा, उन्होंने यह भी कहा कि यात्री भी निजी वाहनों में यात्रा करने के बजाए सरकारी बसों में बैठने की आदत डालें।

## पंजीकृत श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के तहत प्रदान किया जा रहा है लाभ : उपायुक्त

**नूंह।** हरियाणा भवन एवं संनिर्माण श्रम कल्याण बोर्ड द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से श्रमिकों को विभिन्न सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। बोर्ड द्वारा श्रमिकों को बच्चों की शादी पर वित्तीय सहायता, विधवा पैंशन, मातृत्व लाभ, पितृत्व लाभ, औजार खरीदने हेतु उपदान, मुख्यमंत्री महिला श्रमिक सम्मान योजना, सिलाई मशीन योजना, साईकिल योजना, कन्यादान योजना, मुफ्त श्रमण योजना, अक्षम बच्चों को वित्तीय सहायता, दिव्यांग सहायता, दिव्यांग पैंशन, चिकित्सा सहायता, मकान की खरीद व निर्माण हेतु ऋण सहायता प्रदान की जाती है।

### जल बचाने की कवायद शुरू, सक्षम युवा करेंगे लोगों को जागरूक

**नूंह।** नूंह जिले के नगीना खंड कार्यालय में मंगलवार को जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें खंड के दर्जनों सक्षम युवाओं ने भाग लिया। मौके पर खंड कोआर्डिनेटर खुर्शीद अहमद ने बताया कि जल जीवन मिशन के माध्यम से देश व प्रदेश सरकार ने इन दिनों जल संरक्षण एवं संस्था के मुद्दे पर जन सहभागिता अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत जल संरक्षण सहयोगी संस्थाएं आमजन को जल की शुद्धता व उसके रख रखाव के बारे में जागरूक कर रही हैं। जूनियर इंजीनियर जेई अबरार ने सक्षम युवाओं को जल जीवन मिशन के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि पेयजल की सुरक्षा व उसकी शुद्धता के प्रति आमजन को भी जागरूक किया जाए साथ ही साथ गांव वालों को पेयजल की महत्व व आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि जल के बिना जीवन अधूरा है यदि समय रहते हम जल का संरक्षण नहीं किया तो आने वाला भविष्य खतरे में है। उन्होंने कहा कि हमारी पृथ्वी पर पीने योग्य पानी बहुत कम बचा है और अगर हम इसके प्रति अभी से जागरूक नहीं हुए तो विश्व की एक तिहाई जनसंख्या 2050 में पानी के अभाव में दम तोड़ देगी समय रहते यदि हम सब प्रत्येक नागरिक इसके प्रति जागरूक होंगे और जल बचाने में अपनी जिम्मेदारी समझेंगे और आमजन को इसके प्रति सचेत करेंगे तब जाकर हम भविष्य में जो पीने योग्य पानी का संकट आने वाला है उससे बचा जा सकेगा। 80 प्रतिशत बीमारियां दूषित पेयजल से हो रही है इसके लिए शुद्ध पेयजल का होना बहुत जरूरी है विभाग द्वारा समय-समय पर पानी की टेस्टिंग की जाती है फिर भी जल को शुद्ध रखने में आप इसमें सहयोग करें। सक्षम युवा आदिल, नेहा, फरजाना व सीमा के अलावा अन्य सक्षम युवा मौजूद रहे।

पायनियर क्लासीफाइड

• नाम परिवर्तन •

I, Sunil Adhana S/o Lekhraj R/o H.No. 54/2, Nambardar Mohalla Village Fattupura, Faridabad have changed my son name from Paras to Paras Adhana for all purposes.

• बेदखली सूचना •

मैं, मोहिन्दर सिंह पुत्र श्री रामचन्दर निवासी ग्राम महताना तह. व जिला सोनीपत ध्यान करता हूँ कि मेरा सगा पुत्र सन्दीप व उसकी पत्नी योगिता मेरे कहने सुनने से बाहर है को अपने चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया हैं। भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मैं व मेरा परिवार नहीं।

• बेदखली सूचना •

मैं रामबीर सिंह पुत्र देवकरण निवासी उटौन तावडू जिला नूंह अपने पुत्र विनोद कुमार को गलत आचरण के कारण, अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में वह स्वयं अपने कार्य का जिम्मेदार रहेगा।

मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

कासिम खान
ब्यूरो प्रमुख नूंह ( मेवात )
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मन्नी मार्केट पिनगवां, मेवात।

पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

नज़रिया



दिनेश रघुवंशी, कवि

असम्भव कुछ नहीं है अब यहाँ हर चीज़ सम्भव है
सचाई दब के रह जाये यहाँ अब झूठ-गौरव है
ज़रूरी मुद्दों पे चर्चा करेंगे बाद में लेकिन
जहाँ देखो वहीं पर ही अभी 'तांडव' पे तांडव है

## देशभक्ति से ओत-प्रोत होगा गणतंत्र दिवस समारोह

### एक दर्जन भर स्कूली और कॉलेजों की टीमों के प्रदर्शन का निरीक्षण किया

### फाइल रिहर्सल 22 जनवरी को वाईएमडी कालेज से प्रांगण होगी

पायनियर समाचार सेवा। नूंह


गणतंत्र दिवस की तैयारियों का लिया जायजा।

**जिले** के यासीन मेव डिग्री कॉलेज में 26 जनवरी को आयोजित होने वाला गणतंत्र दिवस समारोह देशभक्ति से ओत-प्रोत होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति देने वाली एक दर्जन भर स्कूली व कॉलेजों की टीमों के प्रदर्शन का निरीक्षण किया। ताकि टीमें निरन्तर अभ्यास कर गणतंत्र दिवस समारोह में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दे सकें। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त डॉक्टर मुनीष नागपाल ने दी।

उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह में आयुक्त फरीदाबाद मंडल संजय जून बतौर मुख्य अतिथि ध्वजारोहण करेंगे व परेड की सलामी लेंगे और उपस्थितजन को अपना संदेश देंगे। इस कार्यक्रम से पूर्व मुख्यातिथि शहीद स्मारक पर देश के वीर शहीदों को अपने श्रद्धासुमन भी अर्पित करेंगे। एडीसी ने बताया कि गणतंत्र दिवस की कार्यक्रम के लिए फाइल रिहर्सल 22 जनवरी को वाईएमडी कालेज से प्रांगण होगी। गणतंत्र दिवस समारोह में प्रस्तुति के लिए आज सरदार गुरमुख सिंह स्कूल में लगभग एक दर्जन स्कूलों व कालेजों की टीमों ने पूरी तैयारी के साथ चयन समिति के समक्ष अपने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। चयन समिति में उपमण्डल अधिकारी ना. संजीव कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश गोरिया, व सरदार जीएस मलिक ने कार्यक्रमों के बोल व उनके थीम पर आधारित कार्यक्रमों का निरीक्षण किया तथा टीम इंचार्ज को सुधार के भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रस्तुत किए जाने वाले कार्यक्रमों के पूर्वाभ्यास में आज चयन समीति के समक्ष राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंडरी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अड़बर, राजकीय महिला कॉलेज पुन्हाना, मेवात हाई स्कूल नूंह, मेवात मॉडल स्कूल नूंह, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घासेड़ा, राजकीय महिला महाविद्यालय सालाहेड़ी, राजकीय महाविद्यालय नगीना, राजकीय हरद्वारी लाल महाविद्यालय तावडू, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नूंह, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अड़बर, हिन्दु वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नूंह, की सांस्कृतिक कार्यक्रमों की टीमों ने अपने-अपने कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# अनिवासी भारतीय

## ब्रिटेन व अमेरिका में दबदबा

**कहा** जाता है कि पश्चिमी दुनिया में अनिवासी भारतीयों का दबदबा है, फिर चाहे वे आप्रवासियों की पहली पीढ़ी से संबंधित हों अथवा तीसरी या चौथी पीढ़ी से। पश्चिमी देशों में उनका असर 'भारतीय' समुदाय की संख्या की तुलना में अधिक है। तमिल व जमैका मूल की महिला कमला हैरिस आंशिक रूप से भारतीय नस्ल की हैं। अपनी तमिल मां के बावजूद हैरिस स्वयं को 'अश्वेत' के रूप में परिभाषित करती हैं। वे संयुक्त राज्य अमेरिका के एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण पद पर पहुंच रही हैं और बहुत से लोगों ने खुलेआम उनके बहुत जल्द संभावित राष्ट्रपति उम्मीदवार के रूप में आने की उम्मीद लगाई है। धाराप्रवाह संस्कृत व तमिल बोलने में सक्षम हैरिस भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर की दूर की रिश्तेदार हैं। हैरिस के अलावा भारतीय मूल के 20 से अधिक लोग बाइडेन-हैरिस प्रशासन में 20 जनवरी को अपनी भूमिका प्राप्त करेंगे। वे लगभग पूर्ण श्वेत ट्रंप प्रशासन तथा ओबामा प्रशासन से भी अलग होंगे जिसमें अभिनेता कलपन मोदी या 'काल पेन' भारतीय मूल का सर्वाधिक उल्लेखनीय चेहरा थे। हालांकि, पश्चिमी देशों में बड़े पद पर पहुंचने वाली हैरिस पहली भारतीय नहीं हैं। बोरिस जान्सन के कैबिनेट में भारतीय मूल के मंत्री हैं जिनमें चांसलर ऋषि सुनक व गृह सचिव प्रीति पटेल सर्वाधिक उल्लेखनीय हैं। भारत में हम लोग विदेशों में अपने बंधुओं की उपलब्धियों से प्रसन्न होते हैं, पर उनमें से अनेक ने इस पद पर पहुंचने के लिए संस्थागत नस्लवाद का सामना किया है। इस संबंध में हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि इनमें से अनेक लोग अपने भारतीय मूल पर भले ही गर्व करें, पर उनका अपने



मूल देश से कुछ लेनादेना नहीं है। यदि उनमें से किसी का संबंध भारतीय समाज के निचले दर्जे से रहा हो तो उनके मन में भारत की छवि खराब होगी और वे उसके प्रति शत्रुतापूर्ण दृष्टिकोण भी अपना सकते हैं। वास्तव में इस बात की पूरी संभावना है कि पश्चिमी दुनिया में भारतीय मूल के राजनेता व नौकरशाह इस शक्ति का प्रयोग भारतीय नीति निर्माताओं पर दबाव डालने के लिए करें। वास्तव में अमेरिका में प्रमिला जयपाल जैसे लोगों ने ऐसा करने का प्रयास भी किया है। इसके साथ ही, वैश्विक राजनीति के कारण पश्चिमी दुनिया को भारत के निकट आने की आवश्यकता है क्योंकि चीन के खिलाफ मजबूती प्रदर्शित करना उनके लिए महत्वपूर्ण है। आस्ट्रेलिया, जापान, अमेरिका और भारत के बीच क्वाड गठबंधन एक यथार्थ है और इसका महत्व बना रहेगा। 2019 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन हस्टन में किया था तथा ट्रंप को पिछले साल भारत यात्रा के लिए आमंत्रित किया था। इसके कुछ प्रभाव भारतीय नीति निर्माताओं पर पड़ सकते हैं। इस प्रकार अमेरिका में भारतीय मूल के लोगों की सफलताओं पर प्रसन्न होते हुए भी हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि कुछ यथार्थों की अनदेखी उचित नहीं होगी। अनेक भारतीय पश्चिमी दुनिया में पहुंचने पर 'घेरेबंदी' की मानसिकता का अनुभव करते हैं। यह स्थिति स्पष्ट रूप से सैन जोस, कैलीफोर्निया व एडिसन, न्यूजर्सी, आदि शहरों में दिखती है। भारत में हमें यह तथ्य अनदेखा नहीं करना चाहिए। यह भी सच है कि पश्चिमी दुनिया में भारतीयों की बहुत बडी संख्या केवल उच्च जातीय आप्रवासियों की नहीं है, बल्कि उनमें से अनेक अत्यधिक आत्मकेन्द्रित मानसिकता वाले हो सकते हैं। वास्तव में पश्चिमी समुदायों की तुलना में भारत में सामाजिक जातीय गतिशीलता ज्यादा आसान है। पश्चिम में प्रवास करने वाले समुदायों में यह ज्यादा कठिन है क्योंकि उनका सामाजिक ढांचा अतीत में जड़े जमाए हो सकता है, जबकि भारत ने प्रगति कर ली है।

# कौशल विकास पर ध्यान देना आवश्यक

नई शिक्षा नीति राष्ट्रीय प्राथमिकताओं व समकालीन यथार्थ के अनुरूप है। इसमें लंबे समय से अनदेखे किए जा रहे क्षेत्रों पर ध्यान दिया गया है।



**ए. सूर्यप्रकाश**
(लेखक लोकतांत्रिक अध्ययनों के विशेषज्ञ हैं)



दशकों तक हठधर्मिता के बाद शिक्षा क्षेत्र में केन्द्र सरकार तथा नीति निर्माताओं ने एक नई शिक्षा नीति-एनईपी पेश की है जो राष्ट्रीय प्राथमिकताओं तथा समकालीन यथार्थ के अनुरूप है। इसका कारण यह है कि नई नीति में तीन अत्यन्त महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान दिया गया है जिनकी लंबे समय से अनदेखी हो रही थी। ये हैं-समग्र एवं बहुविषयी शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा व कौशल संवर्धन तथा डिजिटल शिक्षा के माध्यम से अवसरों की समानता। केन्द्र ने अतीत में भी शिक्षा नीतियां बनाई हैं। लेकिन अतीत की अनेक अन्य चीजों की तरह ये नीतियां भी दूरदृष्टि, पैसे व प्रतिबद्धता के अभाव में निरर्थक सिद्ध हुईं। अंततः वे कुछ खोखले शब्द बन कर रह गईं तथा अतीत की चीजें बन गईं।

इनकी स्थिति अतीत की सरकारों द्वारा छापी गई अनेक चीजों जैसी बन गई। लेकिन इस बार चीजें अलग हैं क्योंकि शिक्षा के क्षेत्र में असली समस्याओं की पहचान के साथ ही उनसे निपटने का प्रयास किया गया है। इनमें बच्चों की शुरुआती शिक्षा, स्कूलों के पाठ्यक्रम व शिक्षाशास्त्र, भाषाई शिक्षा, समग्र व समन्वित शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा तथा भारतीय भाषाओं, कला व संस्कृति को बढ़ावा देना शामिल हैं। इस नीति के सभी आयामों को एक स्तंभ में समाहित करना कठिन है, इसलिए हमें अपने ध्यान कुछ आयामों जैसे, समग्र, बहुविषयी व व्यावसायिक शिक्षा पर देना चाहिए। एनईपी में तक्षशिला व नालन्दा जैसे विश्वविद्यालयों के बहुविषयी दृष्टिकोण की बात कही गई है जहां अच्छी शिक्षा का अर्थ 64 'कलाओं' का ज्ञान देना था। इनमें गायन, पेंटिंग, रसायन, गणित, चिकित्सा, इंजीनियरिंग तथा बढ़ईगीरी, वस्त्र निर्माण जैसे व्यावसायिक कौशलों के साथ संप्रेषण व बहस जैसे कौशल भी शामिल हैं। दूसरे शब्दों में यह समग्र ज्ञान था जो अपने आप में संपूर्ण व समग्र शिक्षा थी। यह व्यक्तियों को विभिन्न विषयों की मूलभूत समझदारी देने के साथ ही उनको शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों तथा जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करती थी। एनईपी के अनुसार, 'विचार यह है कि रचनात्मक मानव व्यवहार की सभी शाखाओं को कला समझना चाहिए जो विशिष्ट रूप से भारतीय मूल की हैं। इनमें गणित, विज्ञान, व्यावसायिक विषय, पेशेवर विषय तथा भावनात्मक कौशल शामिल हैं।' इनको 'भारतीय शिक्षा में वापस लाया जाना चाहिए और यही बात उस शिक्षा के बारे में सही है जो 21वीं शताब्दी के लिए आवश्यक है।' यदि एनईपी का यह उद्देश्य कथन पूरी प्रतिबद्धता से लागू किया जाए तो देश में उच्च शिक्षा में क्रांतिकारी परिवर्तन होंगे, जबकि यह कला और विज्ञान विषयों के बीच दशकों से विभाजन के कारण बरबाद हो गई है, जैसे कि ये विषय एक दूसरे के दुश्मन हों। इस नीति को इतनी क्रूरता के साथ लागू किया जाता था कि परास्नातक व पीएचडी डिग्री धारक भी अपनी शिक्षा और दुनिया की समझदारी के बारे में अधूरेपन की भावना से ग्रस्त होते थे तथा इसके परिणामस्वरूप अपने पश्चिमी समकक्षों के बीच खो जाते थे जिनको समग्र शिक्षा का लाभ मिलता था। दुःख की बात है कि हमारे राजनेताओं, नौकरशाहों व शिक्षा विदों ने ऐसी नीति चला कर ज्ञान को खाचों में बांटा तथा छात्रों को कठोर विभागों में बांट कर उनको अपने पाठ्यक्रम से बाहर वाले क्षेत्रों में विचरण से वंचित कर दिया। इस संकुचित दृष्टिकोण वाली नीति के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान कर उनसे पूछा जाना चाहिए कि लाखों भारतीय छात्रों को इस विचारहीन खांचेबंदी में क्यों बांटा गया। दूसरा मुद्दा व्यावसायिक शिक्षा का है। स्वतंत्रता के बाद से भारतीयों को बताया गया है कि ब्लू कालर या शारीरिक परिश्रम वाले काम आदि कम शिक्षित लोगों के काम हैं जो औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों-आईटीआई से पास होते हैं। इनमें फैक्ट्री में लेथ मशीन चलाना या फिटर या टर्नर होना, बुलडोजर या ऐसी ही बड़ी मशीन चलाना, बढ़ईगीरी, प्लंबिंग, आधारभूत बिजली का काम, आदि शामिल हैं। मध्यवर्गीय बच्चों को कालेजों में जाकर डिग्रियां प्राप्त करनी चाहिए जिनमें कौशल बहुत कम होता है तथा उनको 'बाक्स वाला' या निजी क्षेत्र में कार्यकारी या शिक्षक बनना चाहिए। उनमें से कम सौभाग्यशाली सरकारी क्लर्क बनेंगे, जबकि ज्यादा स्मार्ट सिविल सेवा परीक्षायें पास कर बाबू बनेंगे। इसके साथ ही 'सुरक्षित' सरकारी नौकरियां नौजवानों का अंतिम लक्ष्य बन गईं। इस व्यवस्था ने छात्रों के उद्यमिता कौशलों को प्रेरित नहीं किया या उनको नए अवसर पाने के लिए चुनौती नहीं दी। इस प्रकार थोड़े भाषा कौशल व अंग्रेजी में स्मार्ट छात्रों को अच्छी आमदनी के अवसर मिले, जबकि उद्योगों व विनिर्माण क्षेत्र चलाने में सक्षम असली कौशल वाले तथा देश के सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी को बढ़ाने वाले लोगों, जैसे लेथ आपरेटरों व एलेक्ट्रीशियनों आदि को निचली श्रेणी में रखा गया। इनको कामगार वर्ग बताया गया। यह विकृति दशकों तक बनी रही क्योंकि भारतीय मध्य वर्ग ने घोषणा कर दी थी कि डिग्री प्रमाणपत्र उसके क्षेत्र तथा विवाह बाजार में प्रवेश के लिए जरूरी है। आईटीआई में तीन साल के प्रशिक्षण के बाद डिग्री बांटने के समय यह आसानी से देखा जा सकता है। अंततः नई शिक्षा नीति-एनईपी ने इस विसंगति पर गौर कर इसे समाप्त करने का प्रयास किया है।

यह वास्तव में शर्म की बात है कि मध्य वर्ग की इस विकृत आदत ने कौशल-विहीन शिक्षा को आगे बढ़ाया और यह स्वतंत्रता के बाद 70 साल तक जारी रही। इसका हमें भारी खामियाजा भुगतना पड़ा है। बारह पंचवर्षीय योजनाओं के बाद 19-24 वर्ष आयुवर्ग के भारतीय श्रमशक्ति के केवल पांच प्रतिशत हिस्से को ही औपचारिक व्यावसायिक शिक्षा मिली, जबकि यह प्रतिशत अमेरिका में 52, जर्मनी में 75 तथा दक्षिण कोरिया में 96 था। इसका अर्थ है कि सर्वाधिक विकसित देशों में व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त नौजवानों का हिस्सा अधिक था, जबकि भारतीय मध्य वर्ग व नीति निर्माताओं में इसकी कमी थी। इसका कारण यह है कि व्यावसायिक शिक्षा को मुख्यतः आठवीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ने वाले या कक्षा 11 व 12 के बाद उन छात्रों के लिए रखा गया जिन्होंने व्यावसायिक प्रशिक्षण का रास्ता चुना था। एनईपी के अनुसार, इसके परिणामस्वरूप 'व्यावसायिक शिक्षा को मुख्यधारा शिक्षा की तुलना में कमतर समझा गया जिसका उद्देश्य वे छात्र थे जो मुख्यधारा शिक्षा के अयोग्य थे।' एनईपी वह सामाजिक स्तर पदानुक्रम उलटना चाहती है जिसका संबंध व्यावसायिक शिक्षा से है। अब योजना यह है कि स्कूली व उच्च शिक्षा क्षेत्र में 50 प्रतिशत छात्रों को 2025 तक व्यावसायिक शिक्षा दी जाए। व्यावसायिक शिक्षा वाले क्षेत्रों को स्नातक डिग्रियां पाने में सक्षम बनाया जा रहा है। वैकल्पिक रूप से स्नातक छात्र चार-वर्षीय बहुविषयी कार्यक्रमों में शामिल होकर अपनी डिग्रियों के साथ व्यावसायिक कौशल भी प्राप्त कर सकेंगे। संक्षेप में शिक्षा व्यवस्था में कुशल और योग्य प्रमाणपत्र प्राप्त करने वालों तथा अकुशल पर 'पैक डिग्री वालों' के बीच रंगभेद जैसी स्थिति समाप्त हो जाएगी। जिस दिन भारत में कुशल कामगारों को उनका उचित स्थान मिलेगा, उसी दिन भारत प्रगति की दिशा में लंबी छलांग लगाएगा। अब हमें सरकार व नीति निर्माताओं पर दबाव बनाए रख कर पूरी ईमानदारी और क्षमता के साथ एनईपी का क्रियान्वयन सुनिश्चित करना होगा।

# महामारी काल में रेलवे की सराहनीय भूमिका

"कोरोनावायरस महामारी के दौरान दक्षिण-मध्य रेलवे ने देश को दिखा दिया कि विपत्ति को अवसर में कैसे बदला जाता है।"

**राम आचार्य**
(लेखक रेलवे बोर्ड के पूर्व सदस्य हैं)



कोविड-19 महामारी नी भले ही भारतीय अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर डाला हो लेकिन दक्षिण मध्य रेलवे ने ऐसे अवसर पर श्रमिक विशेष ट्रेनें चलाकर हैदराबाद से हजारों की संख्या में प्रवासी श्रमिकों को बिहार, उत्तर प्रदेश और ओडिसा में शहरों व कस्बों तक पहुंचाने का काम किया। प्रवासी श्रमिकों को सैकड़ों किलोमीटर पैदल चल कर जाने को विवश करने के बजाए ट्रेन द्वारा उनके घरों तक पहुंचाने के लिए बढ़ती व देशव्यापी इच्छा को भांपकर उसके अनुरूप काम किया, जबकि पैदल चलकर जाने की प्रक्रिया में कुछ मजदूरों की मौत भी हो गई थी। ऐसे में दक्षिण मध्य रेलवे ने समयोचित कदम उठाया। उसने भूख से पीड़ित, गरीब तथा थके हुए श्रमिकों की मदद करने की पहल की जो टूटने की कगार पर पहुंच गए थे। दक्षिण मध्य रेलवे ने 1 मई 2020 से हैदराबाद के निकट लिंगमपल्ली से झारखंड में हतिया तक एक विशेष श्रमिक ट्रेन चलाई, उसके पश्चात तेलंगाना, महाराष्ट्र तथा आंध्र प्रदेश में स्थित अपने स्टेशनों से उत्तरी एवं उत्तर-पश्चिमी भारत के विविघ स्टेशनों तक 242 विशेष श्रमिक ट्रेनें चलाईं। अगले दो महीनों के दौरान, दक्षिण मध्य रेलवे ने लगभग 3,13,500 यात्रियों को ट्रेन से भेजा और संचालनों के चरम पर, 43 श्रमिक विशेष ट्रेनें 12 घंटे के भीतर चलाईं गईं।

कोरोना महामारी के तेज होते प्रसार के बीच, दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) ने उन श्रमिकों के लिए सुरक्षित माहौल तैयार किया जो वापस अपने कस्बों व घरों को लौट रहे थे। दक्षिण मध्य रेलवे ने सामाजिक दूरी बनी रहना, सभी ट्रेनों को बार-बार सैनीटाइज किया जाना तथा सभी के द्वारा हैंड सैनीटाइजरों का इस्तेमाल किया जाना संपर्कहीन थर्मल स्कैनिंग तथा टिकट परीक्षण कर्मचारियों द्वारा कैमरों के द्वारा टिकट परीक्षण किया जाना सुनिश्चित किया। साथ में, स्टेशनों पर तैनात किए गए कर्मचारी पीपीई किटें, दस्ताने एवं चेहरे का सुरक्षा आवरण पहने रहते थे, यह सुनिश्चित करने के लिए कि वे और यात्री वायरस से बचे रहें। उन्होंने सह भी निश्चित किया कि यात्री मास्क पहनें तथा कोविड नियमों का पालन करें। यदि वे ऐसा नहीं करते तो अपने कस्बों व गांवों को लौटने वाले लोगों के लिए परिणाम घातक हो जाते। मूल स्टेशन से चलने वाली ट्रेनों के लिए तथा स्टेशनों से होकर गुजरने वाली ट्रेनों के लिए रेलवे कैटरिंग एवं पर्यटन निगम एवं कुछ गैर सरकारी संगठनों की सहायता से विशेष अंतरालों पर खाद्य सामग्री का प्रबंध किया जाता था। जैसे कि कोविड-19 रोगाणु देश के लिए निबटने हेतु किसी संकट के तौर पर पर्याप्त नहीं था, कि 5 मई को त्रासद स्थिति पैदा हुई जब विजाग में गैस लीक होने की घटना हो गई। परिणामतः, उस शहर से होकर विशेष श्रमिक ट्रेनों समेत सभी ट्रेनों का आवागमन रोकना पड़ा, और उन्हें थोड़ विलंब के पश्चात वैकल्पिक मार्गों से भेजा गया।

हालांकि, एससीआर के लिए यात्री गाड़ियों को बंद करना अधिक संख्या में मालगाड़ियां एवं विशेष पार्सल ट्रेनें चलाने के लिए एक अवसर था, धन अर्जित करने के लिए, जब देशव्यापी स्तर पर सामान्य आर्थिक गतिविधियां ठप हो गईं थीं। हैदराबाद के निकट काचीगुड़ा गुड्स शेड से से नई गुवाहाटी तक साप्ताहिक विशेष पार्सल ट्रेनें चलाईं गईं जिनमें मछलियां, सूखी मछलियां, अंडे, नीबू, तेल, घी आदि चीजें भेजी जाती थीं। कोविड-19 महामारी ने रेलवे को नया माल लादकर भेजने का भी अवसर प्रदान किया और उसने ककिंडा सी पोर्ट लिमिटेड से औद्योगिक नमक, नागिरेड्डीपल्ली से चावल, कडप्पा से दालें, नागरसोल से प्याज़, रेड्डीपालेम से सूखी मिर्चें व निजामाबाद से हल्दी लादकर भेजना प्रारम्भ किया। ये सभी चीजें बांग्लादेश भेजी जाती थीं।

अखिल भारतीय रेल यातायात अपने चरम स्तर से घटकर आधा रह जाने से एससीआर को विशाल गोदावरी नदी पर बने सेतु की बड़े पैमाने पर मरम्मत करने का अवसर मिला। 1977 में बने सेतु की मरम्मत किया जाना आवश्यक था और व्यापक बदलाव भी, लेकिन ऐसे व्यस्त मार्ग पर लंबे समस तक यातायात बंद रखना असंभव था। महामारी के कारण मरम्मत का काम लगभग 43 वर्षों के अंतराल के बाद शुरू किया गया, जिसमें तीन किलोमीटर लंबे सेतु पर संपूर्ण ट्रैक का नवीनीकरण शामिल थाजिसके लिए 36 घंटों के लिए यातायात रोक देना अनिवार्य था। ट्रैक को स्थानापन्न करने का काम गहनता से परीक्षण किए जाने के उपरांत प्लासर क्विक रिलेइंग प्रणाली मशीनों की मदद से किया गया, जबकि सड़क यातायात चलता रहा। इसी तरह, 1970 में काजीपट में लकड़ी के स्लीपरों के साथ जो सीजर्स क्रासओवर्स बिछाए गए थे, 72 घंटे तक यातायात बंद करने की संभावना के कारण, जो महामारी से पूर्व सोच से भी परे था। इसी तरह, विजयवाड़ा यार्ड में, उत्तर-दक्षिण तथा पूर्व कोस्ट माल आवागमन के लिए उत्तरी व दक्षिणी छोरों पर लकड़ी के स्लीपर हआ करते थे। लाकडाउन के दौरान उनके स्थान पर पीएससी स्लीपर बिछाए गए। कुल मिलाकर, 8,257 किलोमीटर के ट्रैक पर पेदल चलकर गश्त की गई और स्लाइडिंगें पूरी की गईं। यात्रियों की संख्या में जबर्दस्त गिरावट आने की बदौलत, अकोला-खंडवा उत्तर-दक्षिण लिंग के अकोला और अकोट के बीच 44 किलोमीटर ट्रैक को मीटर गेज से ब्रांड गेज में बदला गया और अस्तित्वमान 149 किलोमीटर लंबे एकल ट्रैक को दोहरे ट्रैक में बदला गया।

उसके संजाल में फैली 44 स्वास्थ्य इकाइयों एवं पांच बड़े अस्पतालों के साथ, एससीआर क्वारंटाइन केंद्रों जैसी बेहद अहम सुविधाएं मुहैया कराने में अहम भूमिका अदा कर सका, जिसमें 1,017 बिस्तर तीन स्पताह की अल्पावधि में उपलब्ध करा दिए गए। एससीआर की पुरातन कार्यशाला निजाम स्टेट रेलवे के काल की है जिसमें स्वचालित हैंड सैनीटाइजर डिस्पेंसर निर्मित किए गए, पैरों से चलाए जाने वाले नल तथा जल प्रशीतक लगाए गए। एससीआर के कर्मचारियों एवं यात्रियों को सुरक्षित रखते हुए ये कैंटीनों एवं मुख्यद्वारों जैसे सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए तथा एससीआर ने काफी सराहना अर्जित की। कोरोनावायरस महामारी के दौरान दक्षिण-मध्य रेलवे ने देश को दिखा दिया कि विपत्ति को अवसर में कैसे बदला जाता है।

## आप की बात

### कृषि कानून और न्यायपालिका

**कृषि** कानूनों पर सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने एक प्रकार से सरकार की खिंचाई करते हुए कहा है कि उसने अतीत में दी गई सलाह पर पूरी तरह अमल नहीं किया और जिम्मेदारी उस पर टालने का प्रयास किया है। सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार को याद दिलाया है कि वह नए कृषि कानूनों पर गतिरोध पर अपनी जिम्मेदारी से मुंह न मोड़े तथा न्यायालय मूलतः नीतिगत मामले में अपनी भूमिका को अनदेखा नहीं कर सकता है। इस प्रकार देश की शीर्ष अदालत ने निश्चित रूप से लोकतांत्रिक विमर्श का महत्व उजागर किया है। शीर्ष अदालत द्वारा कृषि कानूनों पर फिलहाल स्थगन लगाए जाने को कार्यपालिका के कार्यक्षेत्र में न्यायालय के हस्तक्षेप व क्षेत्राधिकार के अतिक्रमण की संज्ञा दी जा रही है लेकिन न्यायालय ने गतिरोध के मामले में सरकार द्वारा कई रास्ता न निकाल पाने की स्थिति में अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए बीच का रास्ता निकालने का प्रयास किया है। सच है कि न्यायपालिका हाथ पर हाथ धरे बैठी नहीं रह सकती। अदालत के कठोर दृष्टिकोण को किसान संगठनों की विजय के तौर पर पेश किया जा सकता है लेकिन वास्तव में यह सरकार की राजनीतिक विफलता है।

– **विजय शंकर**, प्रयागराज

### महिलाओं पर भारी पड़ी महामारी

**महामारी** के बुरे प्रभावों में कार्यबल में गिरने वाली महिलाओं की संख्या पर चर्चा बहुत कम हुई है। बहुत सी महिलाएं, जिनकी नौकरियां चली गईं अथवा भारत तथा विश्व स्तर पर महामारी के दौरान नौकरी से अवकाश पर रहीं, अब उन्हें उपयुक्त रोजगार मिलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, घरेलू नौकरों की अनुपलब्ध्ता, घरेलू कामों का बोझ, देखभाल के काम एवं बच्चों की आनलाइन शिक्षा समेत बहुत से कारकों ने उन्हें महामारी के दौरान घरों पर रहने के लिए बाध्य कर दिया। अन्य कारकों ने भी अर्थव्यवस्था को अप्रत्याशित आघात पहुंचाया है जो अचानक अपने 30 प्रतिशत प्रतिबद्ध कार्यबल से वंचित हो गई है। इससे न केवल परिवारों की वित्तीय स्थिति प्रभावित हुई है बल्कि लैंगिक समानता को भी धक्का लगा है। भारत में विद्यमान निराशाजनक लैंगिक समता परिदृश्य में महिलाओं के लिए वर्तमान माहौल में नौकरी पाना कठिन हो गया है। भारत में कोविड-19 से संघर्ष के दौरान पर्यावरण सरोकार एवं प्राथमिकताएं पीछे चली गईं क्योंकि सरकार ने अपना सारा दम घातक वायरस तथा देश पर पड़ने वाले इसके सामाजिक-आर्थिक प्रभावों से लड़ने में लगा दिया।

– **विशाल भारद्वाज**, वाराणसी

### अमेरिका में बिगड़े हालात

**अमेरिका** में राष्ट्रपति चुनाव क्या हुए वहां हिंसा का माहौल कायम हो गया। कैपिटल हिल पर उन्मादियों के हमले और उसमें निर्दोष लोगों के मारे जाने से 20 जनवरी को होने वाली राष्ट्रपति पद की शपथ बाईडेन के लिए चुनौती बन गई है। लोगों का ताबड़तोड़ गोलियां और बंदूके खरीदना किसी अनहोनी की आशंका जताता है। ट्रंप समर्थक जिस तरह से लामबंद है वह अमेरिकी शांति और व्यवस्था के लिए बुरा शगुन है। अब बाईडेन को अपनी ताकत दिखाना होगी ताकि वहां के नागरिक सुकून से रह सके। 6 जनवरी को कैपिटल हिल में दंगे और हिंसा के बाद से ही अमेरिकी हालत ठीक नहीं हुई है। डेमोक्रेट और रिपब्लिकन कार्यकर्ता अपनी सुरक्षा के लिए एक दूसरे के प्रति शंकित हैं। यही वजह है कि बाइडेन के शपथ समारोह से पूर्व अमेरिका में लोग अपनी सुरक्षा के लिए खुद साधन जुटाने लगे हैं। जानकारी बताती है कि कैपिटल हिल की घटना के बाद अमेरिका में बंदूक और गोलियों की चार गुना खरीद बढ़ गई है। ऐसे हालातों में शपथ समारोह शांतिपूर्वक संपन्न हो सकेगा कहना अभी जल्दबाजी होगी।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**आज** भारत बड़े फैसले आत्मविश्वास के साथ ले रहा है। वह न बड़े काम कर रहा है बल्कि बेहतर भी कर रहा है।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**कर्नाटक** के मराठी भाषी एवं सांस्कृतिक क्षेत्र को महाराष्ट्र में लाना सीमा पर शहीद होने वाले सिपाहियों के प्रति श्रद्धांजलि होगी।

– **उद्धव ठाकरे**
महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री





**क्षेत्रवाद** और भाषावाद की बातें देश की एकता के लिए हानिकारक हैं। मैं इसकी कड़े शब्दों में भर्त्सना करता हूं।

– **बीएस येदियुरप्पा**
कर्नाटक के मुख्यमंत्री

## संक्षिप्त समाचार

### जीबीटीएल कर्मचारियों की मांगों को लेकर प्रबंधन से मिली मजदूर सभा



**भिवानी।** मजदूर सभा सम्बंधित एटक की बैठक एटक के प्रदेश अध्यक्ष बलदेव घणघस की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम कृषि कानूनों को रद्द करवाने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे किसानों का समर्थन किया गया। इस आंदोलन के दौरान शहीद हुए किसानों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। बैठक में टीआईटी व जीबीटीएल में सुविधाओं पर चिंता व्यक्त की गई। इसके साथ ही मजदूरों की मांगों को लेकर जीबीटीएल प्रबंधन के साथ मजदूर सभा की बैठक आयोजित की गई। जिसमें कैंटीन सुचारू रूप से चालू करने, जनवरी माह में स्थानांतरण व नियमित किए जाने, एसपीएच में पूरी हाजिरी देने व अन्य मांगों को पूरा करनेकी मांग की गई। इन मांगों को प्रबंधन ने शीघ्र ही पूरा करने का आश्वासन दिया। इसके बाद आयोजित मजदूर सभा की बैठक में टीआईटी कालोनी में रहने वाले श्रमिकों ने एटक के प्रदेश अध्यक्ष बलदेव घणघस को बताया कि यहां टीआईटी कालोनी की हालत नारकीय बनी हुई है। यहां कालोनी की गलियों में न तो सफाई व न ही लोगों को पीने का पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। कालोनी में बने सार्वजनिक शौचालय जर्जर हालत में हैं। मिल से कई मजदूरों की आयु 60 वर्ष दिखाकर उनको जबरन सेवानिवृत्त किया जा रहा है।

### नप के पूर्व चेयरमैन पचगामा ने नारियल तोड़ गली की आधारशिला

**भिवानी।** विकास के पन्नों में एक पन्ना और जोड़ नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन व सैक्टर-1 के पार्षद विजय पचगांवा ने सैक्टर न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में नारियल तोड़ कर गली की आधारशिला रखी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सैक्टर में विकास कार्यों की गति में कोई कमी नहीं आने दूंगा। पिछले कुछ दिनों से सैक्टर वासियों ने गली के नवीनीकरण की मांग को लेकर उनके समाने रखी थी। पचगांवा ने चार दिन पहले भी सैक्टर 13 में चली आ रही कूड़ा उठाने की समस्या को भी दूर करवाया। कई दिनों से संचार कालोनी रोड़ पर बने मकानों के सामने कूड़ा डाला जा रहा था। सैक्टर वासियों ने इस समस्या को श्री विजय पचगांवा के समक्ष रखा। उन्होंने इस समस्या पर अगले दिन अल सुबह ही सैक्टर वासियों को इस समस्या से निजात दिलवाई।

### खेलों से शारीरिक के साथ मानसिक रूप से रह सकते है स्वस्थ : मांगेराम



**यमुनानगर।** यमुनानगर के गांव दामला में चल रहे क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मांगेराम मारुपुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से उनका परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर उन्होंने कहा की खेलों के माध्यम से न सिर्फ मनुष्य शारीरिक रुप से स्वस्थ रह सकता हैए बल्कि अपने मानसिक तनाव को भी दूर कर सकता है। इसके साथ ही खेलों से सामाजिक बनने में भी सहायता मिलती है और आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। इसके साथ ही खेलों से ही अनुशासनए सहनशीलता और धैर्य जैसे गुणों का विकास भी होता है। इस मौके पर रजत कश्यपए शिवम कंबोजए रितिक एनमनए उज्जवल एगुरप्रीत एअनिकेतए गोलूए सोनूए विशाल एभारत एसुशांत एजतिन आदि उपस्थित थे।

# नई अनाज मंडी परिसर देशभक्ति के रंग से हुआ सराबोर

## उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की दमदार तैयारियों का हुआ आगाज

### स्कूली छात्र-छात्राओं ने परेड में की कदमताल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी दमदार प्रस्तुतियां

**रणबीर सिंह।** सोनीपत

**उपमंडल** स्तर पर 26 जनवरी को नई अनाज मंडी में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम सुरेंद्रपाल ध्वजारोहण करेंगे। समारोह के सफल आयोजन के लिए तैयारियों का मंगलवार को आगाज हुआ, जिससे नई अनाज मंडी परिसर देशभक्ति के रंग से सराबोर हो उठा।



नई अनाज मंडी गन्नौर में गणतंत्र दिवस की रिहर्सल करते स्कूली विद्यार्थी।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के चयन के लिए गठित कमेटी सदस्यों प्रिंसीपल सतपाल वर्मा, सेवानिवृत्त प्रिंसीपल खेमकरण शर्मा तथा सरिता इत्यादि के निर्देशन में पहली रिहर्सल का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत परेड से की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने जोश के साथ कदमताल की। प्रयास इंटरनेशनल स्कूल के बैंड की धुनों पर मार्च पास्ट में सीसीएएस जैन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की एनसीसी की टुकड़ी के नेतृत्व में बाल भारतीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टेहा, प्रयास इंटरनेशनल स्कूल, शाश्वत चेतना वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा ज्ञानदीप वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टेहा और राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

मार्च पास्ट के उपरांत पीटी शो का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शन किया। इसके पश्चात् सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिसकी शुरुआत राजकीय माडल संस्कृति स्कूल की छात्राओं ने समूह गायन से करते हुए शहीदों को इस प्रकार नमन किया-सलाम उन शहीदों को जो खो गये, वतन को जगाकर जो खुद सो गये। डीएवी स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत समूह गायन की प्रस्तुति दी- ऐ वतन आबाद रहे तू, मैं जहां रहूं याद रहे तू। नव ज्योति शिक्षा सदन खुबडू भांवर के विद्यार्थियों ने नाट्य मंचन के माध्यम से पुलवामा हमले के शहीदों की श्रद्धांजलि दी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दातौली की छात्राओं ने मनोहारी हरियाणवी समूह नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके बाद प्रयास इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने भी दमदार समूह नृत्य की प्रस्तुति दी। अंत में शाश्वत चेतना वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने हरियाणवी समूह नृत्य की प्रस्तुति देते हुए कन्या भ्रूण हत्या पर कटाक्ष किया- आज गरभ म्हैं चीख रही सै बेटी हिंदुस्तान की, मतना मारै मात मेरी मैं बात करूं तेरी शान की। इस मौके पर प्राध्यापिका प्रज्ञा शर्मा, सचिन शर्मा, अरूण गोस्वामी, सीमा शर्मा और नीलम आदि शिक्षकगण मौजूद थे।

### परिवार पहचान पत्र के बिना नहीं मिलेगा पेंशन योजना का लाभ

**भिवानी।** सामाजिक सुरक्षा योजना योजनाओं के तहत पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए परिवार पहचान पत्र अनिवार्य कर दिया गया है। परिवार पहचान-पत्र के बिना पेंशन योजना का लाभ नहीं मिलेगा। जो नागरिक पेंशन योजनाओं का लाभ ले रहे हैं वे 30 जनवरी तक अपना परिवार पहचान-पत्र जरूर बनवाएं और यदि किसी किसी के परिवार पहचान-पत्र में किसी प्रकार की त्रुटि है तो उसे सरल केंद्र या किसी सीएससी सेंटर पर शीघ्र दुरस्त करवाएं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा पेंशन योजना के लाभ के लिए परिवार पहचान पत्र अनिवार्य कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि पेंशन का लाभ ले रहे नागरिक 30 जनवरी तक अपना परिवार पहचान-पत्र बनवाएं।

# साहिब-ए-कमाल के प्रकाश उत्सव पर सजाया महान नगर कीर्तन

**सरबजोत दुग्गल।** कुरुक्षेत्र

**साहिब**-ए-कमाल श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के प्रकाश उत्सव को समर्पित महान नगर कीर्तन ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही दसवीं से सजाया गया। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की छत्रछाया में सजाए गए महान नगर कीर्तन की अगुवाई पाम्परिक वेशभूषा में सजे पंज प्यारों ने की। इस दौरान फूलों से सजी श्री पालकी साहिब में विराजमान श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष शीश नवाने के लिए संगत उमड़ पड़ी।

नगर कीर्तन के शुभारंभ से पहले सरबत के भले और दिल्ली में आंदोलनरत किसान भाईयों की सफलता के लिए गुरु चरणों में अरदास की गई। शुभारंभ अवसर पर एसजीपीसी कार्यकारिणी कमेटी मैंबर जत्थेदार हरभजन सिंह मसाना, शिरोमणि अकाली दल महिला विंग की हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष बीबी रविंदर कौर अजराना, एसजीपीसी धर्म प्रचार कमेटी मैंबर तजिंदरपाल सिंह, शिरोमणि अकाली दल हरियाणा के प्रदेश प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना, अंतरराष्ट्रीय गुरबाणी कथावाचक ज्ञानी तेजपाल सिंह, एसजीपीसी सब ऑफिस कुरुक्षेत्र के अतिरिक्त सचिव डा. परमजीत सिंह सरोहा, प्रभारी परमजीत सिंह दुनियामाजरा, सिख मिशन हरियाणा प्रभारी ज्ञानी मंगप्रीत सिंह, इंटर्नल एडिटर बेअंत सिंह, मैनेजर अमरिंदर सिंह, जिला प्रधान जरनैल सिंह बोढी, शहरी प्रधान तजिंदर सिंह मक्कड, राजेंदर सिंह सोढी, गुरुद्वारा बैकुंठ धाम सेवा ट्रस्ट के प्रधान जसबीर सिंह वड़ैच, प्रताप सिंह ने भी विशेष रूप से हाजिरी भरी। मैनेजर अमरिंदर सिंह ने सभी अतिथिगणों को सिरोपा भेंट कर उनका अभिनंदन किया। नगर कीर्तन के आगे-आगे संगत ने सफाई करते हुए जल का छिडक़ाव कर सेवा भी की। जगह-जगह संगत ने स्टाल लगा कर फल, ब्रैड पकौड़े व चाय की सेवा करते हुए पुण्य कमाया। यह नगर कीर्तन गुरुद्वारा साहिब पातशाही दसवीं से शुरु होकर बिरला मंदिर, शास्त्री मार्केट, मौती चौंक, शेख चहेली मकबरा, झांसा रोड, किला तेज प्रताप सिंह, रोटरी चौंक, गुलजारी लाल नंदा मार्ग, कुटिया वाली गली, रेलवे रोड से होकर ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में पहुंचा। यहां पहुंचने पर संगत ने आतिशबाजी और पुष्प वर्षा से महान नगर कीर्तन का अभिनंदन किया।



नगर कीर्तन में हाजरी भरते जत्थेदार हरभजन सिंह मसाना, कवलजीत सिंह अजराना, डा.परमजीत सिंह सरोहा व अन्य।

### मानव जाति को गुरबाणी दिखाती है सद्मार्ग : हरभजन सिंह

दशमेश पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज के प्रकाश उत्सव की बधाई देते हुए एसजीपीसी कार्यकारिणी मैंबर जत्थेदार हरभजन सिंह मसाना ने कहा कि गुरबाणी मानव जाति को सद्मार्ग दिखाती है। जीवन की हर समस्या का समाधान गुरबाणी में मिलता है, जरुरत है बस उसे सच्ची श्रद्धा से सिमरन करने की। उन्होंने संगत से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को गुरु इतिहास और गुरबाणी से जोड़ें, ताकि भविष्य में वे आदर्श नागरिक रूप में देश और कौम के लिए उन्नति का मार्ग प्रशस्त करने में सफल हों।

### सरबंसदानी और साहिबजादों से लें प्रेरणा : रघुजीत सिंह विर्क

एसजीपीसी के पूर्व वरिष्ठ उपप्रधान रघुजीत सिंह विर्क ने कहा कि सरबंसदानी श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज ने देश, कौम और धर्म के लिए अपना परिवार न्योछावर कर दिया। उनके चारों साहिबजादों ने अपने पिता द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए जीवन बलिदान कर दुनिया के लिए अनोखी मिसाल पेश की। इसलिए हमें गुरु साहिब और उनके साहिबजादों के जीवन से प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें स्वयं को और अपने बच्चों को गुरबाणी से जोड़ना चाहिए।

# जिला स्तरीय चाय पर चर्चा, पार्टी से जुड़ेंगी महिलाएं

*हरियाणा महिला कांग्रेस की कार्यकारी प्रदेश प्रधान करनाल से चलाएंगी राज्य स्तरीय चाय चर्चा अभियान*

### पार्टी की कार्यकारी प्रदेश प्रधान सुधा भारद्वाज ने अब पार्टी की महिला इकाई का विस्तार करने की योजना बनाई है

**ईश्वर धामु।** भिवानी



**हरियाणा** में जहां कांग्रेस गुटबंदी से उभरने के प्रयास में नजर आ रही है, वहीं महिला कांग्रेस प्रदेश में अपना जनाधार बढ़ाने की तैयारी कर रही है। हालांकि हरियाणा में महिला कांग्रेस के पास अपनी कोई स्थायी प्रदेश प्रधान नहीं है। पार्टी की कार्यकारी प्रदेश प्रधान सुधा भारद्वाज ने अब पार्टी की महिला इकाई का विस्तार करने की योजना बनाई है। बताया गया है कि सुधा भारद्वाज ने महिला इकाई के विस्तार को एक चैलेंज के रूप में लिया है।

हालांकि अभी तक पार्टी आलाकमान ने उन्हें पूर्ण रूप से प्रदेश प्रधान का दर्जा नहीं दिया है। मिली जानकारी के अनुसार अभी तक पार्टी आलाकमान का महिला कांग्रेस की पुरानी प्रदेश प्रधानों से मोहभंग नहीं हो पा रहा है। सूत्र बताते हैं कि महिला कांग्रेस की पूर्व प्रदेश प्रधान सुमित्रा चौहान, जो चुनाव से पूर्व कांग्रेस को अलविदा कह कर भाजपा का साथ ले लिया था, से कांग्रेस विधायक दल के नेता भूपेन्द्र सिंह हुड्डा की धर्मपत्नी आशा हुड्डा ने सम्पर्क साधा कर धर वापसी की बात की थी। परन्तु सुमित्र चौहान ने कांग्रेस में वापस आने से मना कर दिया। क्योंकि अभी उन्हें पूरी आशा है कि भाजपा उन्हें प्रदेश में महिला मोर्चा की कमान सौंपेगी। हालांकि अभी तक भाजपा ने प्रदेश पदाधिकारियों की सूची जारी नहीं की है।

सूत्र बताते हैं कि कांग्रेस भी भाजपा के महिला मोर्चा के गठन से पूर्व कोई निर्णय लेने से गुरेज करेगी। परन्तु अब लम्बे इंतजार के बाद महिला कांग्रेस की प्रदेश प्रधान सुधा भारद्वाज ने पार्टी संगठन को विस्तार देने का निर्णय ले लिया बताते हैं। इसी कड़ी में वे सुधा भारद्वाज बरवाला और चंडीमंदिर के टोल प्लाजा पर धरना दे रहे किसानों के बीच भी जा रही हैं। बताया गया है कि किसानों ने उनकी बात बड़े ही ध्यान से सुनी और समर्थन के लिए आभार जताया। सूत्रों के अनुसार बहुत जल्द सुधा भारद्वाज प्रदेश का दौरा कर अपनी जिला स्तरीय पदाधिकारियों से सम्पर्क कर उन्हं सक्रिए करेंगी। इसके लिए उन्होंने हरियाणा को चार भागों में बांटा है। महिला कांग्रेस से जुड़े सूत्र बताते हैं कि सुधा भारद्वाज अपने अभियान की शुरुआत करनाल जिले से करेंगी। करनाल में वे पहले चरण में दो दिन लगाएंगी और महिलाओं को कांग्रेस से जोड़ने का काम करेंगी। साथ ही वे गांवों में महिलाओं को किसान विरोधी कृषि बिलों के बारे में बिलों की हकीकत बताएंगी। वे अपनी जिला पदाधिकारियों के साथ केवल सक्रिए कार्यकर्ताओं को लेकर चाय चर्चा कर एक माहौल तैयार करने का प्रयास करेंगी।

चर्चाकारों का कहना है कि अब सुधा भारद्वाज अपने आपको पार्टी आलाकमान के सामने प्रूफ करेंगी कि उनके कितनी संगठनात्मक क्षमता है। यह भी कहा जा रहा है कि कांग्रेस आलाकमान प्रदेश के बड़े नेताओं के दबाव में आकर महिला इकाई के बारे में कोई अंतिम निर्णय नहीं ले रही है। अभी भी प्रदेश की पूर्व शिक्षा मंत्री गीता भुक्कल को महिला इकाई की कमान देने की चर्चाएं चल रही है। ऐसे हालातों में सुधा भारद्वाज का निर्णय राजनीति में बड़ा मायने रखता है।

### महाराणा प्रताप ने युद्ध में भी किया था नैतिकता का पालन : कमल



भिवानी। युवा कल्याण संगठन ने वीर सपूत, महान योद्धा और अदभुत शौर्य व साहस के प्रतीक महाराणा प्रताप की 424वीं पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे नमन किया। इस मौके पर संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान ने महाराणा प्रताप को महान योद्धा बताते हुए कहा कि इस राष्ट्रनायक ने युद्ध में भी नैतिकता का पालन किया। महाराणा प्रताप शरीर पर करीब दो सौ किलोग्राम का वजन लादे दुश्मनों को युद्धभूमि में धूल चटाते रहे। शत्रुओं के साथ भी कभी छल-कपट का सहारा नहीं लिया। महाराणा प्रताप ने तमाम मुश्किलें झेलकर भी कभी समझौता नहीं किया। उनका जीवन चरित्र भारत की तरुणाई को हमेशा प्रेरित करती रहेगी। कमल प्रधान ने कहा कि युद्ध के बाद मेवाड़, चित्तौड़, गोगुंडा, कुंभलगढ़ और उदयपुर पर मुगलों का कब्जा हो गया था, लेकिन महाराणा ने अपने स्वाभिमान को नहीं छोड़ा तथा अकबर की अधीनता स्वीकार नहीं की।

# कुरुक्षेत्र की महिलाओं ने किसान महिलाओं को भेंट किए कंबल

**पायनियर समाचार सेवा।** थानेसर



**ग्लोबल** इवेंट्स ऑर्गेनाइजेशन ट्रस्ट के चेयरमैन, राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने बताया कि मंगलवार को महिला कांग्रेस नेत्री निशी गुप्ता के नेतृत्व में कुरुक्षेत्र की उन किसान महिलाओं को सम्मानित किया। यह महिलाएं किसान भाइयों के लिए चाय, पानी तथा भोजन इत्यादि बनाने में सहयोग दे रही हैं। इस मौके पर किसान महिलाओं को कंबल देकर तथा माला पहनाकर सम्मानित किया गया। बवेजा ने कहा कि ऐसे सर्दी के मौके पर किसान महिलाओं का साहस सम्मान योग्य है। इस मौके पर मीना सिंह, कमलेश धीमान, राजरानी, दुलारी, सत्या शर्मा तथा किसान मोर्चा के कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष मधुसूदन बवेजा के साथ युवा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। निशी गुप्ता ने सभी सहयोग करने वाले लोगों का किसानों का तथा महिला किसानों की ओर से भी धन्यवाद किया। जो इतनी सर्दी में भी किसानों के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहाकि आज वास्तव में देश के अन्नदाता को देशवासियों के साथ की जरूरत है।

# महिला शारीरिक शिक्षकों ने सम्भाली धरने की कमान

### कहा : जब तक नहीं मानी जाती मांगें धरना रहेगा जारी

**भिवानी।** हरियाणा शारीरिक शिक्षक संघर्ष के धरने पर शिक्षक तालमेल कमेटी के बैनर तले लघु सचिवालय के बाहर चल रहे धरने को महिला शारीरिक शिक्षक प्रवीण कुमारी, मीनू रानी, मुन्नी देवी कृष्णा, मुकेश कुमारी, नीतू रानी ने संयुक्त रूप से कहा कि हरियाणा सरकार महिलाओं के साथ भी अत्याचार करने से पीछे नहीं हट रही है।

सर्दी के मौसम में महिलाएं अपना कार्य छोडकर अपनी बहाली की गुहार लगाने धरने पर पहुंच रही हैं। वे अपने परिवार व बच्चों के साथ मिलकर दूर दराज क्षेत्रों से आकर बहाली की आवाज उठा रही हैं। भाजपा सरकार उनकी मांगे मानने की बजाए उनकी आवाज को दबा रही हैं। कहा कि एक तरफ तो सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं का नारा दे रही है, वहीं दूसरी ओर बेटियों के साथ अन्याय किया जा रहा है। वे काफी वर्षो से शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं दे रही थी, इसी दौरान सरकार ने उनको बाहर का रास्ता दिखा दिया है। जिसके चलते उनका पूरा परिवार सड़कों पर आ गया है। सरकार को उनके बारे में सोचना चाहिए और उनको समय रहते हुए शिक्षा विभाग में समयोजित करना चाहिए।

### कांग्रेस किसानों को भड़काने का काम कर रही है: शंकर धूपड़

**भिवानी।** कांग्रेस ने कृषि बिलों को लेकर किसानों बरगलाने व भड़काने का काम किया है। यह बात भाजपा जिला अध्यक्ष शंकर धूपड़ ने कांग्रेस के विरोध में किए गए प्रदर्शन के दौरान उपस्थित कार्यकर्त्ताओं को संबोधित करते हुए कही। उसके बाद घंटा घर पर कांग्रेस का पुतला फूंका। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस को राजनीति करनी है तो वह खुले काम करे। किसानों की आड़ में राजानैतिक रोटियां न सेके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झुठे मुद्दों को उठाकर किसानों को बरगलाने का काम कर रही है।





### शिक्षक ही समाज का सृजनकर्ता: राजीव कुमार

**भिवानी।** किसी भी समाज के निर्माण में शिक्षक की अहम भूमिका होती है क्योंकि शिक्षक ही समाज को सही दिशा देने की क्षमता रखता है। अपनी सृजनात्मक क्षमता के जरिये वह न सिर्फ समाज में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है, अपितु नवाचारों को स्थापित करके नये शैक्षिक वातावरण का निर्माण भी कर सकता है। ये बात नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉक्टर राजीव कुमार ने भारतीय शिक्षण मण्डल एवं नीति आयोग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 'शैक्षणिक नेतृत्व' विषयक वेबगोष्ठी के दौरान व्यक्त किये। कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को क्रियान्वित करने के लिए एक जनान्दोलन की जरूरत है, जो बिना शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी के सम्भव नहीं है। उन्होंने भारतीय बौद्धिक सम्पदा को रोकने एवं उन्हें वापस लाने पर बल देते हुए कहा कि यह शिक्षा नीति न सिर्फ शैक्षणिक बदलाव लाने में सहायक सिद्ध होगी।

# रिलायंस ज्वेल्स के जगमगाते डायमंड कलेक्शन से 2021 को और ज्यादा खास बनाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

### रिलायंस ज्वेल्स के डायमंड ज्वेलरी का नया संस्करण बेहद खूबसूरत और सस्ता है

**भारत** के प्रमुख और विश्वसनीय ज्वेलरी ब्रांड, रिलायंस ज्वेल्स की गौरवशाली परम्परा रही है और यह खुदरा बाजार में अपनी हैसियत और उत्पाद नवाचार के साथ सबसे आगे है। नया साल अपनी रफ्तार पकड् रहा है और इस अवसर पर रिलायंस ज्वेल्स पार्टियों और विविध अवसरों पर पहनने के लिए डायमंड ज्वेलरी की एक और नई एवं आधुनिक फैशन की रेंज पेश कर रहा है।

लड़कियों को डायमंड से सबसे अधिक लगाव होता है और अपने साज-सामान में डायमंड का एक जेवर रखना हर महिला की चाहत होती है। रिलायंस ज्वेल्स के पास ठीक वैसी ही अनूठी डायमंड ज्वेलरी है जिसे पहन कर आप और भी सुन्दर एवं स्टाइलिश लगेंगी। रिलायंस ज्वेल्स महीन कारीगरी से तैयार मनमोहक जेवरों के कलेक्शन की पेशकश के साथ हर स्त्री की अलग-अलग जरूरतों को पूरा करता है। इस कलेक्शन के सारे गहने आधुनिक हैं और पलक झपकते ही आपके परिधान में चार-चांद लगा देंगे। अपने पुराने जेवरों को आधुनिक स्टाइल के सुंदर और मनभावन जेवरों से बदलें जिनमें कान की बालियां, अंगूठियां, कंगन, झुमके और हार सम्मिलित हैं। यह कलेक्शन पूरे भारत में रिलायंस ज्वेल्स की दुकानों पर उपलब्ध है।

# यूपीएल ने सीआईआई-इंडस्ट्रीयल आईपी अवॉर्ड्स 2020 में बेस्ट पोर्टफोलियो अवार्ड जीता

**पायनियर समाचार सेवा। हिसार / रोहतक**

यूपीएल लिमिटेड ने छठवां सीआईआई इंडस्ट्रीयल इंटेलेक्चुअल प्रोपर्टी अवार्ड्स जीत लिये हैं। ये अवार्ड्स, अपने व्यवसाय एवं आर्थिक विकास को बढ़ाने के लिए आईपी जेनरेशन एवं सुरक्षा का उपयोग करने वाले उद्यमों को दिये जाते हैं। यूपीआई लिमिटेड ने हमेशा से किसानों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और उनकी आवश्यकताएं पूरी करने के लिए उत्पाद व सेवाएं तैयार किये हैं।

यूपीएल को इसके द्वारा अन्वेषित इंटेलेक्चुअल प्रोपर्टी (आईपी) और नवाचार के लिए बेस्ट पेटेंट पोर्टफोलियो, लार्ज (लाइफसाइंसेज/फार्मा) श्रेणी में सम्मानित किया है। यूपीएल के महत्वपूर्ण शोध और नवाचार के उदाहरण में टिकाऊ उत्पाद जैसे कि जेबा और सेवाएं जैसे कि आदर्श फार्म सर्विसेज शामिल हैं, जो जमीनी स्तर पर सफल साबित हो चुके हैं।

वर्चुअल सीआईआई इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन आईपीआर एंड सीआईआई इंडस्ट्रीयल आईपी अवार्ड्स के सम्मान समारोह के दौरान, डॉ. विशाल सोढा ने यूपीएल की ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया। उन्होंने बताया, यूपीएल में, हम प्राकृतिक संसाधनों के श्रेष्ठतम उपयोग और जलवायु परिवर्तन के लिए लचीलेपन को अपनाते हुए टिकाऊ विकास के प्रति पूर्णत: समर्पित हैं। ये सभी बातें किसानों के लिए उत्पाद तैयार करने व सेवाएं उपलब्ध कराने और दुनिया भर में आधुनिक कृषि - फार्मिंग 3.0 को गति देने में सहायता प्रदान करने की हमारी क्षमता का प्रमाण हैं। यूपीएल को किसानों की आवश्यकताओं को सर्वोपरि महत्व देने और उनकी ज़रूरतों के मुताबिक उत्पाद व सेवाएं विकसित करने का गर्व है। नवाचार पर हमारे निरंतर बल ने हमें हर वर्ष नये-नये उत्पादों को लॉन्च करने में हमारी मदद की है। यपीएल के पास 1,500 से अधिक स्वीकृत पेटेंट्स हैं और इस के लिए 2,500 से अधिक आवेदन लंबित हैं जो विभिन्न क्षेत्रों के किसानों की आवश्यकताएं पूरी करने में सक्षम हैं।

सीआईआई-आईपी अवार्ड्स का उद्देश्य, कंपनियों, संगठनों को बौद्धिक संपदा एवं इसके व्यवसायीकरण की संस्कृति का विकास करने, निजी उद्यमों की उपलब्धियों को सार्वजनिक क्षेत्र में लाने, देश-विदेश के शैक्षणिक एवं शोध संस्थानों के साथ संबंध कायम करने, सरकार को आईपी-केंद्रित पहलों के बारे में जानकारी देने और इस तरह के उद्यमों को नीति-निर्माण की प्रक्रियाओं में शामिल करने हेतु प्रोत्साहित करना है।

# ऑनलाइन राज्यस्तरीय बाल महोत्सव के माध्यम से परिषद ने रचा कीर्तिमान : संदीप सिंह

## मुख्य अतिथि के रूप में खेलमंत्री संदीप सिंह ने की शिरकत

**ऑनलाइन**

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**हरियाणा** राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा आयोजित ऑनलाइन राज्य स्तरीय बाल महोत्सव के तीसरे दिन के दूसरे सेशन में मुख्य अतिथि के रूप में खेल मंत्री संदीप सिंह ने शिरकत की। उन्होंने ऑनलाइन राज्य स्तरीय बाल महोत्सव की प्रस्तुतियों को देखकर बच्चों की प्रतिभा को


राज्य स्तरीय बाल महोत्सव में ऑनलाईन भाग लेते खेल मंत्री संदीप सिंह।

सराहते हुए कहा कि प्रदेश के बच्चे अपने प्रतिभाओं के माध्यम से आसमान छू रहे हैं। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद बच्चों को बड़ा मंच उपलब्ध करा रही है। जो कि बेहद सराहनीय है। उन्होंने ऑनलाइन राज्य स्तरीय बाल महोत्सव में लगभग 5 लाख बच्चों के शिरकत करने को स्वर्णिम उपलब्धि बताया। खेल मंत्री संदीप सिंह ने हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद को बाल कल्याण की गतिविधियों के लिए स्वैछिक कोष से 5 लाख देने की घोषणा की। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के मानद महासचिव कृष्ण ढुल ने खेलमंत्री संदीप सिंह का ऑनलाइन राज्य स्तरीय बाल महोत्सव में मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत करने के लिए धन्यवाद किया और उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद भविष्य में भी इसी तरह बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने के लिए मंच उपलब्ध करवाती रहेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद बाल कल्याण की गतिविधियों व कार्यक्रमों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ करती रहेगी ताकि बाल कल्याण के माध्यम से समाज व देश का कल्याण हो सके।

### परिषद् को बाल कल्याण की गतिविधियों के लिए स्वैच्छिक कोष से 5 लाख की घोषणा की

# हरियाणा में 15 लाख पेंशन भोगियों का डाटा बैंक के साथ जोड़ा

## वित्त सचिव ने ली सभी खजाना अधिकारियों की बैठक

### 15 दिन में पेंशन भोगियों की सूची अपडेट करने के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**हरियाणा** वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने प्रदेश के सभी जिला खजाना अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह 15 दिनों के अंदर-अंदर पेंशन भोगियों की सूची तैयार करें। पेंशन चाहे खजाना कार्यालयों से या बैंकों के माध्यम से दी जा रही हो, पेंशन से संबंधित लंबित मामलों की सूची संबंधित उपायुक्तों के माध्यम से वित्त विभाग को भिजवाना सुनिश्चित करें ताकि ऐसे मामलों का तुरंत निपटान किया जा सके।

प्रसाद मंगलवार को यहां सैक्टर-3 स्थित हरियाणा निवास में हरियाणा के प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) कार्यालय द्वारा आयोजित पेंशन से संबंधित प्रोविजनल एवं न्यायालय में लंबित मामलों पर आयोजित तीसरी पेंशन अदालत में सभी खजाना अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। बैठक में प्रधान लेखाकार विशाल बंसल ने बताया कि राज्य में 220780 सर्विस पेंशनर्स में से 15 लाख एक हजार 680 पेंशनर्स का डाटा बैंकों के साथ जोड़ा जा चुका है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा ई-डेश बोर्ड भी लॉन्च किया जा रहा है ताकि पेंशन संबंधी मामलों की जानकारी भी इस पर उपलब्ध हो।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने सभी उपायुक्तों से भी आह्वान किया कि पेंशन से संबंधित लंबित मामलों पर कड़ा संज्ञान लें और उनका तत्काल निपटान करने के लिए वित्त विभाग, संबंधित विभाग व प्रधान महालेखाकार कार्यालय को समय-समय पर सूचित करें। प्रसाद ने खजाना अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पेंशनभोगियों की सूची निरन्तर अपडेट करते रहें।

उन्होंने कहा कि वित्त विभाग द्वारा सभी विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किए जा रहे हैं कि न्यायालय द्वारा पेंशन लाभ का भुगतान अधिक ब्याज दर पर देने के निर्णय को देखते हुए उस वर्ष के सामान्य भविष्य निधि की ब्याज दर के अनुरूप भुगतान किया जाए।

वित्त सलाहकार एवं परिवार पहचान पत्र की नोडल अधिकारी सुश्री सोफिया दहिया ने परिवार पहचान पत्र योजना के बारे जानकारी दी और सभी पेंशनभोगियों से अनुरोध किया कि वे अपने-अपने जिलों में अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालयों द्वारा परिवार पहचान पत्र बनवाने के लिए आयोजित किए जा रहे शिविरों में जाकर अपना परिवार पहचान पत्र अवश्य बनवा लें। इस अवसर पर वित्त विभाग के उप-सचिव मनोज खत्री के अलावा प्रधान महालेखाकार कार्यालय के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस आज तक के उच्चतम स्तर पर : सुरजेवाला

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

### एक्साइज ड्यूटी और वैट दरें कांग्रेस शासन के समान कम करे सरकार

**हरियाणा** प्रदेश में लगातार बढ़ रहे पेट्रोल-डीजल व रसोई गैस दामों की निंदा करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि आसमान छूते टैक्सों के कारण हरियाणा में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस आज तक के उच्चतम स्तर पर हैं। केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारों से हमारी मांग है की प्रदेशवासियों से पेट्रोल-डीजल-रसोई गैस के दामों में टैक्सों के नाम पर हो रही लूट बंद हो और पेट्रोल-डीज़ल पर एक्साइज ड्यूटी और वैट दरें कांग्रेस शासन के समान कम करके महँगाई से पीड़ित जनता को तत्काल राहत प्रदान की जाए।

सुरजेवाला ने कहा कि एक ओर अंतर्राष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल के दाम कम होते जा रहे हैं, वहीं भाजपा सरकार के दौरान पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दामों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे पेट्रोल व डीजल के दाम प्रदेश में आजतक के शीर्ष स्तर पर पहुंच गए हैं, जिसका सीधा असर हरियाणा के किसान, आम जनता व ट्रांसपोर्टरों पर पड़ रहा है और महंगाई चरम पर पहुंच गई है। हरियाणा के फरीदाबाद में पेट्रोल की कीमत जहां 83 रुपये 65 पैसे प्रति लीटर हो गई है,वहीं डीजल की कीमत 76 रुपये 24 पैसे पर पहुंच गई हैं, इसी प्रकार फतेहाबाद में पेट्रोल की कीमत 84 रुपये 8 पैसे प्रति लीटर और डीजल की कीमत 76 रुपये 62 पैसे पर पहुंच गई हैं। सुरजेवाला ने बताया कि जब हरियाणा प्रदेश में कांग्रेस ने 2014 में सरकार छोड़ी तो पेट्रोल पर वैट 21 प्रतिशत था जो अब भाजपा सरकार में बढकर 30 प्रतिशत हो गया है।

डीज़ल पर वैट 9.24 प्रतिशत था, जो अब बढकर 21.40 प्रतिशत हो गया है, जिससे खट्टर ने पिछले छह साल में पचास हजार करोड़ से ज्यादा वसूले हैं। मोदी सरकार जब मई 2014 में सत्ता में आई तो पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क केवल 9.20 रुपए प्रति लीटर और 3.46 रुपए प्रति लीटर पर था, जिसमें भाजपा सरकार द्वारा पेट्रोल पर 23.78 रुपए प्रति लीटर और डीजल पर 28.37 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गयी है, जो यूपीए की तुलना में क्रमश 258 और 820 प्रतिशत ज्यादा है।

# संस्कारित बेटियां महकता घर आंगन : शालू त्यागी

**रणबीर सिंह।** सोनीपत

**भारत** विकास परिषद् गोविन्द शाखा द्वारा महिला एवं बाल विकास प्रकल्प के तहत राष्ट्रीय बालिका सप्ताह के अंतर्गत आदर्श नगर स्थित एक निजी स्कूल में बालिकाओं के बीच विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

भारत विकास परिषद गोविंद शाखा की महिला प्रमुख शालू त्यागी ने बताया कि संस्कारित बेटियां महकता घर आंगन, राष्ट्र के उत्थान में बेटी बढ़ाओ बेटी पढ़ाओ व शिक्षित कन्या है वरदान विषयों पर स्किट, नृत्य नाटिका, भाषण आदि कार्यक्रम बेटियों के बीच आयोजित किए गए। जिसमें काफी बेटियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में संजू, नैना, अंजलि, हिमांशी, स्नेहा, अंजलि-2, वरशिका, ज्योति, नेहा व खुशी आदि लड़कियों ने भाग लिया तथा बेटियों के ऊपर उत्कृष्ट प्रस्तुति पेश की। भारत विकास परिषद् की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के दिशा निर्देशों के अनुसार महिला एवं बाल विकास प्रकल्प के तहत बेटी है तो सृष्टि है।

## कुरुक्षेत्र में कोरोना के पाच नए मामले आए

**कुरुक्षेत्र।** जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र से 15 मरीजों को एक ही दिन में ठीक होने पर अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। कुरुक्षेत्र में कोरोना से संक्रमित 5 नए केस सामने आए है। इतना ही नहीं, कुरुक्षेत्र में कोरोना वायरस से संक्रमित अब तक 8571 मरीज ठीक होकर घर लौट गए है। अहम पहलू यह है कि अभी तक लिए गए 192995 में से 182868 सैम्पलों की रिपोर्ट नेगेटिव आ चुकी है। जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र में अलग-अलग जगहों से कोरोना संक्रमित 5 नए केस सामने आए हैं।

# अहम मुद्दों पर हर महीने खंड शिक्षा अधिकारी से बैठक करने का लिया फैसला

**पायनियर समाचार सेवा।** थानेसर

**राजकीय** प्राथमिक शिक्षक संघ थानेसर की नवगठित कार्यकारिणी की बैठक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खण्ड प्रधान राजेश सैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सभी नव नियुक्त कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यकारिणी के विस्तार बारे, खंड शिक्षा अधिकारी से हर माह मीटिंग करने, खण्ड स्तर से सम्बंधित मुद्दों पर चर्चा करने जैसे अहम मुद्दों पर


संगोष्ठी में मौजूद अतिथिगण व छात्र।

विचार विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त जब भी किसी साथी का कोई भी मुद्दा होगा, समय-समय पर अधिकारी से बैठक करने का भी निर्णय लिया गयास। थानेसर के सभी क्लस्टर में एक क्लस्टर प्रतिनिधि बनाया जाएगा, जो अपने क्लस्टर के सभी शिक्षकों की कोई भी समस्या होगी, उनसे चर्चा करके खण्ड कार्यकारिणी को अवगत कराएगा।

# भाजपा ने कमेटी चौक पर फूंका कांग्रेस का पुतला

### किसानों को गुमराह कर रही है कांग्रेस : योगेन्द्र राणा

**पायनियर समाचार सेवा ।** करनाल



**भारतीय** जनता पार्टी करनाल द्वारा आज कमेटी चौक पर कांग्रेस का पुतला फूंक जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस मुर्दाबाद के नारे भी लगाए।जिला अध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने कहा कि आज कांग्रेस देश को तोडने का काम कर रही है। कांग्रेस आज भी झूठ बोलकर भोले-भाले किसानों को गुमराह कर रही है। कांग्रेस ने अपने शासनकाल के दौरान न तो कभी किसान हित में कोई कार्य किया और न ही किसानों का भला करने की कभी सोची। कांग्रेस ने हमेशा ही किसानों के नाम पर राजनीति की है।

जिला अध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने कहा कि कांग्रेस और चढ़ूणी की सांठ-गांठ जनता और किसानों के सामने उजागर हो चुकी है। भाजपा ने किसानों के हित में अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। भाजपा ने ही पहली बार किसानों को 6000 रुपये की राशि सम्मान के रूप में दी है।

# हस्पताल की नई ईमारत के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** यमुनानगर

**सरकार** द्वारा जिला के विकास कार्यो की समीक्षा के लिए नियुक्त विशेष नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव टीएसीण् गुप्ता ने जिला सचिवालय के सभाकक्ष में जिला में चल रहे विकास कार्यो एवं योजनाओं की समीक्षा करने के उपरांत मुकुंद लाल सिविल अस्पताल यमुनानगर के प्रागंण में बनाए जा रहे 200 बिस्तरों की नई हस्पताल की ईमारत के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया जो 44 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रही है।

उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में लगाई जा रही सामग्री की गुणवत्ता की समय.समय पर जांच की जाए व इस ईमारत में सभी प्रकार की सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं।

# बर्ड फ्लू से बचाव के लिए 36 रैपिड एक्शन टीमों का किया गठन : बराड़

## कुरुक्षेत्र के 249 पोलिट्री फार्म पर है प्रशासन की नजर, पोलिट्री फार्म में 38.68 लाख है मुर्गियां

### बर्ड फ्लू बचाव के लिए गठित की कमेटी

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**उपायुक्त** शरणदीप कौर बराड़ ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिला अभी तक बर्ड फ्लू से सुरक्षित है। इस जिले में बर्ड फ्लू से बचाव के लिए 36 रैपिड एक्शन टीमों का गठन किया गया है। यह टीमे लगातार कुरुक्षेत्र के 249 पोलिट्री फार्म पर नजर रखे हुए है, इन पोलिट्री फार्म में 38.68 लाख मुर्गियां है। प्रशासन की तरफ से सभी मुर्गी पालकों को बर्ड फ्लू से बचाव करने के लिए गाईडलाईंस जारी कर दी गई है। उपायुक्त शरणदीप कौर बराड़ मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय में बर्ड फ्लू से बचाव को लेकर गठित की गई कमेटी की बैठक को सम्बोधित कर रही थी। इससे पहले


अधिकारियों को संबोधित करती उपायुक्त शरणदीप कौर बराड़।

पशुपालन विभाग की तरफ से डा. जसबीर पवार ने बर्ड फ्लू को लेकर पशुपालन विभाग की तरफ से किए गए प्रबंधों पर रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र में कुल 249 पोलिट्री फार्म है, जिसमें 114 लेयर फार्म है, इनमें 27.66 लाख बर्ड है, 133 बायलर फार्म है, इनमें 10.54 लाख मुर्गियां है, इसी तरह 2 हेचरी फार्म में 48 हजार मुर्गियां है। इन 249 पोलिट्री फार्म में से 101 थानेसर, 84 पिहोवा, 33 लाडवा और 31 शाहबाद में है। इन सभी पोलिट्री फार्म पर प्रशासन द्वारा गठित 36 रेपिड एक्शन टीमें नजर रखे हुए है और इन टीमों के सदस्य नियमित रुप से रिपोर्ट भेज रहे है। इसके अलावा सरकार द्वारा प्रदेश स्तरीय बर्ड फ्लू एच5एन8 की जांच के लिए सोनीपत और राष्टीय स्तर पर भोपाल में लैब गठित की है। इसके अलावा जालंधर में भी एक लैब का गठन किया गया है। इसमें से भोपाल की बर्ड फ्लू की नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही बर्ड फ्लू की पुष्टि की जाएगी और बकायदा नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। उपायुक्त ने पशुपालन विभाग द्वारा किए गए प्रबंधों के बाद अधिकारियों को आदेश दिए कि सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र में मुर्गी पालकों की नियमित रुप से बैठक लेंगे और एक वॉटस ग्रुप बनाकर नियमित रुप से एक-दूसरे के सम्पर्क में रहेंगे। यह बर्ड फ्लू बहुत तेजी के साथ फैलता है, इसलिए प्रशासन की तरफ से पहले से ही पूरी सतर्कता बरतनी होगी। अगर किसी क्षेत्र में पोलिट्री फार्म में मुर्गियों की असमान्य मृत्यु होती है उस क्षेत्र के एक किलोमीटर एरिया में संक्रमित जोन बना दिया जाएगा और उसके 10 किलोमीटर के क्षेत्र में अलर्ट जोन बनाया जाएगा। इस क्षेत्र में सरकार द्वारा जारी गाईडलाईंस की सख्ती से पालना करनी होगी। उन्होंने कहा कि बर्ड फ्लू बचाव के लिए पंचायत विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभाग मिलकर कार्य करेंगे। इसमें सबसे अहम रोल पशुपालन विभाग का रहेगा। इस विभाग के अधिकारी लगातार दूसरे विभागों से सम्पर्क में रहेंगे और जरुरत के अनुसार कार्य करेंगे। इस मामले को गम्भीरता से लेना है और सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र में पैनी निगाहे रखेंगे। इस मौके पर एसडीएम अखिल पिलानी, एसडीएम लाडवा कपिल शर्मा, एसडीएम शाहबाद डा. विनेश कुमार, डीएसपी रविन्द्र तोमर, सीएमओ डा. सुखबीर सिंह, डीडीपीओ प्रताप सिंह, वन अधिकारी शमशेर सिंह आदि अधिकारी मौजदू रहे।

24 घंटे एक्टिव रहेगा कंट्रोल रुम

बर्ड फ्लू से सम्बन्धित सूचना देने के लिए लघु सचिवालय के नए भवन में पशुपालन विभाग में एक कंट्रोल रुम स्थापित कर दिया गया है। इस कंट्रोल रुम के नम्बर 01744-220126 पर सम्पर्क किया जा सकता है। इस कंट्रोल रुम में अधिकारियों और कर्मचारियों की डयूटियां लगा दी गई है। पशुपालन विभाग से डा. जसबीर पंवार ने सरकार द्वारा जारी गाईडलाईंस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जू के जीव-जंतुओं को मुर्गियां का मीट परोसने पर पाबंदी लगा दी गई है। इसलिए जू के अधिकारी जानवरों को अल्टरनेट फीड देना सुनिश्चित करे। इसके अलावा सरकार द्वारा जारी गाईडलाईंस के अनुसार जानवरों को बर्ड फ्लू से बचाने के प्रबंध भी करेंगे।

## शिविर में 118 मरीजों का किया बॉडी काम्पोजिशन टेस्ट

**शाहाबाद मारकंडा।** रोटरी क्लब द्वारा सिद्धार्थ अस्पताल में स्वास्थ्य जांच शिविर में एसआरएल डायगनोस्टिक कंपनी ने रो. डा. दीपक की देखरेख में बॉडी कॉम्पोजिशन टेस्ट कराए। 118 मरीजों का नि:शुल्क बॉडी कॉम्पोजिशन टेस्ट किया। कार्यक्रम की शुरुआत रोटरी सचिव रो. डा. आरएस घुम्मन द्वारा की गई तथा उन्होंने आए हुए सभी मरीजों को अपने आपको स्वस्थ रहने के लिए कहा। रोटरी प्रधान रो. आरडी गुप्ता ने बताया कि रोटरी क्लब द्वारा समय समय पर जरूरतमंद लोगों ऐसे कैम्प लगाए जाते हैं। प्रोजेक्ट चेयरमैन रो. डा. दीपक शर्मा ने बॉडी कॉम्पोजिशन टेस्ट के बारे में जानकारी दी और मरीजों को समय-समय पर हेल्थ चेकचप कराने की सलाह दी। एसआरएल डायगनोस्टिक कम्पनी से सुमित कुमार, गौरव गुप्ता, रो. राज कुमार गर्ग, रो. एससी सिंगला आदि उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## नशे के विरुद्ध निकाली पैदल जागरुकता यात्रा




**कुरुक्षेत्र।** प्रयास संस्था शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा पेहवा में नशे के विरुद्ध प्रथम पैदल जागरुकता यात्रा निकाली गई। यह पैदल यात्रा पिहोवा चौंक से आरंभ होकर बाजारों में लोगों को जागरूक करते हुए निकली। प्रयास संस्था शाखा कुरुक्षेत्र के कार्यकारी प्रधान एवं नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो हरियाणा के उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा के नेतृत्व में सभी लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक कर रहे थे। वे कह रहे थे चरस गांजा भुक्की अफीम का नशाए करता है जीवन की दुर्दशा। हम सबकी एक ही मांग अब तो छोडिए भुक्की भांग। नशा मुक्त हरियाणा जहां दूध दही का खाना। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि प्रयास संस्था हरियाणा राज्य को नशा मुक्त करने के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो हरियाणा के प्रमुख अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव के मार्गदर्शन प्रेरणा और नेतृव में लोगों को जागरूक करने में जुट गई है और नशे में ग्रस्त लोगों का उपचार भी करा रहे हैं। शिक्षक असलम खानए पुलिस के कर्मचारी और अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## जेल मंत्री ने बच्चों की प्रतिभा को सराहा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने आज हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय ऑनलाइन बाल महोत्सव में तीसरे दिन के दोपहर के सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने ऑनलाइन राज्य स्तरीय बाल महोत्सव की प्रस्तुतियां देख बच्चों की प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय बाल महोत्सव में लगभग पांच लाख बच्चों की प्रतिभागिता एक ऐतिहासिक एवं स्वर्णिम उपलब्धि है। रणजीत सिंह ने बाल कल्याण की गतिविधियों के लिए 5 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा भी की। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के मानद महासचिव कृष्ण ढुल ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रणजीत सिंह का कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए आभार व्यक्त किया और उन्हें स्मृति चिह्न देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर अडॉप्शन अधिकारी पूनम सूद, जन सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी प्रदीप दलाल, लक्ष्मण, सोमनाथ और श्रेयस भी उपस्थित थे।

## सलपानी कलां के सरपंच को पितृशोक, अंतिम अरदास कल



**कुरुक्षेत्र।** गांव सलपानी कलां के सरपंच हरमनप्रीत सिंह बुटर के पिता महिंदर सिंह बुटर का निधन हो गया है। उनके निधन पर एसजीपीसी कार्यकारिणी मैंबर जत्थेदार हरभजन सिंह मसाना, धर्म प्रचार मैंबर जत्थेदार तजिंदर पाल सिंह लाडवा, शिरोमणि अकाली दल हरियाणा के प्रदेश प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना, एसजीपीसी सब ऑफिस प्रभारी परमजीत सिंह दुनियामाजरा, गुरुद्वारा श्री बैकुंठ धाम सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन लखविंदर सिंह संधू, प्रधान जसबीर सिंह वड़ैच, हरपिंदर सिंह, सुरेंद सिंद्धू सहित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने गहरा शोक प्रकट किया है। परिवार से मिली जानकारी के अनुसार दिवंगत की आत्मिक शांति के लिए अंतिम अरदास गुरुद्वारा साहिबजादा फतेह सिंह साहिबजादा जोरावर सिंह, माता गुजरी सलपानी कलां में 21 जनवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे होगी।

## स्कूल में मनाया गुरु गोबिंद सिंह महाराज का प्रकाश उत्सव

**थानेसर।** श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल लोहार माजरा में दशमेश पिता गुरु गोबिंद सिंह महाराज का प्रकाश उत्सव श्रद्धाभाव से मनाया गया। गुरु गोबिंद सिंह महाराज के साहस और आदर्शों से विद्यार्थियों को ऑनलाइन अवगत करवाते हुए स्कूल की प्रिंसीपल अंजू अग्रवाल ने उनके जीवन पर प्रकाश डाल। उन्होंने बताया कि गुरु साहिब का जन्म पटना (बिहार) में हुआ था। पिता गुरु तेग बहादुर की मृत्यु के बाद वे नौ वर्ष की अल्पायु में ही सिखों के दसवें गुरु बने। प्रिंसीपल ने कहा कि वे एक महान योद्धा, कवि, भक्त और अध्यात्मिक गुरु थे। वर्ष 1699 में बैसाखी के दिन उन्होंने खालसा पंथ की स्थापना की, जो सिखों के इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण दिन माना जाता है। गुरु गोबिंद सिंह महाराज सामाजिक न्याय के लिए हमेशा तत्पर रहे। उन्होंने अन्याय और अत्याचारों का डट कर विरोध किया। वे जहां विश्व की बलिदानी परंपरा में अद्वितीय थे, वही अपनी सहनशीलता, मधुरता, सौ यता से अपने दुश्मन को परास्त करने में महारत रखते थे। संसार ऐसे महान गुरु का सदा ऋणी रहेगा। प्रभजीत विर्क, किरण गौड़, नीलम शर्मा, रंजना, मोनिका मेहता, मनीषा, अनु, किरन बाला, ममता, सिमरन, हरप्रीत, सीनू आदि अध्यापिकाएं भी मौजूद थीं।

## स्वामी विवेकानंद संपूर्ण भारत के आदर्श : प्रो. कुलदीप

**थानेसर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने युवा दिवस पखवाड़े के तहत विवेकानंद का मानवता संदेश विषय पर मेजर नितिन बाली गीता निकेतन विद्यालय में विचार संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय सिख संगत के प्रदेश महामंत्री एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय पंजाबी विभाग के सहायक प्रोफेसर कुलदीप सिंह रहे एवं कार्यक्रम अध्यक्ष मेजर नितिन बाली गीता निकेतन विद्यालय के उप प्रधानाचार्य सुनील रहे। प्रो. कुलदीप सिंह ने बताया स्वामी विवेकानंद संपूर्ण भारत के आदर्श थे। अगर भारत को जानना है तो विवेकानंद के बारे में पढ़ना चाहिए। देश के सभी युवाओं को विवेकानंद को आदर्श मान कर कार्य करना चाहिए। भारत युवाओं का देश है और देश को युवाओं से बहुत उम्मीद है। उप प्राचार्य सुनील कुमार ने कहा कि बाल काल से ही विद्यार्थियों में चरित्र विकास हेतु कार्यक्रम की आवश्यकता है। सभी विद्यार्थियों को बताया कि उन्हें स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रांत सहमंत्री परमिश चौधरी, प्रांत सह मीडिया प्रमुख हिमांशु ठाकुर, जिला संयोजक विशाल सैनी, नगर सहमंत्री हर्ष वर्धन आदि मौजूद रहे।

# तकनीकी समस्याएं कम टीकाकरण के कारण हो सकते हैं : विशेषज्ञ

## दिल्ली में लगभग 3,600 स्वास्थ्य कर्मियों को टीके लगाए गए

### एम्स में केवल 8 स्वास्थ्य कर्मियों ने टीके लगवाए

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**विशेषज्ञों** का मानना है कि कोविड-19 टीकाकरण अभियान के पहले दिन टीके के प्रतिकूल प्रभाव के कुछ मामले सामने आने के बाद लोगों के आशंकित होने और तकनीकी समस्याएं अभियान के दूसरे दिन टीका लगवाने वाले लोगों की संख्या में कमी के कुछ कारण हो सकते हैं। दिल्ली में लगभग 3,600 स्वास्थ्य कर्मियों को टीके लगाए गए। सूत्रों के मुताबिक, एम्स में केवल आठ स्वास्थ्य कर्मियों ने टीके लगवाए। अधिकारियों द्वारा बाद में साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में दिन का लक्ष्य 8,136 टीके रखा गया था, इस प्रकार इसके केवल 44 प्रतिशत तक ही पहुंचा जा सका।

अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि 26 व्यक्तियों में टीकाकरण के बाद प्रतिकूल प्रभाव (एईएफआई) के मामले सामने आए, जिनमें दो गंभीर मामले हैं और एक व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि एक दिन में पहले दिन दिल्ली में



टीकाकरण के लिए पंजीकृत लोगों में से 53.3 प्रतिशत यानी 4,319 स्वास्थ्य कर्मियों को टीके लगाए गए। उस दिन एईएफआई का एक गंभीर और 51 मामूली मामलों की सूचना मिली। अब तक कम टीकाकरण के पीछे कई चीजों को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है, जिनमें कुछ तकनीकी समस्याएं और इसके प्रतिकूल प्रभाव को लेकर लोगों में पैदा हो रहा डर शामिल हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि एईएफआई के कई मामले सामने आने के बाद लोग आशंकित हो रहे हैं जोकि इसका एक बड़ा कारण हो सकता है। इसके अलावा, कई लोग इंतजार करो और देखो की नीति को अपना रहे हैं, इसके अलावा को-विन एप में भी खामियां रहीं, जो कम टीकाकरण के अन्य कारणों में शामिल हैं। राजीव गांधी अति विशिष्ट अस्पताल के चिकित्सा निदेशक बी एल शेरवाल ने कहा, हां, एईएफआई के मामलों ने लोगों के दिमाग पर प्रभाव डाला है और इसको लेकर फैली आशंका कम टीकाकरण का कारण हो सकती है। लेकिन इसके कुछ अन्य कारण भी हैं। और, आखिरकार यह एक स्वैच्छिक कार्य है, इसलिए लोग अपनी पसंद से यह निर्णय लेते हैं। लेकिन, हम अपने अस्पताल के सभी विभाग प्रमुखों के माध्यम से स्वास्थ्य कर्मियों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि उनका आत्मविश्वास बढ़ाया जा सके।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दिल्ली सरकार द्वारा संचालित एलएनजेपी अस्पताल में अधिकारियों द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, केवल 12 स्वास्थ्य कर्मियों को सोमवार को टीका लगाया गया, जबकि पहले दिन 32 स्वास्थ्य कर्मियों ने टीके लगवाए थे। इस अस्पताल में किसी में भी इसका प्रतिकूल प्रभाव सामने नहीं आया है। इस बीच दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने मंगलवार को कहा कि यह कवायद स्वैच्छिक और व्यक्तिगत निर्णय से जुड़ी है कि टीका लगवाना है या नहीं? हालांकि लोगों का भरोसा बढ़ाने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही कहा कि लोगों का भरोसा धीरे-धीरे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि यह एक स्वैच्छिक कार्यक्रम है और लोग स्वयं अपना फैसला ले रहे हैं क्योंकि यह शुरुआती चरण है। यह पूछे जाने पर कि कुछ नेताओं द्वारा इसके प्रभाव एवं सुरक्षा को लेकर संशय जताया जाना भी एक कारण हो सकता है तो जैन ने कहा, नहीं। टीका लगवाना व्यक्तिगत निर्णय है और इसका टीके के संबंध में की गई राजनीतिक बयानबाजी से कोई लेना-देना नहीं है।

### निगरानी के लिए एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म

को-विन कोविड-19 टीका वितरण की निगरानी के लिए एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है। एलएनजेपी अस्पताल के चिकित्सा निदेशक सुरेश कुमार ने कहा, हमारे अस्पताल में ऐप में कुछ गड़बड़ियां थीं। हमें अभियान के दौरान यह संख्या बढ़ने की उम्मीद है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के पूर्व महानिदेशक एन के गांगुली ने कहा कि धीरे-धीरे यह संख्या बढ़ेगी क्योंकि लोग टीकों के बारे में पूरी तरह से अवगत होना चाहते हैं।

भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने कांग्रेसी नेता राहुल पर

# चीन, किसान, कोविड-19 से जुड़े मुद्दों पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भाजपा** अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए चीन, कृषि कानूनों और कोविड-19 के मुद्दों पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश में एक गांव बनाने संबंधी खबरों का हवाला देते हुए राहुल गांधी ने राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार पर सवाल उठाए थे।

नड्डा ने सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा, राहुल गांधी, उनका परिवार और कांग्रेस कब चीन पर झूठ बोलना बंद करेगी? क्या वह इस बात से इनकार कर सकते हैं कि अरुणाचल प्रदेश की जिस जमीन का वह जिक्र कर रहे हैं, वहां सहित हजारों किलोमीटर जमीन चीन को किसी और ने नहीं बल्कि पंडित नेहरू ने भेंट कर दी थी? कांग्रेस चीन के समक्ष अक्सर क्यों घुटने टेक देती है? भाजपा अध्यक्ष ने राहुल गांधी पर किसानों को उकसाने और गुमराह करने का आरोप लगाते हुए पूछा कि कांग्रेस-नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार ने स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को सालों तक क्यों अटका रखा था और



न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) भी नहीं बढ़ाया। उन्होंने पूछा, कांग्रेस की सरकारों के दौरान किसान दशकों तक गरीब क्यों रहा? जब वह विपक्ष में होते हैं तभी क्या उन्हें किसानों के प्रति सहानुभूति महसूस होती है।

नड्डा ने कहा कि अब चूंकि राहुल गांधी अपनी मासिक छुट्टी से लौट आए हैं, वह उनसे कुछ सवाल पूछना चाहते हैं। उन्होंने पूछा, क्या राहुल गांधी का चीन की कम्युनिस्ट पार्टी और चीन से समझौता पत्र रद्द करने का कोई इरादा है? क्या वह अपने परिवार नियंत्रित न्यासों को चीन से मिले उदार दानों को वापस करने का इरादा रखते हैं? या उनकी नीतियां और परिपाटियां चीनी पैसों और समझौता पत्र से शासित होती रहेंगी?

## संक्षिप्त समाचार

### टाटा मोटर्स को 2020 में मिले 98 पेटेंट

**नई दिल्ली।** वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने मंगलवार को कहा कि इंजीनियरिंग उत्कृष्टता और नवाचार के तेज प्रयासों के फलस्वरूप उसे 2020 में 98 पेटेंट प्राप्त हुए। कंपनी ने एक बयान में कहा कि ये पेटेंट मुख्य रूप से सेस (कनेक्टेड, इलेक्ट्रिफायड, सस्टेनेबल, सेफ) वाहनों से संबंधित हैं। इन पेटेंट में वाहनों के इलेक्ट्रॉनिक्स में सुधार, ध्वनि कंपन और कठोरता, पारंपरिक व उन्नत पावरट्रेन सिस्टम समेत औद्योगिक डिजाइन, कॉपीराइट आदि की व्यापक श्रेणियां शामिल हैं। टाटा मोटर्स के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी राजेंद्र पेटकर ने कहा, टाटा मोटर्स का उद्योग जगत में मानक बनने के लिए नवाचारों को पेश करने का एक समृद्ध इतिहास है। हम अपनी प्रतिभाशाली टीम को नए सिरे से सोचने और चुनौती देने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

### डीटीसी से मिला 700 लो फ्लोर एसी बस का ठेका

**नई दिल्ली।** जेबीएम ऑटो लिमिटेड को दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) से 700 लो-फ्लोर एसी बसों की आपूर्ति का ठेका मिला है। कंपनी ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस ठेके के तहत वह डीटीसी को भारत स्टेज-6 उत्सर्जन मानक के अनुकूल 700 लो-फ्लोर एसी बसों की आपूर्ति करेगी। ये बसें सीएनजी से चलने वाली होंगी। कंपनी ने कहा कि डीटीसी को जिन सिटीलाइफ बसों की आपूर्ति की जाएगी, उनमें स्मार्टकार्ड टिकटिंग सिस्टम, रियल टाइम पैसेंजर इंफॉर्मेशन सिस्टम (पीआईएस), इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस), ऑटोमैटिक बस व्हीकल लोकेशन सिस्टम और सीसीटीवी कैमरा जैसी आधुनिक सुविधाओं होंगी। कंपनी ने कहा कि इन बसों की आपूर्ति अगले वित्त वर्ष में की जाएगी।

### डुंजो ने गूगल, लाइटबॉक्स, अन्य से चार करोड़ डॉलर जुटाए

**नई दिल्ली।** स्थानीय वाणिज्य मंच डुंजो ने मंगलवार को कहा कि उसने गूगल, लाइटबॉक्स और अन्य से चार करोड़ डॉलर (करीब 292.7 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। कंपनी ने एक बयान में बताया कि वित्त पोषण के ताजा दौर में गूगल, लाइटबॉक्स, एवोल्वेंस, हाना फाइनेंशियल इंवेस्टमेंट, एलजीटी लाइटस्टोन एस्पाडा और अल्टेरिया सहित कई पुराने और नए निवेशक शामिल हुए। डुंजो ने कहा कि वह आने वाले वर्षों में मुंबई, चेन्नई और पुणे में अपनी प्लेबुक को तैनात करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। डुंजो की बिक्री इस समय सालाना 10 करोड़ डॉलर है।

### व्यापार संभावनाओं को रेखांकित करने लिए प्रदर्शनी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी कारोबारियों के लिए भारत में व्यापार संभावनाओं को रेखांकित करने वाली प्रदर्शनी इंडिया सब कॉन्ट्रैक्टिंग एक्सपो 2021 से पहले एक वर्चुअल मंच में प्रमुख वक्ताओं ने कहा कि कोरोना वायरस महामारी के चलते दोनों देशों के लिए साथ मिलकर काम करने और भरोसेमंद आपूर्ति श्रृंखला तैयार करने के नए अवसर तैयार हुए हैं। उत्तरी अमेरिका पर खासतौर से ध्यान देने वाले इंडिया सब कॉन्ट्रैक्टिंग एक्सपो 2021 का आयोजन 16 से 19 फरवरी के दौरान आभासी रूप से किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में भारत के कारोबारियों और कनाडा, मैक्सिको तथा अमेरिका के खरीदारों को साथ लाया जाएगा। प्रदर्शनी से पहले भारत सरकार के अधिकारियों, राजनयिकों और उद्योग जगत की हस्तियों ने व्यापार और निवेश के क्षेत्र में अमेरिका और भारत के बीच अवसरों को रेखांकित किया। इस कार्यक्रम का आयोजन इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) ने सोमवार को किया।

### सकारात्मक सोच वाले लोगों से प्रेरणा लीजिए: नूई

**वाशिंगटन।** पेप्सिको की पूर्व सीईओ इंद्रा नूई ने अमेरिका में भारतीय छात्रों को सलाह दी है कि बड़े पद की वजह से किसी को अपना आदर्श न मानें, बल्कि उन लोगों से प्रेरणा लें तो नकारात्मकता के बीच भी सकारात्मक पहलू खोज लेते हैं। पिछले सप्ताह एंबेसी ऑफ इंडिया स्टूडेंट हब के एक कार्यक्रम में 65 वर्षीय भारतीय-अमेरिकी कारोबारी दिग्गज ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, जो आपसे उच्च स्थिति में हो, सिर्फ उन लोगों से प्रेरणा न लीजिए, जो लोग संकट को दिलचस्प तरीके से संभाल सकते हैं, उनसे आपको प्रेरणा लेनी चाहिए। स्टूडेंड हब, भारतीय दूतावास की एक पहल है, जिसका मकसद अमेरिका में पढ़ रहे भारतीय छात्रों को भारत के विकास के साथ जोड़ना है। इसके जरिए छात्र आपस में और दूतावास के साथ जुड़ सकते हैं।

### अर्जेंटीना और चिली में 6.4 तीव्रता का भूकंप

**सेंटियागो ( चिली )।** मध्य चिली की सीमा से सटे उत्तरपश्चिम अर्जेंटीना में शक्तिशाली भूकंप आया, हालांकि इससे जान माल के किसी प्रकार के नुकसान की फिलहाल कोई खबर नहीं मिली है। भूकंप चिली में भी महसूस किया गया। भूकंप के कारण इलाके में बिजली गुल हो गई। अमेरिका के भूगर्भीय सर्वेक्षण विभाग ने बताया कि सोमवार रात को आए भूकंप की तीव्रता 6.4 मापी गई और इसका केंद्र पोर्सिटो से 27.6 किमी दूर दक्षिण पश्चिम में था। भूकंप 14 किलोमीटर की गहराई पर आया। भूकंप के पहले झटके के करीब पौने एक घंटे बाद दूसरा झटका महसूस किया गया जिसकी तीव्रता 5.0 तीव्रता मापी गई।

### चार से पांच दिन में अस्पताल से मिलेगी छुट्टी: नाइक

**पणजी।** एक सप्ताह पहले हादसे में घायल हुए केंद्रीय आयुष मंत्री श्रीपद नाइक ने मंगलवार को कहा कि उनकी स्थिति अब बेहतर है और उन्हें चार से पांच दिन में गोवा मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल (जीएमसीएच) से छुट्टी मिल जाएगी। केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री और आयुष मंत्री 68 वर्षीय नाइक पड़ोसी राज्य कर्नाटक से गोवा लौटते समय सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए थे और उन्हें 12 जनवरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एजेंसी से बातचीत के दौरान नाइक ने कहा कि भगवान की कृपा और सभी के आशीर्वाद से उनकी स्थिति में सुधार हो रहा है।

### दो इनामी महिला नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर ( छत्तीसगढ़ )।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने दो इनामी महिला नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। बीजापुर जिले के पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि जिले के गंगालूर और पामेड़ थाना क्षेत्र में दो महिला नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में नक्सल विरोधी अभियान के तहत सोमवार को गंगालूर थाना क्षेत्र में सुरक्षा बलों को गश्त पर रवाना किया गया था।

# माओवादियों से ज्यादा खतरनाक है भाजपा: ममता

**एजेंसी।** पुरुलिया (पश्चिम बंगाल)

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को भाजपा को माओवादियों से ज्यादा खतरनाक बताते हुए आरोप लगाया कि भगवा पार्टी चुनाव से पहले लोगों से झूठे वादे कर रही है। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ने कहा कि राजनीति एक पवित्र विचारधारा और दर्शन है तथा कपड़ों की तरह रोज विचारधारा नहीं बदली जा सकती है।

राज्य में अप्रैल-मई में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कई नेताओं ने तृणमूल कांग्रेस छोड़ दी है। कभी वामपंथ का गढ़ रहे पुरुलिया जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए ममता ने कहा, भाजपा माओवादियों से भी ज्यादा खतरनाक है। उन्होंने कहा, भाजपा से जो जुड़ना चाहते हैं वो जा सकते हैं, लेकिन हम भगवा पार्टी के सामने कभी अपना



सिर नहीं झुकाएंगे। हाल के दिनों में तृणमूल कांग्रेस के कई नेता भाजपा में शामिल हुए हैं। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि भाजपा नेताओं ने झूठे वादे कर जंगलमहल इलाके के आदिवासियों को गुमराह किया और लोकसभा चुनाव जीतने के बाद उनके पास कभी नहीं आए। पुरुलिया भी जंगलमहल इलाके में आता है। भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में पुरुलिया समेत जंगलमहल इलाके में सभी सीटों पर जीत हासिल की थी।

## आयुर्वेद के परम्परागत ज्ञान का आधनिकीकरण किया जाए: मिश्र


**जयपुर।** राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने चरक संहिता, सुश्रुत संहिता और कश्यप संहिता में उपलब्ध आयुर्वेद ज्ञान के आधुनिकीकरण के प्रयास किए जाने पर जोर देते हुए हिंदी में इस ज्ञान के प्रसार की आवश्यकता जताई है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद में शल्य चिकित्सा, ह्रदय रोगों तथा शरीर की समस्त बीमारियों के उपचार का महत्वपूर्ण उल्लेख है। मिश्र मंगलवार को सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर के चौथे दीक्षांत समारोह को ऑनलाइन संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी की कठिन परिस्थितियों में परम्परागत भारतीय जीवनशैली और आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति ने बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि समाज के ऐसे लोग जो महंगी चिकित्सा प्राप्त करने में सक्षम नहीं हैं, आयुर्वेद के तहत उन्हें अधिकाधिक लाभांवित किए जाने की आवश्यकता है।

# 'केंद्र को अर्णब के कथित चैट का संज्ञान लेना चाहिए'

**एजेंसी।** मुंबई

महाराष्ट्र के गृहमंत्री अनिल देशमुख ने मंगलवार को कहा कि केंद्र को रिपब्लिक टीवी के प्रधान संपादक अर्णब गोस्वामी और ब्रॉडकास्ट ऑडिएंस रिसर्च काउंसिल के पूर्व प्रमुख पार्थो दासगुप्ता के बीच बालाकोट हवाई हमले के सिलसिले में हुए कथित चैट का संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि यह मामला गंभीर है क्योंकि यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मामला है।

मंत्री का यह बयान कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा उनसे मुलाकात करने के बाद आया है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सचिन सावंत की अगुवाई में कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल देशमुख से मिला था। देशमुख ने कहा, यह गंभीर मुद्दा है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा है। केंद्र को निश्चित ही उसका संज्ञान लेने की



जरूरत है। देशमुख को सौंपे एक ज्ञापन में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि यह बड़ी चिंता की बात है कि गोस्वामी को न केवल सशस्त्रबलों के राष्ट्रीय सुरक्षा अभियानों के बारे में बहुत ही गोपनीय विषय की जानकारी थी, बल्कि उसे दासगुप्ता के साथ खुलेआम साझा कर रहे थे। कांग्रेस ने सवाल किया कि कैसे गोस्वामी को पाकिस्तान में वायुसेना का सीमापार हवाई हमला होने से कई दिन पहले ही कथित रूप से उसकी सूचना मिल गई। पार्टी ने कहा कि यह शीर्षतम स्तर पर राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ समझौते को दर्शाता है।

## दवा कंपनियों से 1.55 करोड़ वसूले तेलंगाना पीसीबी: एनजीटी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने तेलंगाना प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीसीबी) को आदेश दिया है कि वह राज्य में प्रदूषण फैलाने वाली दवा कंपनियों से जुर्माने के तौर पर 1.55 करोड़ रुपये वसूल करे। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने राज्य पीसीबी से कहा कि वह कंपनियों से यह राशि वसूले और भुगतान नहीं करने वाली कंपनियों को बंद करने समेत उनके खिलाफ बलपूर्वक कार्रवाई करे।

एक समिति ने सभी दवा निर्माता कंपनियों पर एक साल और श्री कार्तिकेय फार्मा पर छह माह के लिए पर्यावरणीय मुआवजा लागू करने की सिफारिश की थी, जिसके बाद एनजीटी ने यह आदेश पारित किया। पीठ ने कहा, यह औद्योगिक क्षेत्र प्रदूषित है और ये उद्योग रेड श्रेणी के उद्योगों में आते हैं।

## गोवा में नगर निकाय चुनाव तीन महीने के लिए स्थगित

**पणजी।** गोवा राज्य निर्वाचन आयोग ने पणजी नगर निगम, 11 नगरपालिका परिषदों के चुनाव और विभिन्न ग्राम पंचायतों के लिए होने वाले उपचुनाव तीन महीने के लिए स्थगित कर दिए हैं। इससे पहले, ये चुनाव पिछले साल 18 अक्टूबर को होने थे, लेकिन आयोग ने कोविड-19 महामारी के कारण इन्हें तीन महीने के लिए स्थगित कर दिया था।

आयोग ने सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि 11 नगर पालिका परिषदों के चुनाव, पणजी शहर के निगम चुनाव, विभिन्न ग्राम पंचायतों के वार्डों के लिए उपचुनाव, और नावलिम (दक्षिण गोवा) जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र के लिए चुनाव अप्रैल 2021 तक तीन महीने के लिए या आयोग द्वारा निर्धारित चुनाव की अगली तारीख तक के लिए स्थगित किए जाते हैं।

# शिक्षा नीति का कार्यान्वयन मसौदा जल्द होगा जारी: मंत्रालय

**एजेंसी।** नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्यों और उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए कार्य सूचियों के साथ कार्यान्वयन योजना का मसौदा तैयार किया है तथा विशेषज्ञ समूहों के विश्लेषण एवं राज्यों सहित अन्य पक्षकारों के सुझाव के आधार पर दस्तावेज को अंतिम रूप दिया जा रहा है जिसे जल्द ही जारी किया जाएगा। शिक्षा मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के लक्ष्यों और उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए, स्कूली शिक्षा एंव साक्षरता विभाग (डीओएसईएल) ने कार्य सूचियों के साथ कार्यान्वयन योजना का एक मसौदा तैयार किया है। इसमें प्रत्येक सुझाव के अनुसार किए जाने वाले कार्यों, जिम्मेदार एजेंसियों द्वारा इनके निष्पादन, इन्हें लागू करने की समय सीमा और इनके अपेक्षित परिणामों को शामिल किया गया है। बयान के अनूसार, कार्य सूची के इस मसौदे को 10 सितंबर, 2020 को राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों / स्वायत्त निकायों के साथ साझा किया गया था, ताकि 12 अक्टूबर 2020 तक वे इस पर अपनी प्रतिक्रिया दे सके। मंत्रालय ने बताया, इस विभाग के स्वायत्त निकायों और 31 राज्यों तथा केंद्रं शासित प्रदेशों ने कार्य सूची पर 7177 सुझाव / प्रतिक्रिया दीं। इनका विश्लेषण विशेषज्ञ समूहों द्वारा किया गया और कार्यान्वयन योजना के अंतिम संस्करण में महत्वपूर्ण सुझावों को शामिल किया गया। मंत्रालय के अनुसार, दस्तावेज को अंतिम रूप दिया जा रहा है और जल्द ही इसे जारी कर दिया जाएगा।

## योगी ने लागू कर रखा है यूपी में अघोषित आपत्तिकाल : सोमनाथ

**सुलतानपुर ( यूपी )।** आम आदमी पार्टी के विधायक व दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सोमनाथ भारती ने मंगलवार को सुलतानपुर की अमहट जेल से रिहा होने के बाद कहा कि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अघोषित आपत्तिकाल कर रखा है, ये कांग्रेस से भी आगे हैं पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा, आज लगभग 200 घंटे बाद मुझे रिहा किया गया है, मैं योगी जी से कहना चाहता हूं कि यदि मुझे 200 दिन भी जेल में रखेंगे तो भी मैं उत्तर प्रदेश के घर-घर, मोहल्ले में जाकर केजरीवाल मॉडल गवर्नेंस, शिक्षा, पानी, स्वास्थ्य, बिजली,भारती ने कहा कि लोकतंत्र के अंदर हिंसा का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि राजनैतिक लड़ाई राजनैतिक रूप से होनी चाहिए, न कि झूठी एफआईआर व पुलिस का सहयोग लेकर, उसके पीछे छुपकर।

# जलवायु परिवर्तन से दक्षिण भारत में बदल सकता है वर्षा का स्वरूप: अध्ययन

**नई दिल्ली।** भविष्य में जलवायु परिवर्तन से उष्णकटिबंधीय वर्षा पट्टी (पृथ्वी की भूमध्य रेखा के पास भारी वर्षा की एक संकीर्ण पट्टी) के असमान स्थानांतरण से भारत के कई हिस्सों में बाढ़ आने का सिलसिला बढ़ने की आशंका है। पत्रिका नेचर क्लाइमेट चेंज में प्रकाशित एक अध्ययन में इस बात को लेकर सचेत किया गया है।

इसके तहत 27 अत्याधुनिक जलवायु मॉडल का अध्ययन किया गया और भविष्य के उस परिदृश्य को लेकर उष्णकटिबंधीय वर्षा पट्टी की प्रतिक्रिया को मापा गया, जिसमें मौजूदा सदी के अंत तक ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन लगातार बढ़ रहा है। इस अध्ययन के अनुसार, पूर्वी अफ्रीका और हिंद महासागर के ऊपर उष्णकटिबंधीय वर्षा पट्टी के उत्तर की ओर स्थानांतरित होने से दक्षिण भारत में बाढ़ की तीव्रता बढ़ सकती है और इससे 2100 तक वैश्विक जैव विविधता और खाद्य सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। अमेरिका स्थित युनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया (यूसी) के वैज्ञानिक इस अध्ययन में शामिल थे।

उन्होंने कहा कि वर्षा पट्टी में यह बड़ा बदलाव जलवायु परिवर्तन के वैश्विक असर संबंधी पहले के अध्ययनों में सामने नहीं आया था। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण एशिया और उत्तरी अटलांटिक महासागर में तापमान बढ़ा है।

# ट्रंप ने यूरोप और ब्राजील पर से यात्रा प्रतिबंध हटाएं

**एजेंसी।** वाशिंगटन

**अमेरिका** के निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को एक कार्यकारी आदेश जारी करते हुए यूरापीय देशों और ब्राजील पर से यात्रा प्रतिबंध हटा दिए हैं। ट्रंप प्रशासन ने कोविड-19 वैश्विक महामारी के मद्देनजर यह प्रतिबंध लगाए थे। चीन और ईरान पर लगे ये प्रतिबंध अब भी जारी रहेंगे। ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश में कहा कि वह यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, आयरलैंड गणराज्य और ब्राजील पर लागू प्रतिबंधों को हटा रहे हैं। वहीं चीन और ईरान पर प्रतिबंध जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) के 12 जनवरी को विदेश से आने वाले सभी यात्रियों के कोविड-19 न होने की पुष्टि वाली रिपोर्ट या संक्रमण मुक्त होने के दस्तावेजों को पेश करने के निर्देश के बाद इस संबंध में निर्णय किया गया। ट्रंप ने कहा कि यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, आयरलैंड और ब्राजील 12 जनवरी 2021 को जारी किए गए सीडीसी के आदेश के क्रियान्वयन में सहयोग करेगा और यह सुनिश्चित करेंगे कि जांच रिपोर्ट सटीक हों। उन्होंने कहा कि चीन और ईरान के बारे में यह नहीं कहा जा सकता। ट्रंप ने कहा, अपने क्षेत्रों में वैश्विक महामारी से निपटने के तरीके, पारदर्शिता की कमी और अभी तक वायरस के खिलाफ लड़ाई में उनका अमेरिका के साथ पूरी तरह से सहयोग न करना, इस बात को लेकर संदेह उत्पन्न करता है कि वे सीडीसी के 12 जनवरी 2021 के आदेश के क्रियान्वयन में सहयोग करेंगे।

# आगे कई चुनौतियां हैं, इनसे निपटना आसान नहीं होगा : कमला हैरिस

**ललित के झा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** की नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने सोमवार को माना कि 20 जनवरी को जो बिडेन के अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेने के बाद सरकार के सामने आगे कई चुनौतियां होंगी और उन सबसे निपटना आसान नहीं होगा। बिडेन 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद व्हाइट हाउस में प्रवेश करेंगे। उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती कोविड-19 महामारी के कारण चरमरा रही अर्थव्यवस्था को दुरुस्त करने की होगी। कोरोना वायरस संक्रमण के कारण देश में 3,98,000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और लाखों लोग आर्थिक दिक्कतों का सामना कर रहे हैं।

मार्टिन लूथर किंग जूनियर की जयंती पर मनाए जाने वाले डे ऑफ सर्विस के मौके पर सोमवार को एनाकोस्टिया में गैर सरकारी



संगठन मार्थाज टेबल में आयोजित कार्यक्रम में हैरिस ने पत्रकारों से कहा, हमें बहुत सारा काम करना है। इन चुनौतियों से निपटना इतना आसान नहीं होगा। हर साल जनवरी के तीसरे सोमवार को मार्टिन लूथर किंग जूनियर की जयंती आयोजित की जाती है। मार्टिन लूथर ने 1950 और 60 के दशक में अश्वेतों के अधिकारों के लिए अहिंसक प्रदर्शन किए थे। हैरिस ने कहा, हमने पहले भी चर्चा की है। जो (बिडेन) ने टीकाकरण, कामकाजी लोगों और परिवारों को राहत देने के लिए योजना बताई है। बहुत कुछ करना है। कुछ लोग कहते हैं कि हमारा महात्वाकांक्षी लक्ष्य है। लेकिन हमारा मानना है कि कड़ी मेहनत और अमेरिकी संसद के सदस्यों की मदद से हम लोग इसे कर पाएंगे। उन्होंने कहा, मैं अमेरिका की अगली उपराष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेने का इंतजार कर रही हूं। मैं फख्र के साथ सिर बुलंद कर वहां जाऊंगी और शपथ ग्रहण में हिस्सा लूंगी।

कमला हैरिस और उनके पति डगलस एमहॉफ सोमवार को एनाकोस्टिया में मार्थाज टेबल के कार्यक्रम में मौजूद थे। इस दौरान दंपति ने लोगों के लिए खाद्य सामग्री पैक किया। हैरिस ने कहा, हम लोग यहां सेवा कर रहे कार्यकर्ताओं की मदद के लिए आए हैं। डे ऑफ सर्विस के मौके पर यहां जैक एंड जिल से कई स्कूली छात्र आए हैं। इस दिन हम लोग डॉ. मार्टिन लूथर जूनियर को श्रद्धांजलि देते हैं और उनके योगदान को याद करते हैं। वर्ष 1994 में संसद ने मार्टिन लूथर किंग हॉलिडे को राष्ट्रीय सेवा दिवस के तौर पर मान्यता दी थी। वर्ष 2009 में तत्कालीन नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ओबामा ने राष्ट्रीय सेवा दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में अमेरिका के सभी लोगों से हिस्सा लेने का आह्वान किया था।

### सीनेट की पुष्टि के बाद नवनिर्वाचित राष्ट्रपति बिडेन की राष्ट्रीय सुरक्षा कैबिनेट के नाम आएंगे सामने

**वाशिंगटन।** नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बिडेन की राष्ट्रीय सुरक्षा कैबिनेट में शामिल किए जाने वाले कुछ अधिकारियों के नाम को लेकर उनके कार्यकाल के पहले दिन भले साफ तस्वीर सामने नहीं आ पाए, लेकिन जिस तेजी से सीनेट में पुष्टि संबंधी सुनवाई चल रही है उससे लगता है कि कुछ दिन में राष्ट्रीय सुरक्षा कैबिनेट का खाका सामने आ सकता है। विदेश विभाग, पेंटागन, गृह सुरक्षा एवं खुफिया विभाग के लिए नामितों के नाम पर पुष्टि बिडेन के शपथ ग्रहण के वक्त तक नहीं हो पाएगी। बिडेन बुधवार दोपहर को शपथ लेंगे। कुछ दिन में उन में से कुछ के नाम सामने आ सकते हैं। सीनेट सामान्य तौर पर शपथ ग्रहण के दिन रक्षा मंत्री समेत कुछ नामों की पुष्टि करती है लेकिन चार साल पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शासन की शुरुआत में इसमें विलंब हुआ था। तब केवल पेंटागन प्रमुख जेम्स मैटिस के नाम की ही पुष्टि हुई थी। इस वर्ष ट्रंप के महाभियोग तथा वाशिंगटन में हिंसा की आशंका के बीच अभूतपूर्व संख्या में सैनिकों की मौजूदगी के चलते बिडेन के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा दल की जल्द से जल्द नियुक्ति करना सबसे प्रमुख प्राथमिकता होगी।

पायनियर
हरियाणा, बुधवार, 20 जनवरी, 2021



# नोएडा के लाखों परिवारों को मिली बड़ी राहत

## वॉटर और सीवर चार्ज पर 50 फीसदी तक छूट, गांव वालों को भी मिलेगा फायदा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**सोमवार** को नोएडा विकास प्राधिकरण के बोर्ड की 201वीं बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास आयुक्त और प्राधिकरण के चेयरमैन आलोक टंडन ने की।

प्राधिकरण ने शहर की सामाजिक संस्थाओं की ओर से दिए गए ज्ञापन पत्र पर संज्ञान लेते हुए वॉटर और सीवर चार्जेस पर लगने वाले पेनल्टी व ब्याज को कम करने का प्रस्ताव बोर्ड के सामने रखा। जिसे मंजूरी दे दी गई है। इस प्रस्ताव के तहत पेनल्टी और ब्याज पर 50 फीसदी तक की राहत शहर के लोगों को मिलेगी। प्राधिकरण अफसरों का कहना है कि इससे नोएडा के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों आवंटियों को बड़ा फायदा होगा।




नोएडा विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में अधिकारियों संग चर्चा करते उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास आयुक्त और प्राधिकरण चेयरमैन आलोक टंडन।

प्राधिकरण की ओर से जारी किए गए बयान में बताया गया है कि औद्योगिक संगठनों और जन सामान्य की मांग पर 3 माह के लिए एमनेस्टी स्कीम का प्रस्ताव बोर्ड के सामने रखा गया था जिसे मंजूरी मिल गई है। अगर कोई आवंटी 31 दिसंबर 2020 तक की जल प्रभार राशि 31 जनवरी तक जमा करता है तो उसे ब्याज पर 40 प्रतिशत छूट दी जाएगी। 1 फरवरी से 28 फरवरी के बीच धनराशि जमा करने पर 30 प्रतिशत छूट मिलेगी। वहीं 1 मार्च से 31 मार्च तक पैसा जमा करने वालों को 20 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। प्राधिकरण की ओर से बताया गया है कि जिन लोगों ने अवैध रूप से जल और सीवर का उपयोग किया है, उन्हें भी दंड और ब्याज में राहत दी गई है। कम से कम 30 दिसंबर 2014 से स्थाई जल शुल्क लागू किया जाएगा। इस राशि पर लगने वाला ब्याज और पेनल्टी में 40 प्रतिशत की छूट दे दी गई है।

इकोनामिक वीकर सेक्शन, लोअर इनकम ग्रुप श्रमिक कुंज और ग्रामीण क्षेत्रों में वाटर और सीवर कनेक्शन के बकायेदारों को 50 प्रतिशत की छूट दी गई है। जिन आवंटियों ने जल और सीवर का कनेक्शन अभी तक नहीं लिया है, उन्हें कब्जा प्रमाण पत्र की तारीख से लेकर कनेक्शन लेने तक की तारीख तक का पूरा शुल्क जमा करना होगा। इस प्रस्ताव को बोर्ड ने मंजूरी दे दी है।

## ग्रेनो वेस्ट में फरवरी से मिलेगा गंगाजल

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा शहर के लोगों का दस वर्षों का इंतजार खत्म होने वाला है। शहर में अगले महीने से गंगाजल की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। पहले ग्रेटर नोएडा और फिर ग्रेटर नोएडा वेस्ट को गंगाजल मिलेगा। इससे शहर में पेयजल की गुणवत्ता सुधरेगी। साथ ही शहर में पानी की आपूर्ति का वक्त भी बढ़ेगा।

अभी सुबह और शाम 6 घंटे पानी मिलता है। इसे बढ़ाकर 12 घंटे करने की योजना है। करीब 10 साल से अटकी गंगाजल परियोजना के तीसरे चरण का काम पूरा होने वाला है। प्राधिकरण ने इसके लिए 38 करोड़ रुपये के पिछले साल टेंडर जारी किए थे। इस रकम से एक जोनल जलाशय और आठ जलाशय के अधूरे काम पूरे किए गए हैं। साथ ही बिजली से जुड़े काम भी हो गए हैं। करीब 350 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना के तहत गाजियाबाद के देहरा गांव में गंगनहर से ग्रेनो तक पाइपलाइन बनाई गई है।

## भूमाफिया से छीनकर रक्षा मंत्रालय के नाम दर्ज की जमीन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्धनगर जिला प्रशासन ने सोमवार को भूमाफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। नोएडा में करीब 400 करोड़ रुपए की जमीन भूमाफिया से छीनकर वायुसेना को लौटाई गई है। दरअसल, नोएडा के यमुना खादर क्षेत्र में वायु सेना की जमीन पर करीब 70 वर्षों से कब्जा था। यहां वायु सेना की फायरिंग और बोम्बिंग रेंज पर माफिया ने कब्जा करके फार्म हाउस बसा दिए थे। सैकड़ों लोगों को धोखाधड़ी के जरिए फार्म हाउस बेचे गए थे। इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर शुरू हुई यह कार्यवाही करीब 7 वर्ष में पूरी हुई है।

नोएडा के नंगला नंगली और नंगली साकपुर गांवों में हुए वायु सेना भूमि घोटाले में कार्रवाई सोमवार को अंजाम तक पहुंच गई है। प्रशासन ने वायु सेना की 161 एकड़ भूमि रक्षा मंत्रालय के नाम दर्ज कर दी है। नोएडा में यमुना नदी के किनारे वायु सेना की इस जमीन पर कब्जा करके भूमाफिया ने फार्म हाउस बनाकर बेच दिए थे। जिस पर इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीश की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने जिला प्रशासन को कार्रवाई करने का आदेश करीब 6 साल पहले दिया था।

गौतमबुद्ध नगर के सहायक अभिलेख अधिकारी रजनीकांत ने सोमवार को इस कार्रवाई के बारे में बताया कि वायु सेना को वर्ष 1950 में तिलपत रेंज के लिए 468 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया गया था। नोएडा के नंगला नंगली और नंगली साकपुर गांवों की जमीन वायु सेना को जमीन दी गई थी। हरियाणा के फरीदाबाद जिले से दीक्षित अवार्ड के तहत वर्ष 1971 में गौतमबुद्धनगर जिले को यह जमीन दी गई थी।

## डेयरी संचालक को गोली मारने वाले धरे गए

### पुरानी रंजिश में दिया था वारदात को अंजाम

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

तीन दिन पूर्व मुरादनगर थाना क्षेत्र के सहबिस्वा में एक युवक को गोली मारने के मामले में पुलिस ने नामजद दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में इस्तेमाल किया गया तमंचा भी बरामद कर लिया है। पुलिस का कहना है कि पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए युवक को गोली मारी गई थी।

बता दें कि मुरादनगर शहर की सहबिस्वा कॉलोनी निवासी सरफराज उर्फ टिंकू पुत्र मुन्ना परिवार सहित रहता है। वह भैंसों का दूध बेचकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। शनिवार की सुबह वह घर से कुछ दूरी पर ही गोबर डालने जा रहा था। इसी दौरान घात लगाए खड़े युवकों ने




मुरादनगर पुलिस की गिरफ्त में डेयरी संचालक को गोली मारने के आरोपी।

उसको रोककर गोली मार दी थी। गंभीर हालत में युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस मामले में पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। बताया गया है कि युवक की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि सहबिस्वा स्कूल के पास गोली मारने वाले आरोपी घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने उनकी घेराबंदी कर अरशद उर्फ छोटे व जुबेर को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से तमंचा व कारतूस बरामद किया गया है।

थाना प्रभारी अमित ने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि पुरानी रंजिश के चलते युवक को गोली मारी गई है।

## पत्नी से मारपीट मामले में पति गिरफ्तार

**नोएडा।** बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के जीटी रोड स्थित गांव डेरी मच्छा में खाना बनाने को लेकर पत्नी के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने पति को गिरफ्तार किया है । पुलिस के अनुसार डेरी मच्छा गांव निवासी सुजीत की पत्नी सुधा से खाना बनाने को लेकर कहासुनी हो गई । कहासुनी के बाद सुजीत ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर दी । महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए। सुधा ने डायल 112 पर पुलिस को घटना की सूचना की दी । पुलिस आने की सूचना पर पत्नी की जमकर धुनाई कर दी । जिससे वह घायल हो गई। सूचना पाकर पुलिस पहुंच गई । पुलिस ने मौके से ही पति सुजीत को गिरफ्तार कर लिया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर सुजात के खिलाफ कार्रवाई की है ।

## सर्वेक्षण में जिले को अव्वल लाने में जुटे प्रधानाचार्य

### स्वच्छता रैकिंग के लिए गाजियाबाद में अभियान चलाने का फैसला

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

स्वच्छता सर्वेक्षण-2021

स्वच्छता सर्वेक्षण में नेशनल व स्टेट लेवल पर गाजियाबाद को रैंकिंग में अव्वल लाने के लिए गाजियाबाद नगर निगम ने महानगर के सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यो को एक मंच पर जुटाकर पूरे जिले में अभियान शुरू करने का फैसला किया है।

स्कूलों के प्रधानाचार्यों ने भी नगर निगम अधिकारियों को भरोसा दिलाया कि इस बार गाजियाबाद को स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में प्रथम रैंकिंग दिलाने के अभियान में कोई कमी नहीं छोड़ी जायेगी।

इस मौके पर नगर आयुक्त महेन्द्र सिंह तंवर ने मौजूद प्रधानाचार्यो को अवगत कराया कि उन्हें अपने मोबाइल सेट से किस तरह से ऐप के जरिये अपने शहर को सफाई के सिलसिले में अपने व्यू देने हैं। इसके अलावा छात्रों में सफाई के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न प्रकार के कॉम्पीटीशन आयोजित करने हैं। नगर आयुक्त ने प्रधानाचार्यो को बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 ऐप को न केवल अपने मोबाइल में लोड करे बल्कि छात्रों को भी लोड करने के लिए सुबह की प्रार्थना सभा में जरूर प्रेरित करें।

उन्होंने कहा कि छात्र एक ऐसा वर्ग है जो अपने अभिभावकों को इस ऐप के जरिये गाजियाबाद को स्वच्छता रैंकिंग में अव्वल लाने का काम कर सकते हैं। इसीक्रम में मेयर आशा शर्मा ने कहा कि हमें यह प्रण लेना है कि गाजियाबाद को हर हालत में प्रदेश और नेशनल स्तर पर प्रथम रैक लाना हैं। उन्होंने कहा कि यदि गाजियाबाद प्रथम स्थान पर आ जाता है तो गाजियाबाद को स्मार्ट सिटी का दर्जा मिलने में कोई अड़चन नहीं आयेगी।

## अभिभावकों ने निकाला पैदल मार्च

**गाजियाबाद।** फीस जमा न होने पर बच्चों को परीक्षाओं से रोके जाने के विरोध में दूसरे दिन भी संजयनगर के डीडीपीएस स्कूल गेट पर अभिभावकों ने प्रदर्शन किया। मंगलवार को हुए प्रदर्शन में गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन के नेतृत्व में अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए जिला मुख्यालय तक पैदल मार्च निकाला।बता दें कि सोमवार को भी अभिभावकों ने स्कूल गेट पर प्रदर्शन किया था। अभिभावकों ने बताया कि कोरोना काल के कारण लगे लॉकडाउन की वजह से नौकरी, कारोबार सब ठप पड़ा था इसलिए बच्चों की फीस जमा नहीं करा पाए थे। इसके बावजूद पहले स्कूल ने बच्चों की ऑनलाइन क्लास बंद कर दी थी और जब बच्चे परीक्षा देने स्कूल पहुंचे तो उन्हें बाहर निकाल दिया और परीक्षा में नहीं बैठने दिया गया।

**अज्ञात शख्स का शव बरामद**

**नोएडा।** जिले के सेक्टर-39 थाना क्षेत्र के सेक्टर-44 स्थित शिव मंदिर के पास सोमवार रात एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ। थाना सेक्टर-39 के प्रभारी निरीक्षक आजाद सिंह तोमर ने बताया कि सोमवार रात पुलिस को सूचना मिली थी कि सेक्टर- 44 के मंदिर के पास झाड़ियों में एक व्यक्ति का शव पड़ा है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लिया और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## तीन शातिर चोरों को पुलिस ने दबोचा

**नोएडा।** थाना बीटा-2 की पुलिस ने सोमवार रात गश्त के दौरान 3 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। बीटा-2 के थानाध्यक्ष सुजीत उपाध्याय ने बताया कि बीती रात गश्त पर निकली थाना पुलिस ने एक खुफिया जानकारी के आधार पर मुस्तकीम, इसरार और मनान को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि इनके पास से पुलिस ने एक दुकान से चोरी किए गए 14 मोबाइल फोन और अन्य कुछ सामान भी बरामद किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पूछताछ के दौरान तीनों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में चोरी की कई वारदातों को अंजाम दिया है।

## युवक ने होटल में गोली मारकर की खुदकुशी

**नोएडा।** सेक्टर-24 थाना क्षेत्र के सेक्टर-53 स्थित एक होटल में ठहरे एक युवक ने कथित तौर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा ने बताया कि बागपत का अमित धामा (21) सेक्टर-24 थाना क्षेत्र के सेक्टर-53 स्थित एक होटल में रविवार रात ठहरने आया था। उसने अपने गांव के रहने वाले प्रिंस नाम के एक युवक के पहचान पत्र से कमरा बुक कराया था। एसीपी ने बताया कि सोमवार को अमित का शव कमरे में पड़ा मिला। मौके पर पहुंची पुलिस जांच की तो पता चला कि अमित ने देशी तमंचे से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

## सोरखा गांव के कन्या गुरुकुल की 14 वर्षीय छात्रा लापता

### प्रबंधन ने थाने में दर्ज कराया केस

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

थाना सेक्टर 49 क्षेत्र के सोरखा गांव स्थित एक गुरुकुल से आठवीं कक्षा की छात्रा सोमवार रात लापता हो गई। गुरुकुल की तरफ से छात्रा के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई गई है। थाना सेक्टर 49 के थानाध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि सोरखा गांव के कन्या गुरुकुल की 14 वर्षीय छात्रा 19 जनवरी देर रात गुरुकुल से लापता हो गई। उन्होंने बताया कि गुरुकुल प्रबंधन की सदस्य सृष्टि ने थाना सेक्टर 49 में छात्रा के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना की शिकायत दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। छात्रा की बड़ी बहन भी इसी गुरुकुल में पढ़ती है। गौरतलब है कि इस गुरुकुल में हरियाणा की रहने वाली एक छात्रा की 2020 में संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई थी। छात्रा के परिजन ने गुरुकुल के प्रबंधक पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। यह मामला अब भी विचाराधीन है।

## गाजियाबाद को मिलेगी एक और थाने की सौगात

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जिले को गणतंत्र दिवस पर एक और नया थाने की सौगात मिलने जा रही है। शहर के सबसे संवेदनशील इलाके नन्दग्राम को नये थाने के रूप में सृजित कर दिया जायेगा। थाने को बनाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कलानिधि नैथानी ने चार लाख रुपए का फन्ड भी स्वीकृत कर दिया गया है। यह थाना निगम की जमीन पर बनाया जा रहा है। इस संबंध में एक औपचारिक पत्र भी नगर निगम कार्यालय को स्वीकृति के लिए भेज दिया गया है।

नन्दग्राम थाने की रूप रेखा को तैयार करने और वहां मौजूदा स्ट्रक्चर को देखने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कलानिधि नैथानी ने अपने एक्सपर्ट स्टाफ के साथ निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए। उन्होंने बताया कि जहां यह थाना बनाया जा रहा है वहां पहले से ही एक पुलिस चौकी मौजूद है। जिसका विस्तार कर उसे नन्दग्राम थाने का रूप दिया जायेगा।



नन्दग्राम में नए थाने के निर्माण के सिलसिले में निरीक्षण करने पहुंचे एसएसपी कलानिधि नैथानी।

पुलिस कप्तान नैथानी ने बताया कि इस थाना परिसर में हवालात, मैस ,रिशेप्शन, मालखाना व स्टाफ के लिए निवास स्थान बनाये जाने की योजना है। क्षेत्राधिकारी द्वितीय को नोडल अधिकारी बनाया गया है। पुलिस कप्तान का कहना है कि थाना परिसर को तैयार करने के लिए क्षेत्राधिकारी द्वितीय को भवन निर्माण एवं मरम्मत के लिए निर्देश जारी कर दिए गय हैं।

## मिसाल : मुस्लिम समुदाय ने कराया हिंदू युवक का अंतिम संस्कार

### 15 साल से मुरादनगर में रहा रहा था मृतक, शव लेने से रिश्तेदारों ने कर दिया था इनकार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जिले में हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल देखने को मिली है। दरअसल, मुरादनगर में रविवार को हिंदू धर्म के एक अनाथ व्यक्ति का निधन हो गया था। जिसके बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मिलकर उसका अंतिम संस्कार किया। मुस्लिम युवकों के इस कार्य की हर ओर सराहना हो रही है।

मुरादनगर कस्बा हिंदू-मुस्लिम एकता के लिए जाना जाता है। सभी धर्मों के लोग आपस में मिलजुल कर रहते हैं। इसीलिए मुरादनगर के इतिहास में आज तक हिंदू-मुस्लिम के बीच किसी भी तरीके का गतिरोध नहीं हुआ है। मुरादनगर में हिंदू-मुस्लिम भाईचारे की एक और मिसाल देखने को मिली है। जहां हिंदू धर्म के एक अनाथ व्यक्ति की मौत हो जाने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने उसका अंतिम संस्कार किया।



हिन्दू युवक का अंतिम संस्कार करते मुस्लिम समुदाय के लोग।

सभासद जुनैद चौधरी ने बताया कि मृतक भगवान दास उर्फ कल्लू मुरादनगर के चुंगी नंबर 3 पर तकरीबन 15 साल से रह रहे थे। जिनका कोई भी सहारा नहीं था। भगवान दास पिछले 2-3 दिन से बीमार चल रहे थे। जिनकी रविवार को मृत्यु हो गई थी। पोस्टमार्टम हाउस से बॉडी आने के बाद सभी लोग मिलकर इनके रिश्तेदारों के पास गए तो उन्होंने बॉडी लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने आपस में मिलकर उनका अंतिम संस्कार किया है। अंतिम संस्कार की प्रक्रिया में खुर्जा से आए उनके दोस्त राहुल पंडित ने मदद की। उनका कहना है कि मुरादनगर में हमेशा से ही भाईचारा ऐसा ही रहा है।

खुर्जा से आए राहुल पंडित ने बताया कि वह मुरादनगर में अपने मित्र से मिलने आए हुए थे। उनके दोस्त जुनैद ने बताया कि एक हिंदू धर्म के व्यक्ति की मृत्यु हो गई है। जिसका वह अंतिम संस्कार करना चाहते हैं। जिसके चलते उन्होंने अंतिम संस्कार की सारी व्यवस्था कराई और मुस्लिम धर्म के लोगों को सभी प्रक्रिया बताते हुए मृतक का अंतिम संस्कार कराया। उनका कहना है कि मुरादनगर के मुस्लिम समुदाय ने वाकई में एक मिसाल कायम की है।



## परिसमन में गड़बड़ी नहीं की जाएगी बर्दाश्त : रालोद

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद। राष्ट्रीय लोक दल के क्षेत्रीय अध्यक्ष यशवीर सिंह ने यहां कहा कि सत्ताधारी दल नगर पालिका परिसीमन में गड़बड़ी कर रहा है ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव में उनकी जीत का जातिगत व क्षेत्रीय समीकरण बन सके। जिस पर राष्ट्रीय लोकदल पूरी नजर रखे हुए हैं। यदि इस गड़बड़ी को नहीं रोका गया तो राष्ट्रीय लोक दल आंदोलन करेगा। मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने अजय प्रमुख को राष्ट्रीय लोक दल के जिला अध्यक्ष बनाने की घोषणा की और पत्रकारों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार जनहित में काम नहीं कर रही है बल्कि जन विरोधी कार्य में लिप्त है। सरकार ने सारी हदें पार कर दी हैं। यहां तक कि वह परिसीमन में भी गड़बड़ी करने से बाज नहीं आ रही है। जिसके शिकायतें राष्ट्रीय लोक दल को लगातार मिल रही है। राष्ट्रीय लोक दल इस पर बराबर नजर रखे हुए हैं।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी

### मेष

(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

आज के दिन कामयाबी मिलेगी। मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी। समय पर जिम्मेदारी पूरी कर पाएंगे। बुजुर्गों को सेहत संबंधी परेशानी हो सकती है। धन से जुड़ी परेशानी दूर हो सकती है। जीवनसाथी के साथ प्यार पढ़ेगा। कार्यस्थल पर नई जानकारी मिलेगी। विवाद दूर होंगे। जमीन-जायदाद के मामले आगे बढ़ेंगे। रुके हुए कार्य आगे बढ़ेंगे। युवा वर्ग को नौकरी मिल सकती है। छात्रों का पढ़ाई में मन लगेगा।

**भाग्यांक:** 8

**विशेष:** गाय को चारा खिलाएं।

### वृष

(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)

शत्रु पक्ष से सतर्क रहें। आपको आज नुकसान हो सकता है। दफ्तर में ज्यादा जिम्मेदारी रहेगी। स्थानांतरण की सूचना मिल सकती है। नया प्रोजेक्ट शुरू कर पाएंगे। मित्रों से मदद मिलेगी। लेनदेन के दौरान विवाद की आशंका है। जीवनसाथी के साथ धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। बुजुर्गों को सेहत संबंधी परेशानी हो सकती है। बोलचाल पर काबू रखें। आज अप्रिय खबर मिल सकती है।

**भाग्यांक:** 7

**विशेष:** सीधे हाथ की कलाई पर हरे रंग का धागा बांधे।

### मिथुन

(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)

धन-संपत्ति में इजाफा होगा। पैतृक संपत्ति में हिस्सा मिल सकता है। छात्रों को काफी मेहनत करना होगा। सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेंगे। आज काफी प्रसन्न रहेंगे। सत्संग से लाभ मिलेगा। किसी बुद्धिजीवी से मुलाकात के बाद खुद के स्वभाव में परिवर्तन लाने का प्रयास करेंगे। सकारात्मक रहेंगे। खर्च पर नियंत्रण रख पाएंगे। परिजनों का साथ मिलेगा। वाहन चलाते समय सावधान रहें।

**भाग्यांक:** 3

**विशेष:** बुध के मंत्र का जाप करें।

### कर्क

(ही, हूं ,हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

परिवार के किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे। आर्थिक स्थिति सुधरेगी। निवेश के अवसर मिल सकते हैं। धन लाभ होगा। आमदनी के नए स्रोत मिलेंगे। पुरानी दिक्कतें दूर होने की उम्मीद है। बुजुर्गों के अनुभवों का लाभ मिलेगा। रिश्तेदारों के साथ चर्चा होगी। कुंवारों के लिए रिश्ते की सूचना आ सकती है। एकांत में रहना पसंद करेंगे। अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखें। मकान खरीद सकते हैं।

**भाग्यांक:** 6

**विशेष:** मंदिर में गणेश जी को फूल अर्पित करें।

### सिंह

(मा, मी ,मू, में, मो, टा, टी, टू, टे)

दुर्घटना से हानि संभव है। आज काफी सतर्क रहना होगा। किसी को अपनी गोपनीय बात न बताएं। । परिजनों के साथ मधुरता रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा रुकी हुई रकम वापस मिलने की उम्मीद है। नौकरीपेशा लोगों के सहयोगियों से मदद मिलेगी। नए काम से लाभ होगा। इलाज में ज्यादा खर्च हो सकता है। जीवनसाथी को उपहार देंगे। संतान पक्ष की समस्या दूर होगी। छात्रों को लाभ होगा।

**भाग्यांक**-5

**विशेष:** गणेश जी के 12 नामों का उच्चारण करें।

### कन्या

(टो ,पा, पी, पू, ष, ष, ण, ठ, पे, पो)

कॅरियर में बदलाव पर विचार कर सकते हैं। दफ्तर में किसी से मतभेद होने की आशंका है। आज तनाव में रहेंगे। पुरानी बीमारी उभर सकती है। इलाज के लिए लापरवाही न बरतें। परिवार के लोगों का सहयोग मिलेगा। कारोबार की स्थिति अच्छी रहेगी। लेनदेन करते समय सावधान रहें। कीमती सामानों की सुरक्षा करेंगे। छात्रों का पढ़ाई में मन लगेगा, दिक्कतें दूर होंगी। कानूनी मामले आगे बढ़ेंगे।

**भाग्यांक:** 3

**विशेष:** तुलसी के पौधे में जल डालें।

### तुला

(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )

आज खुशखबरी मिलेगी। रुका हुआ कार्य पूरा होगा। आज काफी प्रसन्न रहेंगे। कार्यस्थल पर खुशखबरी मिलेगी। धन लाभ होगा। जिम्मेदारी पूरी करने में आलस्य न करें। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। यात्रा पर जा सकते हैं। निवेश से लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ घूमने जाएंगे। बच्चों के साथ समय बिता सकते हैं। सेहत ठीक रहेगी। जरूरी फैसले लेने में जल्दबाजी न करें। ऑफिस में माहौल खुशनुमा रहेगा।

**भाग्यांक:** 5

**विशेष:** हरे रंग का रुमाल जेब में रखें।

### वृश्चिक

(तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )

आज का दिन भागदौड़ से भरा रहेगा। पारिवारिक व सामाजिक जिम्मेदारियां पूरी करनी पड़ सकती है। घर में सदस्य की तबियत बिगड़ने के कारण चिंतित रहेंगे। खर्च ज्यादा होगा। सामाजिक स्थिति मजबूत होगी। मान-सम्मान पढ़ेगा। अपनों का साथ मिलेगा। व्यवसाय में लाभ होगा। शासकीय कार्य आगे बढ़ेंगे। धन लाभ हो सकता है। रिश्तेदारों के व्यवहार से कुछ ठेस लग सकती है। दफ्तर में नई सूचना मिलेगी।

**भाग्यांक:** 7

**विशेष:** खाने में गुड़ और शहद का प्रयोग करें।

### धनु

(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)

स्वास्थ्य को लेकर परेशान रहेंगे। खानपान का ध्यान रखें। जीवनसाथी के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। खुशखबरी मिल सकती है। फील्ड में कार्य करने वालों को नए अवसर मिलेंगे। ऑफिस में आज अफसर आपकी सराहना करेंगे। मित्रों की मदद कर पाएंगे। विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए काफी परिश्रम करना होगा। समय पर जिम्मेदारी पूरी कर पाएंगे।

**भाग्यांक:** 4

**विशेष:** घर से निकलने से पहले शहद का सेवन करें।

### मकर

(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। दंपत्ति धार्मिक कार्यों में हिस्सा लेंगे। परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहेगी। दफ्तर में ज्यादा काम रहेगा। थकान महसूस करेंगे। स्वास्थ्य की स्थिति ठीक रहेगी। बड़े बुजुर्गों की सलाह काम आएगी। किसी कष्ट से मुक्ति मिलेगी। वाहन आदि खरीद सकते हैं। कामकाज अच्छा चलेगा। अचानक किसी मित्र से मुलाकात होने की संभावना है। धन लाभ होगा। जोखिम न लें।

**भाग्यांक:** 4

**विशेष:** छोटे बच्चों को पाठ्य सामग्री का दान कर दे।

### कुंभ

(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा)

आज कार्य आसानी से होंगे। जीवनसाथी की मदद मिलेगी। व्यवसाय की स्थिति ठीक रहेगी। अचानक धन लाभ हो सकता है। लेनदेन में परेशानी का सामना कर सकते हैं। रुकी हुई रकम वापस मिलने में संदेह है। आज किसी कार्य को शुरू करने का फैसला ले सकते हैं। जातकों को आज बातचीत करते समय काफी सतर्क रहना होगा। विरोधियों की वजह से किसी मुसीबत में फंस सकते हैं।

**भाग्यांक:** 2

**विशेष:** विधवा आश्रम में जाकर कुछ दान कर दे।

### मीन

(दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)

आज का दिन उलझन में बीतेगा। पैतृक संपत्ति परिवार में कलह, तनाव का माहौल रहेगा। निर्णय ले पाने में असमर्थ रहेंगे। युवा अपने भविष्य के लिए चिंतित हो सकते हैं। कारोबारियों को लाभ होगा। कर्ज की रकम वापस मिल सकती है। निवेश के नए प्रस्ताव को फिलहाल टाल दें। बुजुर्गों की मदद मिलेगी। मित्रों के साथ बाहर जा सकते हैं। संतान पक्ष से खुशखबरी मिलेगी। रिश्तेदारों से मुलाकात होगी।

**भाग्यांक:** 9

**विशेष:** भगवान गणेश जी के लड्डू का भोग लगाएं।

# मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा पल : ऋषभ पंत

एजेंसी। ब्रिसबेन

**भारत** की आस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले ऋषभ पंत ने इस ऐतिहासिक जीत को अपनी जिंदगी का सबसे बड़ा पल करार दिया। पंत ने पांचवें दिन चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में नाबाद 89 रन बनाए, जिससे भारत ने तीन विकेट से जीत दर्ज करके श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। उन्होंने मैच के बाद कहा, यह मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा क्षण है और मुझे खुशी है कि जब मैं नहीं खेल रहा था तब भी सहयोगी स्टाफ और मेरे साथियों ने मेरा समर्थन किया।

भारत ने वनडे और टी-20 श्रृंखला में भी नहीं खिलाया था। इसके अलावा टेस्ट श्रृंखला के शुरू में भी उन्हें नजरअंदाज किया गया। उन्होंने सिडनी में 97 रन की जोरदार पारी खेली और फिर यहां अपना जलवा दिखाया। पंत ने कहा, यह स्वप्निल श्रृंखला रही। टीम प्रबंधन ने हमेशा मेरा साथ दिया कि मैं मैच विजेता हूं और तुम्हें टीम के लिए मैच जीतने हैं। मैं हर दिन यही सोचता रहता हूं कि मैं भारत के लिए मैच जीतना चाहता हूं और आज मैंने ऐसा किया। पिच पर पड़ी दरारों के बारे में पंत ने कहा, यह पांचवें दिन की पिच थी और गेंद थोड़ा टर्न ले रही थी। मुझे लगता है कि मैंने अपने शॉट खेलने में अनुशासन दिखाया। भारतीय कप्तान अजिंक्य रहाणे ने भी अपने युवा साथियों की जमकर तारीफ की।

### यह जीत हमारे लिए काफी मायने रखती है: रहाणे

विराट कोहली की अनुपस्थिति में टीम की अगुवाई कर रहे रहाणे ने कहा, यह जीत हमारे लिए काफी मायने रखती है। मैं नहीं जानता कि इसका कैसे वर्णन करना है, लेकिन हमारे खिलाड़ियों ने एडीलेड टेस्ट के बाद जज्बा और प्रतिबद्धता दिखाई। मुझे वास्तव में प्रत्एक खिलाड़ी पर गर्व है। रहाणे ने अपनी 24 रन की पारी के दौरान तेजी दिखाई और उन्होंने कहा कि यह रणनीति का हिस्सा था। उन्होंने कहा, मैंने और पुजारा ने बात की कि वह सामान्य तरीके से खेलता रहेगा और मैं रन बनाने का जिम्मा उठाऊंगा। पुजारा को श्रेय जाता है। जिस तरह से उसने दबाव झेला वह शानदार था। आखिर में ऋषभ और वाशिंगटन ने बहुत अच्छी बल्लेबाजी की। रहाणे ने इसके साथ ही कहा कि खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण टीम में लिए गए वाशिंगटन सुंदर की मौजूदगी से टीम को संतुलन मिला। उन्होंने कहा, बीस विकेट लेना महत्वपूर्ण था और इसलिए हम पांच गेंदबाजों के साथ उतरे। रविंद्र जडेजा की जगह पर सुंदर ने टीम को संतुलन प्रदान किया। मोहम्मद सिराज ने दो और नवदीप सैनी ने एक टेस्ट खेला था इसलिए यह अनुभवहीन आक्रमण था, लेकिन हमारे गेंदबाजों ने जो जज्बा दिखाया वह शानदार था। आस्ट्रेलिया के कप्तान टिम पेन ने स्वीकार किया कि भारतीय टीम ने उन्हें हर विभाग में मात दी। उन्होंने कहा, हम यहां श्रृंखला जीतने के लिए आए थे, लेकिन हमें भारत की अनुशासित और कड़ी टीम से हार मिली। वह श्रृंखला में जीत की हकदार थी। हमें कई चीजों पर गौर करने की जरूरत है। हमें एक बेहतर टीम ने हराया।




# ऐतिहासिक जीत

## युवा ब्रिगेड ने गाबा में आस्ट्रेलिया का मानमर्दन कर जीती श्रृंखला

एजेंसी। ब्रिसबेन

**अपने** दो युवा बल्लेबाजों शुभमन गिल और ऋषभ पंत की आकर्षक अर्धशतकीय पारियों के दम पर भारत ने मंगलवार को यहां चौथे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में तीन विकेट से ऐतिहासिक जीत दर्ज करके श्रृंखला अपने नाम करने के साथ आस्ट्रेलिया की गाबा में 32 वर्षों से चली आ रही बादशाहत भी खत्म कर दी। भारत ने एडीलेड में पहला टेस्ट मैच गंवाने के बाद शानदार वापसी की और आस्ट्रेलिया को उसकी सरजमीं पर लगातार दूसरी बार श्रृंखला में 2-1 से हराकर बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी अपने पास बरकरार रखी। भारत ने यह जीत तब दर्ज की, जबकि उसके कई शीर्ष खिलाड़ी चोटिल होने या अन्य कारणों से टीम में नहीं थे।

गिल शतक से चूक गए, लेकिन उन्होंने 91 रन की प्रवाहमय पारी खेली जबकि पंत ने आक्रामकता और रक्षण की अच्छी मिसाल पेश करके नाबाद 89 रन बनाए। भारत के सामने 328 रन का लक्ष्य था और उसने सात विकेट पर 329 रन बनाकर गाबा में अपनी पहली जीत दर्ज की। इन सबके बीच चेतेश्वर पुजारा की 211 गेंदों पर खेली गई 56 रन की पारी खेलकर फिर से अपना जुझारूपन दिखाया। उन्होंने अपने इन दोनों युवा साथियों को खुलकर खेलने का मौका दिया। पुजारा ने गिल के साथ 240 गेंदों पर 114 और पंत के साथ 141 गेंदों पर 61 रन की उपयोगी साझेदारियां की। आस्ट्रेलिया ने इससे पहले गाबा में आखिरी टेस्ट मैच 1988 में वेस्टइंडीज के खिलाफ गंवाया था। इसके बाद से उसे इस मैदान पर कभी हार नहीं मिली थी। यह कुल पांचवां और आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरा अवसर है, जबकि भारत ने पहला टेस्ट गंवाने के बाद श्रृंखला जीती। भारत ने अपना तीसरा सबसे बड़ा लक्ष्य भी हासिल किया। इस जीत में भारतीय गेंदबाजों का योगदान भी अहम रहा। चोटी के गेंदबाजों के चोटिल होने के कारण भारत के अनुभवहीन आक्रमण ने मैच में 20 विकेट लेकर आस्ट्रेलिया को 369 और 294 रन ही बनाने दिए। भारत ने पहली पारी में 336 रन बनाए थे। आस्ट्रेलिया ने नई गेंद से पुजारा और मयंक अग्रवाल (नौ) के विकेट लिए लेकिन पंत ने दूसरे छोर से रन बनाने जारी रखे और वाशिंगटन सुंदर (22) ने उनका पूरा साथ दिया। आस्ट्रेलियाई खेमे में हताशा साफ नजर आ रही थी।

सुंदर ने कमिंस की लगातार गेंदों पर छक्का और चौका लगाकर माहौल बदला जबकि पंत ने लियोन पर लगातार दो चौके लगाए। पंत के साथ छठे विकेट के लिए 53 रन जोड़कर सुंदर लियोन की गेंद पर बोल्ड हो गए। पहली पारी में 67 रन बनाने वाल शार्दुल ठाकुर ने आसान कैच दे दिया, लेकिन पंत डिगे नहीं। उनका हर शॉट भारतीयों में जोश और आस्ट्रेलियाई प्रशंसकों में निराशा भर देता। उन्होंने आखिर में जोश हेजलवुड पर विजई चौका लगाया। पंत की 138 गेंदों की पारी में नौ चौके और एक छक्का शामिल हैं। भारत आखिरी दिन अगर रिकार्ड 325 रन बनाकर जीत दर्ज कर पाया तो इसका पूरा श्रेय गिल और पंत को जाता है।



### स्कोर बोर्ड

| | |
|---|---|
| **आस्ट्रेलिया पहली पारी** | 369 रन |
| **भारत पहली पारी** | 336 रन |
| **आस्ट्रेलिया दूसरी पारी** | 294 रन |

**भारत दूसरी पारी**

| | |
|---|---|
| रोहित शर्मा का पेन बो कमिंस | 07 |
| शुभमन गिल का स्मिथ बो लियोन | 91 |
| चेतेश्वर पुजारा पगबाधा कमिंस | 56 |
| अजिंक्य रहाणे का पेन बो कमिंस | 24 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 89 |
| मयंक अग्रवाल का वेड बो कमिंस | 09 |
| वाशिंगटन सुंदर बो लियोन | 22 |
| शारदुल ठाकुर का लियोन बो हेजलवुड | 02 |
| नवदीप सैनी नाबाद | 00 |
| अतिरिक्त: 29 | |

**कुल योग:** 97 ओवर में सात विकेट पर : 329 रन

**विकेट पतन:** 1-18, 2-132, 3-167, 4-228, 5-265, 6-318, 7-325

**गेंदबाजी**

| | |
|---|---|
| स्टार्क | 16-0-75-0 |
| हेजलवुड | 22-5-74-1 |
| कमिंस | 24-10-55-4 |
| ग्रीन | 3-1-10-0 |
| लियोन | 31-7-85-02 |
| लाबुशेन | 1-0-4-0 |

### प्रधानमंत्री मोदी ने दी भारतीय टीम को जीत की बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भारतीय क्रिकेट टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिसबेन में खेले गए चौथे और अंतिम टेस्ट मैच में तीन विकेट की शानदार जीत के लिए बधाई दी। भारत ने श्रृंखला 2-1 से जीतकर बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी अपने नाम बरकरार रखी। मोदी ने ट्वीट कर कहा, ऑस्ट्रेलिया में भारतीय टीम की सफलता से हम सभी बहुत उत्साहित हैं। पूरे मैच के दौरान उनका प्रदर्शन ऊर्जा और जुनून से लबरेज रहा। उनकी इच्छाशक्ति, दृढ़ता और संकल्प उत्कृष्ट रहा। टीम इंडिया को बधाई। भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं। भारत ने आज चौथे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में आस्ट्रेलिया को तीन विकेट से हराकर श्रृंखला 2-1 से जीतकर बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी अपने पास बरकरार रखी।

### विजयी भारतीय टीम को पांच करोड़ बोनस देगा बीसीसीआई

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय क्रिकेट टीम को आस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों की श्रृंखला में 2-1 से जीत के साथ बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी बरकरार रखने के लिए पांच करोड़ रुपये बोनस देने की घोषणा की। भारत ने चौथे और अंतिम टेस्ट मैच के आखिरी दिन 328 रन का लक्ष्य हासिल करके ब्रिसबेन के गाबा में पिछले 32 साल से चली आ रही आस्ट्रेलियाई बादशाहत खत्म की। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह ने इसके तुरंत बाद ट्वीट करके भारतीय टीम को बधाई दी और बोनस की घोषणा की। गांगुली ने ट्वीट किया, उल्लेखनीय जीत। आस्ट्रेलिया जाकर इस तरह से टेस्ट श्रृंखला में जीत दर्ज करना भारतीय क्रिकेट के इतिहास में हमेशा याद रखी जाएगी। बीसीसीआई ने भारतीय टीम के लिए पांच करोड़ रुपये बोनस की घोषणा की है। यह जीत किसी भी संख्या से बढ़कर है। टीम का प्रत्येक सदस्य बधाई का पात्र है।

### शतक से चूके शुभमन गिल

**ब्रिसबेन।** सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल अपने पहले टेस्ट शतक से चूक गए, लेकिन उनकी आकर्षक अर्धशतकीय पारी से भारत ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के पांचवें और आखिरी दिन मंगलवार को यहां चाय के विश्राम तक तीन विकेट पर 183 रन बनाए। गिल ने प्रवाहमय बल्लेबाजी की और 91 रन की शानदार पारी खेली। गिल अपने पूरे प्रवाह में दिखे और उन्होंने किसी भी ढीली गेंद को नहीं बख्शा। इस 21 वर्षीय बल्लेबाज ने सहजता से कट और ड्राइव किए और कुछ शार्ट पिच गेंदों खूबसूरत पुल शॉट भी लगाए।

### पंत ने तोड़ा पूर्व कप्तान धोनी का रिकार्ड

## सबसे तेज 1000 टेस्ट रन बनाने वाले भारतीय विकेटकीपर बने

**ब्रिसबेन।** आस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे और आखिरी क्रिकेट टेस्ट में भारत की जीत के नायकों में रह ऋषभ पंत ने महेंद्र सिंह धोनी का रिकार्ड तोड़ दिया और वह सबसे तेज 1000 टेस्ट रन बनाने वाले भारतीय विकेटकीपर बन गए। पंत ने यह आंकड़ा 27वीं पारी में छुआ जबकि धोनी ने 32 टेस्ट पारियों में 1000 रन पूरे किए थे।

पंत ने चौथे टेस्ट के पांचवें और आखिरी दिन यह रन पूरे किए। वह 89 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने यह श्रृंखला 2-1 से जीती। इससे पहले सिडनी में तीसरे टेस्ट में भी पंत ने 97 रन की पारी खेली थी जिसे भारत ने ड्रॉ कराया था। इंग्लैंड के खिलाफ 2018 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले पंत इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया में शतक जमाने वाले भारत के अकेले विकेटकीपर बल्लेबाज हैं। पिछली बार 2018-19 के आस्ट्रेलिया दौरे पर भी उन्होंने सिडनी में नाबाद 159 रन बनाए थे जो उनका सर्वोच्च टेस्ट स्कोर है। अब तक वह 16 टेस्ट में 1088 रन बना चुके हैं जिसमें दो शतक और चार अर्धशतक शामिल हैं।



### भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में शीर्ष पर पहुंचा

**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गाबा के मैदान पर चौथे टेस्ट में तीन विकेट की रोमांचक जीत के साथ श्रृंखला को 2-1 से अपने नाम करने वाली भारतीय टीम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। इस जीत के साथ भारतीय टीम के नाम 430 अंक हो गए है जो न्यूजीलैंड (420) और ऑस्ट्रेलिया (332) से अधिक है। आईसीसी ने ट्वीट किया, गाबा में कड़े मुकाबले में मिली जीत के बाद, भारत आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में पहले स्थान पर पहुंच गया। ऑस्ट्रेलिया तीसरे स्थान पर खिसक गया। भारत ने डब्ल्यूटीसी शुरू होने के बाद पांच श्रृंखला में 13 मैच खेले हैं।

## इससे बढ़कर कुछ नहीं, 36 रन पर सिमटने के बाद यह जीत अवास्तविक : शास्त्री

एजेंसी। ब्रिसबेन

**भारतीय** टीम के मुख्य कोच रवि शास्त्री ने फिटनेस समस्याओं से जूझ रही अपनी टीम की आस्ट्रेलिया पर टेस्ट श्रृंखला में जीत पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि एडीलेड में टेस्ट क्रिकेट में अपने न्यूनतम स्कोर 36 रन पर सिमटने के बाद यह अवास्तविक लगता है। शास्त्री ने आस्ट्रेलिया के इस दौरे को अपना अब तक का सबसे कठिन दौरा बताया।

उन्होंने कहा, यह सबसे कठिन दौरा था। इससे बढ़कर कुछ नहीं। 36 रन पर आउट होने के बाद यह अवास्तविक लगता है। भारत ने आखिरी टेस्ट तीन विकेट से जीतकर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। कोच ने कहा, पराजित होना अलग बात है लेकिन हार मानना हमारे शब्दकोष में नहीं है। भारतीय टीम ने 328 रन का रिकार्ड लक्ष्य हासिल करके बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी अपने पास रखी। शास्त्री ने कहा कि क्रिकेट जगह इस प्रदर्शन को लंबे समय तक याद रखेगा। ऋषभ पंत की 89 रन की नाबाद पारी के दम पर भारत ने 32 बरस बाद आस्ट्रेलिया को गाबा के किले पर धूल चटाई। विकेट के पीछे खराब प्रदर्शन के लिए आलोचना झेलने वाले पंत का बचाव करते हुए शास्त्री ने कहा, पंत जब से मैदान पर उतरा, उसकी नजरें लक्ष्य पर ही थी। वह स्कोर बोर्ड देख रहा था।

उन्होंने कहा, वह अच्छा श्रोता है। एक कोच किसी का स्वाभाविक खेल नहीं बदल सकता लेकिन आक्रामकता और सजगता के बीच संतुलन बिठाना होता है। आप गैर जिम्मेदार नहीं हो सकते। ऋषभ ने यह सीख लिया है। शास्त्री ने कहा कि सिडनी टेस्ट में 97 रन बनाने वाला पंत अगर टिक जाता तो भारत वह मैच भी जीत सकता था। उन्होंने कहा, वह सिडनी में भी जीत दिला देता अगर क्रीज पर कुछ देर और टिक गया होता। इस बार उसने सुनिश्चित किया कि अंत तक डटे रहना है। जब अच्छी विकेटकीपिंग नहीं करता तो उसकी आलोचना होती है लेकिन वह इस तरह से मैच जिता सकता है।




## सिंधू-श्रीकांत की प्रभावी शुरुआत समीर ने किया उलटफेर

एजेंसी। बैंकॉक

**भारत** के चोटी के खिलाड़ियों पीवी सिंधू और किदांबी श्रीकांत ने टोयोटा थाईलैंड ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में मंगलवार को यहां पहले दौर में सीधे गेम में जीत दर्ज की, जबकि समीर वर्मा ने दुनिया के दसवें नंबर के खिलाड़ी ली जि जिया को हराकर उलटफेर कर दिया। एक सप्ताह पहले एशियाई चरण की पहली प्रतियोगिता में डेनमार्क की मिया ब्लिचफील्ड से पहले दौर में हारने के बाद विश्व चैंपियन सिंधू ने दूसरे टूर्नामेंट के शुरू में विश्व में 12वें नंबर की थाई खिलाड़ी बुसानन ओंगबमरंगफान को महिला एकल मैच में 21-17, 21-13 से हराया।

सिंधू ने मैच के बाद कहा, यह अच्छा मैच था और मैं बहुत खुश हूं। यह जीत मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण थी क्योंकि पिछले सप्ताह के टूर्नामेंट में मैं पहले दौर में हार गई थी। इस जीत से सिंधू का बुसानन के खिलाफ रिकार्ड 11-1 हो गया है। भारतीय खिलाड़ी केवल एक बार 2019 में हांगकांग ओपन में थाई खिलाड़ी से हारी थी। सिंधू अगले दौर में कोरिया की सुंग जी ह्यून और सोनिया चिया के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेगी। पुरुष एकल में विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने थाईलैंड के सिटीकोम थम्मासिन को 37 मिनट में 21-11, 21-11 से पराजित किया। श्रीकांत पिछले टूर्नामेंट में पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण दूसरे दौर से हट गए थे लेकिन अब लगता है कि वह फिट हो गए हैं। दुनिया के 31वें नंबर के खिलाड़ी समीर ने आठवीं वरीयता प्राप्त ली को 18.21, 27.25, 21.19 से हराया।



## तेंदुलकर, गांगुली की अगुवाई में खेल जगत ने भारतीय टीम की तारीफ की

एजेंसी। नई दिल्ली

**महान** बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली की अगुवाई में खेल जगत ने ऑस्ट्रेलिया में जज्बे और धैर्य का अनूठा प्रदर्शन कर चार मैचों की टेस्ट श्रृंखला को 2-1 से अपने नाम करने वाली भारतीय टीम की तारीफ की। भारतीय टीम एडीलेड श्रृंखला के पहले मैच में शर्मनाक हार के बाद कप्तान विराट कोहली और कई अन्य अनुभवी खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में शानदार वापसी करते हुए ब्रिसबेन में चौथे टेस्ट में तीन विकेट की जीत के साथ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को अपने पास बरकरार रखने में सफल रही।

तेंदुलकर ने कहा कि टीम को हर सत्र में नया नायक मिला। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, हर बार जब हमारे हौसले को ठेस पहुंची, हमने संघर्ष किया टक्कर दी। हमने निडर लेकिन बेपरवाही से नहीं, क्रिकेट खेलने का आत्मविश्वास दिखाया। चोटों और अनिश्चितताओं का जज्बे और आत्मविश्वास के साथ सामना किया। यह सबसे बड़ी श्रृंखला जीत में से एक है। भारत को बधाई। पूर्व कप्तान गांगुली ने ट्वीट किया, एक उल्लेखनीय जीत, ऑस्ट्रेलिया जाकर इस तरह से एक टेस्ट श्रृंखला जीतने के लिए भारतीय क्रिकेट के इतिहास में हमेशा के लिए याद किया जाएगा। बीसीसीआई ने टीम को पांच करोड़ रुपये का बोनस देने की घोषणा की। यह जीत किसी कीमत से परे है। दौरे पर गए सभी खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कई यादगार पारियां खेलने वाले पूर्व बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण ने शुभमन गिल और ऋषभ पंत जैसे युवा खिलाड़ियों के साथ कप्तान अजिंक्य रहाणे की तारीफ की। उन्होंने ट्वीट किया, श्रृंखला में टीम इंडिया की लिए ऐतिहासिक जीत। गिल और पंत जैसे युवाओं ने तब प्रदर्शन किया जब इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। रवि शास्त्री और सहयोगी स्टाफ की मेहनत को मेरा सलाम। इस टीम पर गर्व है, ऐसे लंबे समय में एक बार होता है। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा, रहाणे ने टीम का शानदार नेतृत्व किया। युवाओं को काफी आत्मविश्वास दिया और पुजारा ने एक बार फिर अपना जुझारूपन दिखाया। युवा गेंदबाजी आक्रमण का भी शानदार योगदान। चोट के कारण ब्रिसबेन टेस्ट के अंतिम 11 से बाहर से रविचंद्रन अश्विन ने ट्विटर पर लिखा, माफी चाहता हूं कि यहां नहीं खेल सका, लेकिन हमारी मेजबानी और कुछ मुश्किल क्रिकेट के लिए शुक्रिया। हम इस श्रृंखला को हमेशा याद रखेंगे।





### हम विश्वकप जीते हैं लेकिन ये विशेष है: सहवाग

अपने टवीट के जरिए चीजों को मजाकिया अंदाज में लिखने के लिए जाने जाने वाले पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने एक ट्रक के फोटो के साथ लिखा, खुशी के मारे पागल। यह नया भारत है। घर में घुसकर मारता है। एडीलेड में जो हुआ उसके बाद इन युवाओं ने हमें जीवन भर आनंद दिया है। हम विश्व कप जीते हैं लेकिन यह विशेष है। यही कारण है कि पंत काफी खास है। इस श्रृंखला से पहले भारत की 4-0 से हार की भविष्यवाणी करने वाले इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वान ने ट्वीट किया, टेस्ट में सर्वकालिक महान जीत। भारत ने शानदार प्रदर्शन किया। आपने अगले साल होने वाली एशेज श्रृंखला के लिए इंग्लैंड को रास्ता दिखा दिया। उन्होंने दूसरे ट्वीट में कहा, ऐसा लग रहा है कि भारत से मेरे लिए कई ट्वीट आ रहे है। टेस्ट में भारत के लिए सबसे अधिक विकेट लेने वाले पूर्व लेग स्पिनर अनिल कुंबले ने भारतीय टीम को बधाई देते हुए कहा, जज्बा और कौशल के शानदार प्रदर्शन के लिए टीम इंडिया को बहुत-बहुत बधाई। एक अद्‌भुत टेस्ट श्रृंखला कर सही परिणाम। उम्मीद है कि इससे टेस्ट मैच को चार दिन की करने की चर्चा का थोड़ी देर के लिए अंत होगा।

### शानदार कप्तानी रहाणे: हरभजन

हरभजन सिंह ने रहाणे की तारीफ करते हुए लिखा, शानदार कप्तानी रहाणे मुझे लगता है कि यह किसी श्रृंखला की सबसे बड़ी जीत है। कई बड़े खिलाड़ियों के बिना भी आप सब ने दिखाया कि कैसे खेलना चाहिए। बधाई। अपनी जर्सी पर 17 नंबर का इस्तेमाल करने वाले दक्षिण अफ्रीका के पूर्व खिलाड़ी एबी डिविलियर्स ने भी पंत की तारीफ की जिनकी जर्सी पर भी 17 नंबर अंकित रहता है, क्या शानदार टेस्ट मैच, भारतीय क्रिकेट में गजब की गहराई है। ऋषभ पंत बेहतरीन अंक 17, शानदार खेले युवा खिलाड़ी। टेस्ट क्रिकेट अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर। इंग्लैंड के पूर्व दिग्गज केविन पीटरसन ने लिखा, भारत की ऑस्ट्रेलिया में इस शानदार जीत में सबसे अच्छी बात यह थी कि टेस्ट मैच ब्रिसबेन में खेला गया था। यह शहर इतने अच्छे मैच की मेजबानी के लायक नहीं है। बहुत हंसी आ रही है। पंत क्रिकेट के मामले में ऑस्ट्रेलिया में काफी बड़े हो गए है। दिग्गज स्पिनर शेन वार्न ने लिखा, भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई, यह ऑस्ट्रेलिया की धरती पर सबसे अच्छी श्रृंखला जीत में से। पूरी टीम के 36 के लिए आउट होने के बाद बडे खिलाड़ियों के बिना इस टीम ने शानदार जज्बा चरित्र, लचीलापन, साहस और विश्वास दिखाया है।

पायनियर
हरियाणा, बुधवार, 20 जनवरी, 2021






एंग्जाइटी डिसऑर्डर के कई रूप हो सकते हैं। ये सामान्य एंग्जाइटी डिसऑर्डर भी हो सकता है और कहीं ज्यादा गंभीर पैनिक डिसऑर्डर भी हो सकता है, जिसे कंट्रोल नहीं किया जा सकता है।

# सात उपाय जो दे सकते हैं एंग्जाइटी से राहत

आम आदमी की जिंदगी में किसी खास मौके पर या जिंदगी में अचानक किसी बदलाव के आने पर नर्वस हो जाना सामान्य सी बात है। अमेरिका के करीब 40 मिलियन लोग एंग्जाइटी डिसऑर्डर की समस्या से जूझ रहे हैं। बता दें कि एंग्जाइटी डिसऑर्डर की समस्या वक्त-बेवक्त होने वाली सामान्य चिंता या डर से बड़ी समस्या है। एंग्जाइटी डिसऑर्डर से परेशान लोग इस समस्या से निजात पाने के लिए कई उपाय अपना सकते हैं। इन उपायों की मदद से वह एंग्जाइटी को कम या नियंत्रित कर सकते हैं। इन उपायों में टॉक थेरेपी या मेडिटेशन करना भी शामिल है। लेकिन टेंशन/स्ट्रेस/चिंता और एंग्जाइटी से छुटकारा पाने के लिए कुछ अन्य उपायों को भी अपनाया जा सकता है।

## एंग्जाइटी डिसऑर्डर के प्रकार

एंग्जाइटी डिसऑर्डर के कई रूप हो सकते हैं। ये सामान्य एंग्जाइटी डिसऑर्डर भी हो सकता है और कहीं ज्यादा गंभीर पैनिक डिसऑर्डर भी हो सकता है, जिसे कंट्रोल नहीं किया जा सकता है। पैनिक डिसऑर्डर में आप खुद से ही सिलसिलेवार तरीके से डर सकते हैं। हार्ट बीट ऊपर-नीचे हो सकती है। कई बार कंपकंपी लगना और पसीना निकलना जैसे लक्षण भी हो सकते हैं।

## खुद को बदलने से बनेगी बात

एंग्जाइटी से छुटकारा पाने का सबसे अच्छा उपाय हेल्दी लाइफस्टाइल को अपनाना है। हेल्दी लाइफस्टाइल में संतुलित आहार खाना, कम मात्रा में अल्कोहल और कैफीन का सेवन करना और खुद के लिए वक्त निकालना शामिल है। इसके अलावा इन उपायों को उस वक्त अपनाना चाहिए जब एंग्जाइटी की समस्या ने जिंदगी में दखल देना बस शुरू ही किया हो।

### एंग्जाइटी से बचने के कुछ उपाय

**आज के बारे में सोचें :** एंग्जाइटी का शिकार इंसान ज्यादातर भविष्य की चिंताओं को लेकर परेशान रहता है। इसलिए भविष्य की चिंताओं को दरकिनार करते हुए आज के बारे में सोचना शुरू कर दें। खुद से पूछें, क्या आज होने जा रहा है? क्या मैं सुरक्षित हूं? क्या मुझे अभी से कुछ करने की जरुरत है? अगर नहीं, तो एक टाइम निश्चित कीजिए और रोज खुद से पूछिए कि क्या अभी से मुझे कुछ करने की वाकई जरुरत है? धीरे-धीरे आप पाएंगे कि आपके पास सिर्फ वही चिंताएं बाकी रह गईं हैं, जिनके लिए आपको वाकई फिक्रमंद होने की जरूरत है। गैरजरूरी चिंताएं धीरे-धीरे आपसे किनारा कर लेंगी।

**परिस्थिति पर फिर से सोचें :** बेचैनी और घबराहट का हमला होने पर अक्सर इंसान सोचना शुरू कर देता है कि या तो उसे हार्टअटैक पड़ने जा रहा है या फिर वह मर रहा है। ऐसी हालत में जरूरत मजबूत इच्छाशक्ति के साथ खुद को संभालने की है। खुद को यकीन दिलाएं कि मुझ पर जो पैनिक अटैक हुआ है वह मुझे नुकसान नहीं पहुंचा सकता। ये थोड़ी देर के लिए ही है और मुझे इसके लिए कुछ भी करने की जरूरत नहीं है। कई बार एंग्जाइटी डिसऑर्डर के मरीज को ऐसा महसूस होता है जैसे थोड़ी ही देर में उसकी जान चली जाएगी। खुद को यकीन दिलाइए कि आपकी बॉडी हील हो रही है। शरीर बीमारी से लड़ रहा है आप पहले से ज्यादा स्वस्थ होते जा रहे हैं।

**लंबी सांस खींचें और छोड़ें :** एंग्जाइटी का हमला होने पर लंबी सांसें लेना हमें शांत रखने में मदद करता है। सांस लेने के सही तरीके के बारे में आप हमारे इस आर्टिकल की मदद ले सकते हैं। इस दौरान जरूरी नहीं है कि आप गिनकर सांसें लें। सिर्फ लंबी सांस लेने और छोड़ने पर ध्यान दें। यह आपकी बेचैनी को कम करने और दिमाग को फिर से ध्यान केंद्रित करने में मदद करेगा।

**अपनाएं ट्रिपल रूल :** जब भी आप बेचैन होने लगें, अपने आसपास देखिए और उन तीन चीजों का नाम लें जिन्हें आप देख रहे हों। उन तीन आवाजों का नाम लें जिन्हें आप सुन पा रहे हों। इसके बाद अंत में अपने शरीर के तीन अंगों टखने, अंगुलियों और हाथों को क्रमश: हिलाइए। अक्सर बेचैनी होने पर लोगों की सोचने की रफ्तार बहुत तेज हो जाती है। लोगों की भावनाएं और यादें बहुत तेज रफ्तार से बदलने लगती हैं। ऐसी हालत में ट्रिपल रूल दिमाग को शांत करने और एक चीज पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करता है।

**खुद को व्यस्त करें :** जब भी आपको बेचैनी महसूस हो, खुद को व्यस्त करने की कोशिश करें। कुछ भी करें लेकिन खाली न बैठें। जैसे खड़े हो जाएं, टहलना शुरू करें। अपनी मेज पर पड़ा हुआ कोई बेकार कागज उठाकर गोला बनाएं और डस्टबिन में फेंक दें। कुछ भी करें, जो दिल में आए वो करें। इससे जो बात आपके विचारों पर हावी हो रही है उसे रोकने के लिए आपको एक रास्ता मिलेगा। थोड़ी ही देर में आप अपने विचारों पर कंट्रोल वापस पा सकेंगे।

**दिमाग को कंट्रोल करें :** जैसे ही हमारे दिमाग में बेचैन करने वाले ख्याल आते हैं। शरीर सबसे पहले ऊपरी हिस्से को बचाने के बारे में सोचता है, जहां हमारा हृदय और गुर्दे स्थित हैं। बेचैनी की स्थिति को दिमाग पर नियंत्रण पाकर कंट्रोल किया जा सकता है। दिमाग को शारीरिक स्थिति से भी संकेत दिया जा सकता है कि सब कुछ ठीक है। इसका सबसे अच्छा तरीका है कि आराम से बैठ जाएं। कंधों को फैला लें। अपनी पीठ को कुर्सी या सोफे की पीठ पर टिकाकर रखें और पैरों को फैला लें। थोड़ी ही देर में इस पोश्चर से दिमाग को संकेत जाने लगता है कि सब कुछ ठीक है और दिमाग वाकई नकारात्मक ख्याल को उखाड़ फेंकता है।

**अपने दोस्तों से करें बातें :** बेचैनी की स्थिति में आपके दोस्त सच्चे साथी बनकर आपकी मदद कर सकते हैं। अपने दोस्तों या परिवार के सदस्यों को कॉल करें या एसएमएस करें। उनसे अपनी हर तकलीफ शेयर करें। दिल खोलकर अपनी बात कहें। यकीन जानिए कि थोड़ी ही देर में आप खुद को बेहतर महसूस करना शुरू कर देंगे।

### लक्षण

एंग्जाइटी डिसऑर्डर कईं प्रकार के होते हैं, लेकिन उनके कुछ सामान्य लक्षण हैं।

- दिल की धड़कन का बढ़ जाना या सांस फूल जाना
- मांसपेशियों में तनाव का बढ़ जाना
- छाती में खिंचाव महसूस होना
- किसी के लिए बहुत ज्यादा लगाव होना
- किसी चीज के लिए अनावश्यक आग्रह करना।

### कारण

**मेडिकल फैमिली हिस्ट्री :** जिन लोगों के परिवार में पहले से ही मानसिक स्वास्थ्य संबंधी इतिहास रहा है, संभावना है कि उन्हें कभी भी एंग्जाइटी डिसऑर्डर हो सकता है। उदाहरण के लिए ओसीडी, जो एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में आता है ।

**घटनाएं जो तनाव में रखती हैं:** ऑफिस का तनाव, अपने किसी करीबी के मृत्यु का गम, गर्लफ्रैंड से ब्रेकअप आदि भी एंग्जाइटी डिसऑर्डर के लक्षण हो सकते हैं।

**स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं :** शरीर से संबंधित किसी भी प्रकार का रोग, जैसे थॉयराइड, दमा, शुगर या हृदय संबंधी रोग से भी एंग्जाइटी डिसऑर्डर हो सकता है। जो लोग तनाव में हैं वह भी इसकी चपेट में आ सकते हैं। जैसे, अगर कोई व्यक्ति एक लंबे समय से डिप्रेशन को झेल रहा है, तो उसके काम करने के ढंग और तरीके में गिरावट आने लगती है।

**नशे का सेवन :** किसी भी प्रकार का दुख भुलाने या उसे कम करने के लिए लोग अक्सर नशे (शराब, गांजा, अफीम या दूसरे नशे) का सहारा लेने लगते हैं। परंतु यह कभी भी एंग्जाइटी का इलाज नहीं हो सकता है। बल्कि यह समस्या को बढ़ाने का काम करेगा। जैसे ही नशे का असर खत्म होगा, समस्या पहले से ज्यादा महसूस होगी।

**पर्सनैलिटी संबंधी डिसऑर्डर:** कुछ लोग हर चीज को बिल्कुल सही तरीके से करना चाहते हैं, जिन्हें सोसाइटी परफेक्टनिस्ट भी कहती है, लेकिन यह एक बहुत बड़ी समस्या बन सकती है क्योंकि यह ज़रुरी नहीं कि चीजें उनके हिसाब से हों और जब ऐसा नहीं होता तो वह दिमागी तौर पर चिंता पाल लेते हैं।

## इलाज

एंग्जाइटी डिसऑर्डर से निजात पाया जा सकता है, लेकिन इसे बिल्कुल भी हल्के में नहीं लेना चाहिए। अगर कोई लक्षण नजर आए तो फौरन डॉक्टरी सलाह लें और इलाज के लिए किसी प्रॉफेश्नल डॉक्टर को दिखाएं। डिप्रैशन या एंग्जाइटी का इलाज दवा, काउंसलिंग या मिले-जुले इस्तेमाल से बेहद आसानी से किया जा सकता है।

**साइकोथेरेपी का इस्तेमाल करें :** आप साइकोथेरेपी की मदद ले सकते है। एंग्जाइटी को दूर करने में साइकोथैरेपी बहुत कारगर साबित हुई है। इस थैरेपी में मन पर नियंत्रण करना सिखाया जाता है। समय के पांबद रहें और हर काम मन लगाकर करें।

**रोगी को अकेला न छोड़ें :** अगर कोई व्यक्ति एंग्जाइटी या डिप्रैशन से जूझ रहा है तो आपकी कोशिश होनी चाहिए कि आप उसे अकेला न छोड़ें। पूरी नींद लें क्योंकि आधी-अधूरी नींद भी एंग्जाइटी का कारण बन सकती है।

**स्वस्थ आहार खाएं :** भरेपूरे और ताजे फल, सब्जियां, साबुत अनाज और फैट वाले आहार का सेवन करें। इसके अलावा अपना भोजन नियमित समय पर खाएं और पूरा खाएं, भोजन छोड़ें नहीं। इसके अलावा बाहर का भोजन, जैसे जंक फूड या तले हुए भोजन से परहेज करें।

**भोजन करने का एक समय बनाएं :** किसी भी वक्त भोजन करने की आदत है, तो फौरन इस आदत को बदलें। अनियमित समय पर भोजन करने का असर सीधा मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। एंग्जाइटी भी इन्हीं में से एक है, इसलिए किसी भी कीमत पर भोजन से समझौता न करें।

**संगीत सुनें :** संगीत स्ट्रैस को न सिर्फ कम करता है बल्कि खत्म कर देता है। संगीत से ब्लड़ प्रेशर, हार्ट रेट और तनाव दूर हो जाता है इसलिए जब भी आपको एंग्जाइटी या डिप्रैशन महसूस हो, अपनी पसंद का संगीत सुनें।

**व्यायाम अवश्य करें :** प्रतिदिन 30 मिनट कम से कम व्यायाम अवश्य करें। सुबह और शाम सैर करने की आदत बनाएं और अपनी दिनचर्या में योग को जरूर शामिल करें।

# ब्रेकफास्ट से जुड़ी ये पांच गलतियां बनती हैं बढ़ते वजन का कारण

अक्सर लोग नाश्ते में चाय व कॉफी का सेवन करते हैं। मगर अधिक मात्रा में कैफीन से भरपूर ड्रिंक का सेवन करने से डीहाइड्रेशन होने का खतरा बढ़ता है। ऐसे में इसकी जगह पर आप शेक, स्मूद, दूध या नींबू पानी का सेवन कर सकते हैं।

दिनभर काम करने के लिए शरीर को ऊर्जा की आवश्यकता होती हैं जिसके लिए अपनी दिनचर्या में ब्रेकफास्ट को शामिल करना बहुत जरूरी हैं। ब्रेकफास्ट आपके शरीर को एनर्जी प्रदान करता हैं। लेकिन इसके साथ यह जानना भी जरूरी हैं कि आप ब्रेकफास्ट के दौरान क्या ग्रहण कर रहे हैं। जी हां, ब्रेकफास्ट से जुड़ी कुछ गलतियों की वजह से आपका वजन बढ़ने लगता हैं जो कि सेहत के लिए अच्छी बात नहीं हैं। इसलिए आज हम आपको कुछ जरूरी बातों की जानकारी देने जा रहे हैं जिसे ब्रेकफास्ट के दौरान ध्यान में रखा जाना चाहिए।

## नाश्ते में कैफीन का सेवन

अक्सर लोग नाश्ते में चाय व कॉफी का सेवन करते हैं। मगर अधिक मात्रा में कैफीन से भरपूर ड्रिंक का सेवन करने से डीहाइड्रेशन होने का खतरा बढ़ता है। ऐसे में इसकी जगह पर आप शेक, स्मूद, दूध या नींबू पानी का सेवन कर सकते हैं। ये चीजें हेल्दी होने से शरीर को तंदुस्त रखने के साथ दिनभर एनर्जेटिक रखने में मदद करेगी। साथ ही इससे पेट लंबे समय तक भरा रहेगा। ऐसे में वेट भी कंट्रोल रहेगा।

## सिर्फ जूस पीना गलत



अगर आप वजन कम करने के लिए नाश्ते में सिर्फ जूस पीते हैं तो अपनी इस आदत को तुरंत हटा लें। असल में, जूस में फाइबरन होने से यह जल्दी पच जाता है। ऐसे में आपको थोड़े ही समय में दोबारा भूख लग सकती है। साथ ही पैक्ड जूस में चीनी की मात्रा अधिक व पोषक तत्वों की कमी होने से यह सेहत को नुकसान पहुंचाने का काम करते हैं। इसके जगह पर ब्रेकफास्ट में अमरूद, सेब, केला, मौसमी फल, वेजिटेबल जूस आदि शामिल करना बेस्ट ऑप्शन है। इसमें फाइबर अधिक होने से पेट लंबे समय तक भरा रहेगा। ऐसे में बीमारियों से बचाव रहने के साथ वजन कंट्रोल रखने में मदद मिलेगी। इस रिसर्च के अनुसार, 1 दिन में करीब 14 ग्राम फाइबर की मात्रा लेने के लिए 10 प्रतिशत कैलोरी की आवश्यकता होती है।

## कार्बोहाइड्रेट से भरपूर चीजें

वेट लॉस करने के लिए खाने में हमेशा लो-कार्ब चीजों का सेवन करना चाहिए। इससे शरीर में मौजूद एक्स्ट्रा पानी और चर्बी कम करने में मदद मिलती है। इसके विपरीत अधिक कार्बोहाइड्रेस से भरपूर चीजों का सेवन करने से वजन बढ़ने के साथ बीमारियों की चपेट में आने का खतरा बढ़ता है। ऐसे में खासतौर पर ब्रेकफास्ट में लो-कार्ब से भरपूर चीजों का सेवन करें।

## प्रोटीन का कम सेवन मोटापे का कारण

वजन कम करने के लिए खाने में प्रोटीन से भरपूर चीजें जरूर होनी चाहिए। असल में, प्रोटीन से पेट लंबे समय तक भरा रहता है। इससे शरीर में फैट जमा होने की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता है। साथ ही यह फूड क्रेविंग को भी करीब 60 प्रतिशत तक कम करने में मदद करता है। ऐसे में नाश्ते में अंडे, डेयरी प्रॉडक्ट्स, सूखे मेवे, सूरजमूखी के बीज, साबुत अनाज आदि चीजों को शामिल करें। इससे वजन कम करने से साथ इम्यूनिटी बढ़ने में मदद मिलती है। ऐसे में बीमारियों से बचाव रहने के साथ दिनभर एनर्जेटिक महसूस होता है।

## चीनी का सेवन

लोगों को मीठा खाना बेहद ही पसंद होता है। इससे मूड अच्छा होने के साथ दिल और दिमाग दोनों ही खुश रहते हैं। मगर अधिक मात्रा में चीनी का सेवन करने से वजन बढ़ने की परेशानी हो सकती है। इसके अलावा पेट और लिवर के पास फैट जमा होने मेटाबॉलिज्म संबंधी दिक्कतें हो सकती है। ऐसे में खुद को फिट एंड फाइन रखने के लिए नाश्ते में कम चीनी से तैयार चीजों का सेवन ना करें। अगर आप मीठा खाना ही चाहते हैं तो चीनी की जगह गुड़ को अपनी डेली डाइट में शामिल करें। इससे आपकी शुगर क्रेविंग कम होने के साथ स्वस्थ रहने में मदद मिलेगी। साथ ही वजन बढ़ने की कोई परेशानी भी नहीं होगी।



# आहार में इन चीजों को शामिल कर हड्डियों को बनाए मजबूत

**वर्तमान** समय का आहार और दिनचर्या कुछ ऐसी हो गई है कि शरीर को पूरा पोषण नहीं मिल पाता हैं और सेहत से जुड़ी कई परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। खासतौर से शाकाहारी भोजन करने वाले लोगों को ज्यादा दिक्कतें आती हैं। कमजोर हड्डियां वर्तमान में बड़ी परेशानी बन रही हैं जिसके चलते बार-बार फ्रेक्चर और दर्द की समस्या पनपती हैं। ऐसे में आपको अपने आहार में ऐसी चीजों को शामिल करने की जरूरत होती हैं जो आपकी हड्डियों को मजबूती प्रदान करें।

## कैल्शियम

हड्डियों को मजबूत करने के लिए सबसे जरूरी है कैल्शियम। सालमन मछली, डेयरी उत्पाद, बादाम, शलजम, बादाम और चीज ऑमलेट द्वारा ये प्राप्त किया जा सकता है। इसके लिए सुबह नाश्ते में दही में बादाम और अंजीर मिलाकर खाए जा सकते हैं। हड्डियों तक कैल्शियम को विटामिन-डी पहुंचाता है। इसके लिए दूध-दही, अंडे का पीला भाग, अंकुरित अनाज और संतरे का जूस आदि का सेवन किया जा सकता है। धूप लेने से विटामिन-डी प्राप्त होता है, जिससे हड्डियां मजबूत रहती है। इसलिए रोजाना धूप लेनी चाहिए।

## पोटेशियम

पोटेशियम के स्तर में कमी लाने वाले एसिड को निष्क्रिय करता है। इसके लिए आप आलू, पालक, केला, मशरूम, नारियल पानी समेत खट्टे फल खा सकते हैं। इससे आपके शरीर को पोटेशियम मिल सकेगा। इसके अलावा हड्डियों के लिए प्रोटीन भी काफी जरूरी होता है। इसके लिए आप अंकुरित अनाज, दाल, अंड़ा, कलेजी, पालक आदि खा सकते हैं। इनके सेवन से आपको प्रोटीन की कमी नहीं होगी और आपकी हड्डियों को मजबूत रहने में मदद मिल सकती है।



## मैग्नीशियम

अगर शरीर में मैग्नीशियम की कमी हो, तो हड्डियों में क्षरण की समस्या हो सकती है। इसको दूर करने के लिए आप बादाम, नाशपाती, हरी सब्जियां, दाल, अंकुरित अनाज का सेवन कर सकते हैं। इसके अलावा विटामिन-सी भी हमारे शरीर के लिए जरूरी होता है। ये कोलाजोन को मजबूती देने वाले कनेक्टिव ऊतकों के विकास में योगदान देता है। इसके लिए आप नींबू, टमाटर, मौसमी, आंवला, संतरा, कीवी, ब्रोकली और अमरूद का सेवन कर सकते हैं।

## ओमेगा-3

हड्डियों को मजबूत बनाने में ओमेगा-3 फैटी एसिड भी काफी अहम होता है। इसके लिए आप अखरोट, सोया उत्पाद, अलसी का सेवन कर सकते हैं। इसके अलावा विटामिन-के हमारे शरीर में ऑस्टियोकैलसिन नाम के प्रोटीन के उत्पादन की क्षमता बढ़ाता है। इसके लिए आप ब्रोकली, परवल, अंड़ा, पालक व हरी सब्जियां, पत्तागोभी और भिंडी खा सकते हैं। ऐसा करने से आपकी हड्डियों को मजबूत होने में काफी मदद मिल सकती है।